

अपनों से कभी गुस्से में मत बोलो, और अपने कभी गुस्से में बोलें तो उसे कभी भी दिल पर मत लो, क्योंकि अपने तो अपने ही होते हैं।

दैनिक अर्थ प्रकाश — खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

सुबल वाणी

खोई हुई दौलत, भूली हुई विद्या और खोया हुआ स्वास्थ्य फिर भी लौट सकता है पर खोया हुआ समय फिर कभी भी नहीं लौटता

वर्ष 40 | चंडीगढ़, शनिवार, 05 जुलाई, 2025 | अषाढ़ शुक्ल पक्ष: दशमी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 184 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12


## न्यूज़ ब्रीफ

### दलाई लामा के संबंध में भारत का टिप्पणी करने से इंकार

**नई दिल्ली (अप्रस)।** तिब्बत के आध्यात्मिक नेता दलाई लामा के हाल के बयान के संदर्भ में भारत ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि वह आस्था और धर्म की मान्यताओं तथा प्रथाओं से संबंधित मामलों पर कोई रुख नहीं अपनाता है और न ही टिप्पणी करता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दलाई लामा के अपने उत्तराधिकारी से संबंधित बयान के बारे में मीडिया के सवालों के जवाब में कहा , हमने दलाई लामा संस्था की निरंतरता के बारे में दलाई लामा द्वारा दिए गए बयान से संबंधित रिपोर्ट देखी हैं। भारत सरकार आस्था और धर्म की मान्यताओं तथा प्रथाओं से संबंधित मामलों पर कोई रुख नहीं अपनाती है और न ही बोलती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने हमेशा भारत में सभी के लिए धर्म की स्वतंत्रता को बरकरार रखा है और वह ऐसा करना जारी रखेगी। उल्लेखनीय है कि दलाई लामा ने कहा था कि उनके उत्तराधिकारी का फैसला उनका कार्यालय करेगा। इस पर चीन ने कड़ा ऐतराज जताते हुए प्रतिक्रिया व्यक्त की थी अगले दलाई लामा के बारे में निर्णय चीन ही करेगा। सरकार की प्रतिक्रिया इस मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू की टिप्पणी पर चीन की आपत्ति के बाद आयी है।






# सरकारी कर्मचारियों के लिए सरकार का तोहफा! पेंशन को लेकर बड़ा एलान, 23 लाख लोगों को होगा फायदा

## एनपीएस के तहत एक विकल्प है यूपीएस, 19 मार्च को नियमावली जारी की गई थी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की ओर से सरकारी कर्मचारियों के लिए पेश की गई एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) में भी राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) जैसे कर लाभ मिलेंगे। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के लिए पारदर्शी, लचीले और कर-कुशल विकल्पों के माध्यम से सेवानिवृत्ति सुरक्षा को मजबूत करने के सरकार के प्रयासों का एक महत्वपूर्ण कदम है।

मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि एनपीएस के तहत उपलब्ध कर लाभ यूपीएस पर भी लागू होंगे, क्योंकि यह एनपीएस के तहत एक विकल्प है। ये प्रविधान मौजूदा एनपीएस संरचना के साथ समानता सुनिश्चित करते हैं और यूपीएस का विकल्प चुनने वाले कर्मचारियों को महत्वपूर्ण कर राहत व प्रोत्साहन प्रदान करते हैं।

**एनपीएस के तहत एक विकल्प के रूप में यूपीएस:** वित्त मंत्रालय ने 24 जनवरी 2025 को यूपीएस को एनपीएस के तहत एक विकल्प के रूप में पेश किया। यह एक अप्रैल, 2025 से केंद्रीय सरकारी सिविल सेवा में भर्ती होने वाले कर्मचारियों के लिए लागू होगी। यूपीएस को लागू करने के लिए पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने गत 19 मार्च को एक नियमावली जारी की थी।

यूपीएस उन केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों पर लागू होगी, जो एनपीएस में शामिल हैं और इस विकल्प को चुनते हैं। करीब 23 लाख सरकारी कर्मचारी यूपीएस का विकल्प चुन सकते हैं। हाल ही में सरकार ने कर्मचारियों को यूपीएस का विकल्प चुनने की समयसीमा को तीन महीने के लिए बढ़ाकर 30 सितंबर तक कर दिया था।

# ऑपरेशन सिंदूर में 3 दुश्मनों से लड़े: डिप्टी आर्मी चीफ

पाकिस्तान को चीन ने हथियार और लाइव डेटा दिया, तुर्किए ने ड्रोन मुहैया कराए

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली।** डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने शुक्रवार को बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के वक्त बॉर्डर एक और दुश्मन तीन थे। पाकिस्तान मोर्चे पर था। चीन और तुर्किए हथियार और बाकी दूसरे सपोर्ट मुहैया करा रहे थे।

उन्होंने बताया, चीन ने पाकिस्तान को हथियार दिए और हमें हथियारों की टेस्टिंग के लिए लैब की तरह इस्तेमाल किया। चीन हमारे हर रणनीतिक कदम की लाइव अपडेट पाकिस्तान के साथ शेयर कर रहा था। तुर्किये ने बैरेक्टर समेत दूसरे ड्रोन दिए। इनका इस्तेमाल हमारे खिलाफ भी किया गया।

लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने यह बात नई दिल्ली में फिक्की के 'न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजीस' इवेंट में बताई। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर ने हमें कई महत्वपूर्ण सबक सिखाए। यह एक ऐसा संघर्ष था, जिसने मॉडर्न वॉरफेयर की कठिनाइयों को उजागर किया। इसलिए अब हमें और मजबूत एयर डिफेंस चाहिए।

पूरे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयर डिफेंस और उसका ऑपरेशन कैसे हुआ, यह बेहद अहम था। इस बार, हमारे पॉपुलेशन सेंटर पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन अगली बार, हमें इसके लिए तैयार रहना होगा। और इसके लिए ज्यादा से ज्यादा एयर डिफेंस सिस्टम, काउंटर-रॉकेट आर्टिलरी ड्रोन जैसे सिस्टम तैयार करने होंगे। हमें बहुत तेजी से आगे बढ़ना होगा।

हम इजराइल को देख रहे हैं। उनके पास आयरन डोम हैं। दूसरे एयर डिफेंस सिस्टम हैं। हमारे पास वैसी सुविधाएं नहीं है क्योंकि हमारा देश विशाल है। और ऐसी चीजों पर बहुत पैसा खर्च होता है। इसलिए हमें फिर से अपनी तैयारी और सुरक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है।



### इन 5 हथियारों के दम पर आंखें दिखाता है पाकिस्तान, सभी चीन से मिले

1 मई को तिल्ला फील्ड फायरिंग रेंज पहुंचे पाक आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने टैंक पर खड़े होकर कहा- भारत की किसी भी सैन्य हिमाकत का तुरंत और उससे भी बड़ा जवाब दिया जाएगा। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने भी कहा था कि उनके पास पुख्ता खुफिया जानकारी है कि भारत कुछ दिनों में हमला करेगा। ऐसे किसी भी दुस्साहस का हर हाल में जोरदार जवाब दिया जाएगा।

### लेफ्टिनेंट जनरल बोले- पिछले युद्धों की तरह दर्द बर्दाश्त नहीं कर सकते थे

लीडरशिप का संदेश साफ था। जिस तरह से हमने कुछ साल पहले बर्दाश्त किया, उस तरह से दर्द को सहने की कोई गुंजाइश नहीं थी। टारगेट की प्लानिंग और सिलेक्शन बहुत सारे डेटा पर बेस्ड था। इसलिए कुल 21 टारगेट की पहचान की गई, जिनमें से 9 को निशाना बनाना समझदारी समझी गई। लास्ट मोमेंट पर इन नौ लक्ष्यों पर निशाना लगाने का फैसला लिया गया।

### पहलगाम हमले का जवाब था ऑपरेशन सिंदूर

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। आतंकियों ने 26 टूरिस्ट्स की हत्या की थी। 7 मई को भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (PoK) और पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था। दोनों देशों के बीच 10 मई की शाम 5 बजे से सीजफायर पर सहमति बनी थी।

# एसएसपी दफ्तर को रिश्वत देने की कोशिश के आरोप में डीएसपी फरीदकोट राजपाल गिरफ्तार

अपने ख़िलाफ़ दायर शिकायत के निपटारे के लिए एसएसपी दफ़्तर को 1 लाख रुपए रिश्वत देना चाहता था दोषी डीएसपी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़/ फरीदकोट।** पंजाब सरकार की भ्रष्टाचार के विरुद्ध ज़ीरो - सहनशीलता नीति की दृढ़ता से पालना करते हुये डिप्टी सुपरडैंट ऑफ पुलिस (डीएसपी) क्राइम अगेंस्ट वूमैन (सी. ए. डब्ल्यू.) फरीदकोट राजपाल को सीनियर सुपरडैंट आफ पुलिस (एसएसपी) फरीदकोट दफ़्तर को रिश्वत देने की कोशिश के दोष के अंतर्गत निलंबित कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले, एसएसपी फरीदकोट को डीएसपी राजपाल के विरुद्ध शिकायत मिली थी, जिसमें पीड़ित पक्ष ने उस पर विवाह सम्बन्धी झगड़े को सुलझाने के लिए पैसे लेने का दोष लगाया था और डीएसपी के विरुद्ध कार्यवाही की माँग की थी।

इस सम्बन्धी विवरण सांझे करते हुये पंजाब पुलिस के प्रवक्ता ने कहा कि दोषी डीएसपी राजपाल ने अपने विरुद्ध दर्ज शिकायत का निपटारा करने के लिए एसएसपी दफ़्तर को 1 लाख रुपए की रिश्वत देने की कोशिश की।

प्रवक्ता ने कहा कि फरीदकोट पुलिस ने दोषी डीएसपी के विरुद्ध तुरंत और सख़्त कार्यवाही करते हुए आपराधिक मामला दर्ज करके उसको गिरफ़्तार कर लिया है। प्रवक्ता ने आगे कहा कि दोषी अधिकारी के विरुद्ध पंजाब सिविल सेवा नियमों के अनुसार सख़्त विभागीय कार्यवाही शुरू की जायेगी।

प्रवक्ता ने कहा, ''पंजाब सरकार पुलिस फोर्स में इमानदारी और जवाबदेही के उच्च मानकों को बनाई रखने के लिए वचनबद्ध है। भ्रष्ट अभ्यासों में शामिल पाये जाने वाले किसी भी अधिकारी के विरुद्ध सख़्त कानूनी और अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी''।

इस सम्बन्ध में पुलिस थाना सिटी फरीदकोट में भ्रष्टाचार रोकथाम कानून की धारा 7 और 8 के अंतर्गत एफआईआर नंबर 289 तारीख़ 04/ 07/ 2025 को केस दर्ज किया गया है।

# एनटीए ने जारी किया 10 लाख से ज्यादा छात्रों के लिए सीयूईटी-यूजी का रिजल्ट

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली, 4 जुलाई।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी-यूजी) 2025 के नतीजे घोषित कर दिए हैं। यह परीक्षा 13 मई से 4 जून 2025 के बीच कंप्यूटर आधारित मोड में आयोजित की गई थी। सीयूईटी-यूजी परीक्षा के जरिए छात्र देशभर के केंद्रीय विश्वविद्यालयों, राज्य, डीम्ड और निजी विश्वविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन करते हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के अनुसार, इस वर्ष कुल 13,54,699 छात्रों ने इन परीक्षाओं के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था। रजिस्ट्रेशन करवाने वाले कुल छात्रों में से 10,71,735 छात्र परीक्षा में शामिल हुए, जिनका परिणाम 4 जुलाई को घोषित किया गया है। वहीं बीते वर्ष 11,13,610 छात्र इस परीक्षा में शामिल हुए थे। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के मुताबिक देशभर के 300 शहरों में यह परीक्षा आयोजित की गई थी। वहीं भारत के बाहर 15 शहर जैसे की दुबई, सिंगापुर, काठमांडू, कुवैत व वॉशिंगटन आदि शहरों में भी यह परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षाओं के कुल 37 विषय थे और ये परीक्षाएं 13 भाषाएं में आयोजित करवाई गई थीं।

# हिमाचल और उत्तराखंड में बारिश का कहर दो हफ्ते में 45 लोगों की मौत, कई लापता

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली।** देश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश ने कहर बरपाया है और पिछले दो सप्ताह में हिमाचल प्रदेश में 43 लोगों की मौत हो गई, जबकि 37 अन्य लोग लापता हैं। वहीं, बृहस्पतिवार को उत्तराखंड के भीमताल में एक उफनती झील में भारतीय वायुसेना के दो कर्मी डूब गए।

ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर के निवासियों को शुक्रवार को भी कई निचले इलाकों में जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ा। जल निकासी व्यवस्था ठप होने के कारण भुवनेश्वर नगर निगम (बीएमसी) को बारिश का पानी निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

हिमाचल प्रदेश में मानसून ने 20 जून को दस्तक दी तथा बादल फटने, अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण राज्य को अब तक 5,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है।

राज्य में जान गंवाने वाले 43 लोगों में से 14 की मौत बादल फटने से, आठ की अचानक आई बाढ़ में और एक की मौत भूस्खलन में हुई, जबकि सात लोगों की डूबने मौत हुई। सबसे अधिक 17 मौतें मंडी जिले में हुई, जहां मंगलवार को बादल फटने, अचानक आई बाढ़ तथा भूस्खलन की कुल 10 घटनाओं ने तबाही मचाई।

अधिकारियों ने बताया कि मंडी जिले से लापता 31 लोगों की तलाश अब भी जारी है।

शुक्रवार को राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के जवानों ने भारी बारिश के बाद भारद, देजी, पयाला और रुकचुई गांवों में फंसे 65 लोगों को बचाया। भारी बारिश के बाद भूस्खलन से सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई और नदियां उफान पर हैं, जिससे कई गांवों का सड़क संपर्क कट गया और लोगों के घरों और खेतों में गाद व मलबा जमा हो गया।

भारी बारिश के कारण 150 से अधिक मकान, 106 पशुशालाएं, 31 वाहन, 14 पुल और कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जबकि विभिन्न आपदाओं में 164 मवेशियों की जान चली गई। बचाये गए 402 लोगों के लिए पांच राहत शिविर बनाए गए हैं, जिनमें से 348 अकेले मंडी से हैं।

राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (एसईओसी) ने कहा कि मंडी में 156, सिरमौर में 49 और कुल्लू जिलों में 36 सहित 280 सड़कें वाहनों के आवागमन के लिए बंद हो गई हैं। इसने कहा कि राज्य में 332 ट्रांसफार्मर और 784 जलापूर्ति योजनाएं प्रभावित हुई हैं।

स्थानीय मौसम विभाग ने 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है, जिसमें शनिवार से मंगलवार तक राज्य के अलग-अलग हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।

अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि एक अन्य पर्वतीय राज्य उत्तराखंड में भारी बारिश के बीच भीमताल में एक उफनती झील में भारतीय वायुसेना के दो कर्मी डूब गए।

क्षेत्राधिकारी प्रमोद शाह ने बताया कि पठानकोट (पंजाब) के रहने वाले प्रिंस यादव (22) और बिहार के मुजफ्फरपुर निवासी साहिल कुमार (23) वायुसेना के उस आठ कर्मियों के समूह में शामिल थे जो नैनीताल में छुट्टियां मनाने गया था। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने पुलिस के साथ मिलकर बचाव अभियान चलाया तथा करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद यादव और कुमार के शवों को झील से बाहर निकाल लिया गया।

राज्य में हो रही भारी बारिश ने जनजीवन को प्रभावित किया है और राज्य भर में सौ से अधिक सड़कें बंद हो गई हैं जिससे चारधाम यात्रा बाधित हुई है और उत्तरकाशी जिले के कुछ गांवों में खाद्यान्न की कमी हो गई है।

### बादल फटने से तबाह मंडी नहीं पहुंची सांसद कंगना रनोट, जयराम ठाकुर के बयान पर बोलीं- इन्होंने ही रोका



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मंडी में बादल फटने से मची तबाही के बावजूद यहां की बीजेपी सांसद कंगना रनोट लोकसभा क्षेत्र में नहीं पहुंची। इसको लेकर कंगना रनोट की ट्रोलिंग भी हो रही है। वहीं दूसरी तरफ कंगना अब हिमाचल में भाजपा के विधायक दल नेता और पूर्व सीएम जयराम ठाकुर से ही भिड़ गईं। दरअसल, कंगना के दौरा न करने को लेकर जयराम ठाकुर ने कहा था कि जिनको चिंता नहीं, उनके बारे में कुछ नहीं कहना चाहता। इसके बाद कंगना रनोट ने सोशल मीडिया पर कहा कि जयराम ठाकुर ने ही उन्हें मंडी आने से रोका था। हालांकि इसके बाद ठाकुर की इसको लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। मंडी का मामला इसलिए ज्यादा चिंताजनक है क्योंकि कुल्लू और मंडी जिले में बादल फटने से भारी तबाही हुई है। इसमें 16 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 35 लोग अब भी लापता हैं। उधर, हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने भी कंगना-जयराम को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में तंज कसा। उन्होंने कहा कि कंगना रनोट को जल्दी जयराम ठाकुर से बात करनी चाहिए। उन्हें (जयराम) बहुत गुस्सा आ रहा है।




# पंजाब जैसे कृषि प्रधान राज्यों को लाभ पहुंचाने के लिए जीएसटी प्रणाली में सुधार की आवश्यकता : चीमा

- वित्त मंत्री ने जीएसटी प्रणाली में ढांचागत बदलावों की मांग की
- खरीद कर और बुनियादी ढांचा विकास शुल्क जीएसटी में समाहित होने से पंजाब की अर्थव्यवस्था गंभीर रूप से प्रभावित
- जीएसटी लागू होने के बाद वैट प्रणाली की तुलना में 1 जुलाई 2022 से अब तक पंजाब को 47,037 करोड़ रुपये का वित्तीय घाटा



अर्थ प्रकाश/अक्षित जैन

**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** नई दिल्ली में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से राजस्व विश्लेषण के संबंध में मंत्रियों के समूह की पहली बैठक के दौरान, 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू होने के बाद पंजाब के राजस्व की व्यापक जानकारी प्रस्तुत करते हुए, पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने जीएसटी प्रणाली में ढांचागत सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया और राजस्व बढ़ाने के लिए नीतिगत सिफारिशें प्रस्तुत कीं। इन सिफारिशों में जीएसटी ढांचे के तहत अनाज को शामिल करना, इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर को घटाना या रद्द करना और ई-वे बिल जनरेशन और ई-इनवॉइसिंग को अनिवार्य बनाना शामिल हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि डेटा विश्लेषण, कर चोरी और अनुपालन के मामलों का पता लगाने के लिए ऐसा एकीकृत प्लेटफार्म विकसित किया जाए जो सभी राज्यों और केंद्रीय कर प्राधिकरणों के लिए सुलभ हो।

जीएसटी लागू होने के बाद विभिन्न करों के इसमें समाहित हो जाने से पंजाब को हुए महत्वपूर्ण वित्तीय घाटे का उल्लेख करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि एक कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था के रूप में पंजाब अनाज (गेहूं और चावल) की बिक्री पर खरीद कर और बुनियादी ढांचा विकास शुल्क (आईडी शुल्क) पर अत्यधिक निर्भर था। वर्ष 2015-16 में इन करों से 3,094 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे, जो राज्य के कुल कर राजस्व का 16.55त्न थे। इन करों के जीएसटी में शामिल हो जाने के परिणामस्वरूप राज्य को स्थायी राजस्व हानि हुई। उन्होंने केंद्रीय बिक्री कर (सीएसटी) के समाप्त हो जाने से हुए नुकसान की भी ओर ध्यान दिलाया, जिसने वर्ष 2015-16 में पंजाब के राजस्व में 568 करोड़ रुपये का योगदान दिया था।

इसके अलावा, वित्त मंत्री चीमा ने कहा कि वैट प्रणाली के दौरान पंजाब की कर प्राप्तियां जीएसटी प्रणाली की तुलना में कहीं अधिक थीं। उन्होंने जुलाई 2017 से पंजाब के जीएसटी राजस्व की वृद्धि दर, अनुमानित 14 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर से लगातार कम रहने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यदि जीएसटी लागू नहीं होता, तो पंजाब की राजस्व स्थिति 10 प्रतिशत सीएजीआर वृद्धि दर के साथ और बेहतर होती। उन्होंने बताया कि जीएसटी प्रणाली लागू होने के कारण 1 जुलाई 2022 से अब तक पंजाब को 47,037 करोड़ रुपये के वित्तीय घाटे का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि कृषि आधारित राज्यों जैसे पंजाब को अनाज पर खरीद कर के समाप्त होने से हुए स्थायी वित्तीय नुकसान की भरपाई मुआवजे के माध्यम से की जानी चाहिए। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि पंजाब के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र, जैसे कृषि उपकरण, साइकिल और साइकिल पार्ट्स, और हौजरी उत्पाद, उच्च कुल कारोबार दिखाते हैं लेकिन जीएसटी राजस्व में अनुपातिक वृद्धि नहीं दिखाते। इसका मुख्य कारण यह है कि जीएसटी एक गंतव्य आधारित उपभोग कर है, जिसके कारण आईजीएसटी देनदारी के मुकाबले एसजीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट की व्यवस्था के माध्यम से पंजाब से राजस्व बाहर चला जाता है। इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर को कम करने या समाप्त करने के लिए नीतिगत हस्तक्षेप की मांग करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि इसके कारण राज्य को भारी रिफंड देना पड़ता है जबकि नकद कर प्राप्तियां कम हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर और निर्यात के कारण पंजाब हर साल लगभग 1,200 करोड़ रुपये का रिफंड करता है, जिससे राजस्व प्रभावित होता है।

### पंजीकरण से पहले जोखिम प्रोफाइलिंग के आधार पर अनिवार्य बायोमेट्रिक सत्यापन की भी सिफारिश की

उन्होंने जी एस टी आर 3बी फॉर्म में आई टी सी दावों को स्वचालित करने और जी एस टी आर -2बी में उपलब्ध राशि तक दावों को सीमित करने का भी प्रस्ताव रखा ताकि धोखाधड़ी वाले दावों को रोका जा सके। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने केंद्रीय और राज्य कर प्राधिकरणों दोनों के लिए विभिन्न सरकारी पोर्टलों से डेटा एकत्र करने के लिए एक एकीकृत ए आई आधारित प्लेटफॉर्म के विकास और पंजीकरण से पहले जोखिम प्रोफाइलिंग के आधार पर अनिवार्य बायोमेट्रिक सत्यापन की भी सिफारिश की। उन्होंने अपने वक्तव्य का समापन यह कहते हुए किया कि पंजाब, वित्तीय प्राप्तियों को बढ़ाने के लिए भरसक प्रयास कर रहा है, लेकिन लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने राज्य की भूमि से घिरे होने और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था के कारण बने हुए वित्तीय घाटे की पूर्ति के लिए अनाज को जीएसटी ढांचे में शामिल करने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया।

# डॉ. बलजीत कौर के हस्तक्षेप से नाबालिग लड़की का जबरन विवाह रोका गया, शहीद भगत सिंह नगर की टीम ने की कार्रवाई

- मंत्री की अपील-बाल विवाह की कुप्रथा को समाप्त करने के लिए सरकार का साथ दें

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उस समय उठाया गया जब सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर के तत्काल हस्तक्षेप से शहीद भगत सिंह नगर में 15 वर्षीय नाबालिग लड़की का विवाह रुकवा दिया गया।

इस संबंधी ओर जानकारी देते हुए बताया कि यह मामला तब सामने आया जब नाबालिग लड़की ने साहस दिखाते हुए 112 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करके अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए डी.एस.पी. (बच्चों और महिलाओं के विरुद्ध अपराध) ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इस मामले को जिला बाल सुरक्षा इकाई के ध्यान में लाया।

डॉ बलजीत कौर ने बताया कि मामले की जांच के दौरान पता चला



कि लड़की के माता-पिता उसकी पढ़ाई में रुचि न होने और सामाजिक दबाव के चलते 15 वर्ष की उम्र में विवाह करना चाहते थे। उन्होंने कहा कि सामाजिक दबाव और परिवारिक मान सम्मान के कारण वह इस कदम की तरफ बढ़ रहे थे।

डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि जिला बाल सुरक्षा अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, एस.एच.ओ. और सब-डिवीजनल मजिस्ट्रेट की संयुक्त टीम ने तुरंत हस्तक्षेप करते हुए विवाह को रुकवा दिया।

इस दौरान दोनों परिवारों को यह स्पष्ट रूप से समझाया गया कि बाल विवाह एक गंभीर अपराध है। पंचायत के सरपंच की उपस्थिति में दोनों परिवारों द्वारा लिखित सहमति दी गई कि वे यह विवाह रद्द कर रहे हैं।

डॉ. बलजीत कौर ने टीम की त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि यह मामला बच्चों की सुरक्षा के प्रति पंजाब सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का स्पष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार राज्य की प्रत्येक बेटी के लिए एक सुरक्षित और सशक्त वातावरण बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

उन्होंने बताया कि लड़की को बाल कल्याण कमेटी के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसने विवाह के दोबारा होने की आशंका को देखते हुए लड़की को तत्काल जालंधर के बाल गृह भेजने के आदेश दिए। डॉ. बलजीत कौर ने आगे बताया कि बाद में लड़की की उसके परिवार में वापसी करवा दी गई, लेकिन उसकी औपचारिक पढ़ाई में रुचि न होने के कारण उसे कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए दाखिला दिलवाया गया है।

डॉ. बलजीत कौर ने सामाजिक सेवा संस्थाओं, गांवों के सरपंचों/पंचों और आम जनता से अपील की कि वे ऐसे बाल विवाह की सूचना तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर दें, ताकि राज्य को बाल विवाह मुक्त बनाया जा सके। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

# युद्ध नशों विरुद्ध के125वें दिन 2.3 किलो हेरोइन सहित 101 नशा तस्कर काबू

- नशा छुड़ाने के हिस्से के तौर पर पंजाब पुलिस ने 49 व्यक्तियों को नशा छुड़ाओ इलाज के लिए किया राज़ी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों अनुसार राज्य में से नशों के मुकम्मल ख़ात्मे के लिए शुरू की नशों विरुद्ध मुहिम 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 125वें दिन पंजाब पुलिस ने 101 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके कब्ज़े में से 2.3 किलो हेरोइन, 520 ग्राम अफ़ीम और 8270 रुपए की ड्रग मनी बरामद की है। इससे केवल 125 दिनों में गिरफ़्तार किये गए कुल नशा तस्करों की संख्या अब 20,410 हो गई है। यह कार्यवाही डायरैक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव के निर्देशों पर राज्य के सभी 28 पुलिस जिलों में एक ही समय की गई।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और सीनियर पुलिस सुपरडैंट को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के लिए कहा है। पंजाब सरकार ने नशों के विरुद्ध जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा के नेतृत्व में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब कमेटी का गठन भी किया है। इस सम्बन्धी विवरण सांझे करते हुये विशेष डीजीपी कानून और व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने बताया कि 79 गज़टिड अधिकारियों की निगरानी अधीन 1200 से अधिक पुलिस मुलाजिमों की गिनती वाली 180 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्य भर में 392 स्थानों पर छापेमारी की है और इस दौरान राज्य भर में 79 एफआईआर्ज़ दर्ज की गई हैं। उन्होंने आगे कहा कि दिन भर चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 417 शक्की व्यक्तियों की भी जांच की।विशेष डीजीपी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राज्य में से नशों के मुकम्मल ख़ात्मे के लिए तीन-आयामी रणनीति - इनफोरसमैंट, डी-एडिकशन और प्रीवेन्शन ( ईडीपी) - लागू करने से पंजाब पुलिस ने नशा छुड़ाने के हिस्से के तौर पर आज 49 व्यक्तियों को नशा छुड़ाओ और पुनर्वास इलाज करवाने के लिए राज़ी किया है।

# अमृतसर में 1.15 किलो हेरोइन, 5 आधुनिक हथियारों व 9.7 लाख रुपए की ड्रग मनी सहित नौ काबू

- इस मामले के अगले-पिछले संबंधों का पता लगाने के लिए आगे जांच जारी: डीजीपी गौरव यादव
- आने वाले दिनों में और गिरफ़्तारियाँ और बरामदगियां होने की संभावना: गुरप्रीत भुल्लर



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर, 4 जुलाई।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों पर चल रही राज्यव्यापी 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम के तहत पंजाब पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने दो अलग-अलग माड्यूलों ङ्क अंतरराष्ट्रीय नार्को-आर्म्स गिरोह और अंतर-राज्यीय नार्को-हवाला सिंडिकेट ङ्क से जुड़े 9 आरोपियों को गिरफ़्तार किया है। इनके कब्ज़े से 1.15 किलो हेरोइन, 5 अत्याधुनिक पिस्तौलें और 9.7 लाख रुपए की ड्रग मनी बरामद की गई है। यह जानकारी पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने दी। गिरफ़्तार किए गए आरोपियों की पहचान जसप्रीत सिंह उर्फ कालू (बरनाला), हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी (गुरदासपुर), तेजबीर सिंह उर्फ तेजी (तरनतारन), दानिश उर्फ गग्गू और सलौनी (अमृतसर), जोबनप्रीत सिंह (अमृतसर), कुलविंदर सिंह (लुधियाना), अब्दुल रहमान और प्रदीप पिंटू (दोनों कर्नाटक निवासी) के रूप में हुई है।

अमृतसर के पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर अमृतसर में एक बड़े नार्को-आर्म्स नेटवर्क का भंडाफोड़ किया गया। इसमें शामिल तीन आरोपियों ङ्क जसप्रीत, हरप्रीत और तेजबीर ङ्क को गिरफ्तार कर उनके पास से तीन 9 एमएम ग्लॉक पिस्तौल, दो .30 बोर की चीनी पिस्तौलें और कारतूस बरामद किए गए। जांच में पता चला है कि जसप्रीत और हरप्रीत हाल ही में मलेशिया से लौटे थे और मलेशिया व पाकिस्तान में अपने हैंडलरों के संपर्क में थे। हथियार और ड्रग्स की ये खेप अमृतसर में आपराधिक गतिविधियों के लिए सप्लाई की जा रही थी। इस मामले में एफआईआर नंबर 106, दिनांक 2 जुलाई 2025, थाना सदर में एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज की गई है।

सीपी भुल्लर ने बताया कि दूसरे ऑपरेशन में पुलिस ने दिल्ली, कर्नाटक और दुबई से जुड़े अंतर-राज्यीय हवाला नैटवर्क पर कार्रवाई करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ़्तार किया। इनके पास से 150 ग्राम हेरोइन और 9.7 लाख रुपये की ड्रग मनी जब्त की गई। इस सिंडिकेट के दो मुख्य आरोपी अब्दुल रहमान और प्रदीप पिंटू, हवाला चैनलों के जरिए ड्रग्स से कमाई गई रकम दुबई भेजते थे। दोनों एक संगठित हवाला नेटवर्क का हिस्सा हैं। इस मामले में एफआईआर नंबर 191, दिनांक 27 जून 2025 को थाना इस्लामाबाद में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 21-बी, 29 और 27-ए के तहत मामला दर्ज किया गया है। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि पुलिस पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ रही है और आने वाले दिनों में और भी गिरफ्तारियां और बरामदगियां संभव हैं। पंजाब पुलिस की यह कार्रवाई राज्य में नशा तस्करी के खिलाफ चल रही लड़ाई में एक अहम कदम मानी जा रही है।

# संजीव अरोड़ा ने उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन और प्रवासी भारतीय मामलों के मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** संजीव अरोड़ा ने शुक्रवार को पंजाब सिविल सचिवालय, चंडीगढ़ में पंजाब के उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन तथा प्रवासी भारतीय मामलों के मंत्री के रूप में कार्यभार संभाल लिया। इस अवसर पर उनके परिवार के सदस्य भी उनके साथ उपस्थित थे।

कार्यभार ग्रहण करने के बाद श्री संजीव अरोड़ा ने कहा कि वे अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा, लगन और ईमानदारी के साथ निभाएंगे और पंजाब के विकास व राज्यवासियों की भलाई के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

इस अवसर पर पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. बलबीर सिंह, हरदीप सिंह मुंडियां, डॉ. बलजीत कौर, गुरमीत सिंह खुड़ियां, लालजीत सिंह भुल्लर, विधायक रुपिंदर सिंह हैप्पी, जसवंत सिंह गज्जण माजरा, नरेंद्र कौर भराज, प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी कमल किशोर यादव (आईएएस), अमित ढाका (आईएएस), सुरभि मलिक (आईएएस), सेनू दुग्गल (आईएएस), एएस राय (आईपीएस), राज्य सूचना आयुक्त हरप्रीत संधू और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने संजीव अरोड़ा का स्वागत किया और उन्हें बधाई दीं।

**पंजाब में पहली बार करवाई जा रही बिज़नस ब्लास्ट एक्सपो के दौरान सरकारी स्कूलों के नौजवान उद्यमी निवेशकों के सामने अपने नवीनतम उत्पाद करेंगे पेश**

# पंजाब सरकार आज आईआईटी रोपड़ में बिजनस ब्लास्टर एक्सपो की मेज़बानी करेगी : हरजोत बैंस

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** पंजाब के स्कूल शिक्षा मंत्री स. हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि राज्य के नौजवानों में उद्यमिता को उत्साहित करने के लिए पंजाब सरकार द्वारा आई. आई. टी. रोपड़ में पहली बार बिज़नस ब्लास्टर्स एक्सपो करवाई जा रही है, जहाँ सरकारी स्कूलों के 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थी रोमांचक शार्क टैंक-शैली जैसे सैशनों में हिस्सा लेंगे और प्रसिद्ध निवेशकों, उद्यमियों और इनक्यूबेटरों के एक विशेष पैनल के आगे अपने नवीन उद्यमों का प्रदर्शन करेंगे।



आज शाम पंजाब भवन में एक प्रैस कान्फ्रेंस को संबोधन करते हुये स. हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि यह एक्सपो बड़े स्तर पर विद्यार्थी उद्यमों के लिए फंडिंग, इंक्यूबेशन और औद्योगिक हिस्सेदारी को यकीनी बनाऐगा और साथ ही स्कूल-आधारित उद्यमिता के समर्थन के लिए भाईवालों को प्रेरित करेगा।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि कल (शनिवार) को एक्सपो में लगभग 40 टीमें अपने उत्पाद पेश करेंगी। सरकारी स्कूलों के 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की टीमों द्वारा 18,492 बिज़नस आईडिया विकसित किये गए हैं। राज्य सरकार द्वारा अध्यापकों और माहिर सलाहकारों के नेतृत्व अधीन अपने बिजनस आईडिया को विकसित और लांच करने के लिए 7000 से अधिक टीमों को 16-16 हज़ार रुपए की सीड फंडिंग प्रदान की है। एक्सपो का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के उत्पादों के लिए बाज़ार के मौकों की पहचान करना और राजस्व और लाभ कमाने के लिए उनको असली ग्राहकों के साथ जोड़ना है।

उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की बिज़नस ब्लास्टर पहलकदमी के द्वारा विद्यार्थियों को व्यावहारिक, टीम- आधारित प्रशिक्षण, संचार में ज़रूरी हुनर को विकसित करने, वास्तविक-संसार के व्यापारिक तजुर्बों के द्वारा समस्या हल करने और वित्तीय प्रबंधन के साथ समर्थ बनाया गया है। स. हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा विकसित किये गए बहुत से उद्यम पहले ही राजस्व पैदा कर रहे हैं और कार्यशीलता में विस्तार कर रहे हैं।

प्रैस कान्फ्रेंस के दौरान स. बैंस ने चार टीमों को मीडिया से परिचित करवाया और उनकी तरफ से तैयार किये नवीन उत्पादों को दिखाया। सरकारी गर्लज़ सीनियर सेकंडरी स्कूल, रूपनगर की एक टीम ने 'क्रिएटिव गर्लज़्ष् - एक रेजिन-आधारित कोस्टर, किचेन और मोमबत्ती मोल्ड- उत्पाद तैयार किया। टीम पहले ही 250 से अधिक यूनिटे बेच चुकी है।

इसी तरह सरकारी सीनियर सेकंडरी स्कूल, पठानकोट की टीम ने एक 'ई- मोशन बाइक' बनाई जो रिचार्ज करने योग्य इलेक्ट्रिक साइकिल है। यह ऊर्जा कुशल साइकिल शहरी आवाजाही के लिए तैयार की गई है।

सरकारी सीनियर सेकंडरी स्कूल, बठिंडा की टीम ने रिवायती सामग्रियों का प्रयोग करके 'हर्बल साईन'ञ्- रसायन- मुक्त हर्बल शैंपू बनाया। टीम पहले ही 80 यूनिअे बेच चुकी है और ग्राहकों से सकारात्मक फीडबैक प्राप्त कर चुकी है।

# पूर्व सीएम चन्नी को हाईकोर्ट से राहत, चुनावी याचिका खारिज

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** पंजाब के पूर्व सीएम और कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी को पंजाब हरियाणा हाइकोर्ट से बड़ी राहत मिल गई है। हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ दाखिल चुनावी याचिका खारिज कर दी है। चन्नी के खिलाफ चुनावी याचिका दाखिल करने वाले गौरव लूथरा की तरफ से पिछली कुछ सुनवाइयों पर उनके वकील पेश नहीं हो रहे थे। लिहाजा हाइकोर्ट ने शुक्रवार को इस चुनावी याचिका को डिसमिस एज डिफाल्ट करार देकर खारिज कर दिया है। जालंधर के गौरव लूथरा ने चन्नी के चुनाव के खिलाफ हाईकोर्ट में दाखिल चुनावी याचिका में आरोप लगाया था कि चन्नी ने चुनाव आयोग को चुनावी खर्च सहित अन्य कई गलत जानकारियां दी हैं। उन्होंने अपने चुनावी खर्च का पूरा ब्योरा तक हाईकोर्ट को नहीं दिया है।याचिकाकर्ता का आरोप था कि इस चुनावों के दौरान कई रैलियां की जिनके लिए चुनाव आयोग से कोई इजाजत तक नहीं ली गई थी। बावजूद इसके चुनाव आयोग ने चन्नी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

# पीएसपीसीएल का जेई 15 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ काबू



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही मुहिम के तहत पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड (क्कस्क्कष्टरु) के जूनियर इंजीनियर (छ्वश्व) बलजीत सिंह को 15,000 रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी जेई होशियारपुर जिले के कंधाला जट्टां सब-स्टेशन में तैनात था। ब्यूरो के प्रवक्ता के अनुसार, यह कार्रवाई गांव सीकरी के एक निवासी की शिकायत पर की गई, जिसमें आरोप था कि जेई ने बिजली लोड सुधारने के लिए नया ट्रांसफॉर्मर लगाने की एवज में 20,000 रुपए की मांग की, जो बाद में 15,000 में तय हुई। जांच के बाद विजीलैंस की जालंधर रेंज टीम ने दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में बलजीत सिंह को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा और आगे की जांच जारी है।

### नगर परिषद धनौला का अकाउंटेंट 11 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार



पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही मुहिम के तहत नगर परिषद धनौला, जिला बरनाला में तैनात अकाउंटेंट दीपक सेतिया को 11,000 रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। विजीलैंस प्रवक्ता के अनुसार, धनौला के एक ठेकेदार ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि दीपक सेतिया ने उसके 2,21,402 के बकाया भुगतान चैक को क्लीयर करवाने के बदले रिश्वत की मांग की थी। जांच के बाद विजीलैंस टीम ने जाल बिछाकर दीपक को सरकारी गवाहों की मौजूदगी में रिश्वत लेते काबू किया। मौके से रिश्वत की रकम भी बरामद कर ली गई है। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के तहत पटियाला रेंज थाने में केस दर्ज किया गया है। उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा और मामले की जांच जारी है। विजीलैंस ब्यूरो ने लोगों से अपील की है कि भ्रष्टाचार की किसी भी घटना की रिपोर्ट करें ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

# सैनी विहार फेस 2 की सड़कें बरसात में धंसने से स्थानीय निवासी परेशान

- बार-बार शिकायतों के बावजूद नहीं होता समस्या का हल, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 4 जुलाई।** वार्ड नंबर 3 में पड़ती सैनी विहार फेस दो की सड़क बरसात के कारण धंसनी शुरू हो गई है। जिसकी स्थानीय निवासियों द्वारा नगर परिषद को कई बार शिकायत भी दी गई है। लेकिन नगर परिषद का कोई भी अधिकारी उनकी सुनवाई नही कर रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया की टाइल्स वर्क घटिया किस्म का किया हुआ जिस कारण थोड़ी सी बरसात में सड़क का यह हाल हो गया है। लोगों ने कहा के यदि ज्यादा बरसात आ गई तो सड़क पूरी तरह धंस जाएगी और हादसा भी हो सकता है। क्योंकि अभी तो






बरसात का मौसम शुरू ही हुआ है। आने वाले दिनों में भारी बरसात की आशंका जताई जा रही है। लोगों ने कहा की हमने कई बार शिकायत की जब किसी ने उनकी सुनवाई नही की हार कर लोगों ने खुद अपने खर्च यहां मिट्टी व रोड़ी डाली है। क्योंकि बच्चे खेलते हुए इस तरफ आ जाते हैं। वहीं जब बरसात के कारण यहां पानी भर जाता है तो यह गड्ढे दिखाई नही देते। जबकि यह गड्ढे काफी गहरे हैं और किसी भी वाहन को भारी नुकसान हो सकता है। वहीं नगर परिषद के अधिकारी भी दावा कर रहे हैं के इन गड्ढों में मिट्टी हमने डलवाई है। लोगों का कहना है मिट्टी सोसायटी के ही कुछ लोगों द्वारा डलवाई गई है। लेकिन यदि नगर परिषद इस पर दावा कर रहा है तो हमें कोई फर्क नही पड़ता क्योंकि वह चाहते हैं के यहां कोई हादसा ना हो भले काम कोई करवा दे। लोगों के काम होने चाहिए, अब लोगों द्वारा मिट्टी के बाद जल्द इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने की मांग की जा रही है, ताकि कोई हादसा ना हो जाए।



हम कई बार नगर परिषद को शिकायत कर चुके हैं, लेकिन हमारी सुनवाई नही हो रही है। हमने अपने खर्चे पर मिट्टी डालकर गड्ढे भरे हैं ताकि कोई हादसा ना हो। हमारी प्रसाशन से विनती है के अब यहां टाइल्स लगाकर सड़क ठीक की जाए ताकि कोई हादसा ना हो।

**प्रवीन शर्मा, निवासी वार्ड नंबर तीन**



बार बार शिकायत करने के बावजूद लोगों की कोई सुनवाई नही हो रही है। नगर परिषद के अधिकारी लोगों की सेवा के लिए हैं लेकिन बावजूद इसके लोगों की समस्या का हल नही किया जा रहा है। जबकि हम टैक्स देते हैं, हमारे टैक्स पर अधिकारियों को सैलरी मिलती है और अधिकारी हमारा ही काम नही कर रहे है। लोग अब जाएं तो कहां जाएं।

**नीता जोशी, निवासी वार्ड नंबर तीन।**

हमें कुछ दिन पहले शिकायत आई थी, जिसके बाद हमने वहां मिट्टी डलवा दी है। मिट्टी सूखने के वाद टाइल वर्क कर दिया जाएगा।

**अमनदीप सिंह, जेई नगर परिषद जीरकपुर।**

# आबकारी नीलामी में अब तक 12,615 करोड़ रुपये का आया राजस्व

## प्रदेशभर में 1,194 आबकारी जोन में से 1,081 जोन की सफलतापूर्वक नीलामी हुई

लाइसेंसधारकों को धमकाने या वसूली करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** हरियाणा आबकारी एवं कराधान विभाग ने चल रही आबकारी नीलामी प्रक्रिया के तहत अब तक 12,615 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है। अब तक प्रदेशभर में कुल 1,194 आबकारी जोन में से 1,081 जोन की सफलतापूर्वक नीलामी की जा चुकी है।

आबकारी एवं कराधान आयुक्त विनय प्रताप सिंह ने बताया कि खुदरा शराब की दुकानों के लाइसेंसधारी प्रत्येक जोन में दो दुकानें संचालित कर सकते हैं, इस प्रकार नई आबकारी नीति के तहत पहले तीन सप्ताह के भीतर 2150 से अधिक खुदरा शराब की दुकानें खोली गई हैं। नीलामी में अब केवल 113 जोन नीलामी के लिए बचे हैं, जिनकी नीलामी कुछ ही दिनों में होने की संभावना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हरियाणा में खुदरा शराब की दुकानों के लिए आबकारी नीलामी पूरी तरह पारदर्शी प्रक्रिया है, जो ई-नीलामी पोर्टल के माध्यम से आयोजित की जाती है। चूंकि, लाइसेंसधारक नीलामी प्रक्रिया में स्वतंत्र रूप से भाग लेते हैं, इसलिए आबकारी जोन की नीलामी निष्पक्ष प्रक्रिया द्वारा निर्धारित उचित मूल्य पर की जाती है।

**पिछले साल की तुलना में विभाग ने इस बार नीलामी में कहीं अधिक राजस्व प्राप्त किया:** विनय प्रताप ने बताया कि इस साल मंत्रिमंडल ने 31 मार्च, 2027 तक लगभग दो साल की लंबी अवधि के लिए आबकारी नीति को मंजूरी दी थी, इसलिए विभाग पिछले साल की नीलामी की तुलना में कहीं अधिक राजस्व अर्जित करने में सक्षम रहा है। 3 जुलाई 2025 को हुई अंतिम दौर की नीलामी में विभाग ने 21 और जोन की सफलतापूर्वक नीलामी की, जिससे 215 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

### राज्य सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने को लेकर विभाग आश्वस्त

आबकारी एवं कराधान आयुक्त ने चालू नीलामी में नीलाम किए गए 1081 जोन से अर्जित राजस्व की तुलना पिछली आबकारी नीति से करते हुए कहा कि पिछले वर्ष की नीलामी की तुलना में अब तक लगभग उतने ही जोन की नीलामी की गई है, लेकिन पहले से ही दोगुने से अधिक राजस्व प्राप्त किया जा चुका है। विभाग को उम्मीद है कि कुछ ही दिनों में आबकारी नीलामी सफलतापूर्वक संपन्न हो जाएगी और राज्य सरकार द्वारा तय किए गए लक्ष्यों से भी अधिक हासिल कर लिया जाएगा। पिछले वर्ष अगस्त 2024 तक चली नीलामी प्रक्रिया से कुल 7,025 करोड़ रुपये का लाइसेंस शुल्क अर्जित हुआ था।

### लाइसेंसधारियों को धमकाने या वसूली करने वालों के खिलाफ की सख्त कार्रवाई

आबकारी एवं कराधान आयुक्त ने बताया कि राज्य सरकार के सक्रिय हस्तक्षेप से हरियाणा पुलिस द्वारा लाइसेंसधारकों को धमकाने और जबरन वसूली करने में लिप्त अपराधियों के खिलाफ त्वरित और सख्त कार्रवाई की गई है। मुख्यमंत्री के निर्देशों पर, गृह विभाग द्वारा राज्य के कुछ हिस्सों में आबकारी नीलामी को प्रभावित करने की कोशिश करने वाले अपराधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। ऐसे अपराधियों पर हाल ही में की गई कार्रवाई के परिणामस्वरूप ही आबकारी नीलामी में संभावित बोलीदाताओं की अधिक भागीदारी देखी गई है, जिससे पिछले दो हफ्तों में 125 से अधिक जोन की नीलामी कर 1370 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

---

## न्यूज ब्रीफ

### महिला समाज सुधार समिति ने किया पौधारोपण



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** महिला समाज सुधार समिति द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हर वर्ष की तरह शहर के विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया गया। समिति की प्रधान शर्मिला शर्मा व सदस्यों द्वारा जाट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रिंसिपल पंकज, समूह स्टाफ के सहयोग से 164 फलदार व छायादार वृक्ष लगाए गए। समिति की अध्यक्षा रमनदीप कौर ने कहा कि आज के समय में पर्यावरण में बहुत तरह के बदलाव आ रहे हैं। पेड़ों की कटाई की वजह से इंसान को भूस्खलन की मार झेलनी पड़ रही है। वातावरण में अनेक तरह की तब्दीलियां आ रही हैं। कभी हद से ज्यादा गर्मी, हद से ज्यादा सर्दी का प्रकोप इंसान को झेलना पड़ रहा है। इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए। प्रत्येक सामाजिक व्यक्ति को सिर्फ अपने बारे में ना सोचकर हमारे भविष्य में आने वाली पीढियों के बारे में सोचकर इस मौसम में एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। समिति द्वारा 2100 पेड़ हर वर्ष लगाए जाते हैं व बांटे जाते हैं। इस अवसर पर सीमा शर्मा, मंजू गर्ग, स्नेह बंसल, सुमन चौधरी, अंजू बंसल, उमा खरबंदा, रजनी चावला, मधु शर्मा उपस्थित रहे।

### राजकीय कालेज में बना गुरु जम्भेश्वर कालेज का डिस्टेंस एजुकेशन स्टडी सेंटर

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** राजकीय महाविद्यालय कैथल में गुरु



जम्भेश्वर राजकीय महाविद्यालय का डिस्टेंस एजुकेशन का स्टडी सेंटर बनाया गया है। स्टडी सेंटर के समन्वयक डॉ अभिषेक गोयल ने बताया कि गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय हिसार ने 12 कोर्सेज के लिए यहां स्टडी सेंटर बनाया है। अब कैथल जिले के युवा जो कॉलेज नहीं जा सकते, वे अब डिस्टेंस से अपनी पढ़ाई सुचारू रूप से कर सकते हैं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार भांबू ने बताया कि राजकीय कॉलेज कैथल में तीन पीजी कोर्स, तीन स्नातक कोर्स और छह डिप्लोमा कोर्स डिस्टेंस एजुकेशन के शुरू किया गए। ये उन युवाओं के लिए अवसर है जो अपनी नौकरी और व्यवसाय के साथ-साथ पढ़ना चाहते हैं।

### नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**अंबाला (अप्रस/रवि पाहुजा)।** हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश को नशा मुक्त बनाने की दिशा में चलाए जा रहे प्रयासों के अंतर्गत, हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की यूनिट अंबाला ने आईसीएस कोचिंग सेंटर, अंबाला केंट में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में संस्थान के अध्यापकों, विद्यार्थियों और स्टाफ को नशा न करने की शपथ दिलाई गई। इन जागरूकता अभियानो को हरियाणा एनसीबी प्रमुख एवं पुलिस महानिदेशक ओ. पी. सिंह, आईपीएस के मार्गदर्शन तथा पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा और पुलिस अधीक्षक सुश्री पंखुड़ी कुमार के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन एनसीबी यूनिट अंबाला के एएसआई फूल कुमार ने किया। उन्होंने आईसीएस कोचिंग सेंटर के प्रबंधक श्री विकास बहगल के साथ मिलकर विद्यार्थियों को नशे से होने वाले गंभीर दुष्परिणामों से अवगत करवाया। एएसआई फूल कुमार ने बताया कि नशा समाज को दीमक की तरह खोखला कर रहा है। यह एक सामाजिक कुरीति है जो व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और आर्थिक स्थिति को बर्बाद कर देती है। उन्होंने कहा कि नशा अब गांवों, गलियों और घरों तक पहुंच चुका है, इसलिए इसे खत्म करने के लिए समाज के सभी वर्गों को एकजुट होना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि नशे के खिलाफ लड़ाई एक लंबी और सामूहिक प्रक्रिया है, जिसमें सरकार, परिवार, शिक्षा संस्थाएं, मीडिया और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को नशा न करने की सपथ दिलाई गई, और उपस्थित जनसमूह से अपील की गई कि वे नशा तस्करों के खिलाफ सूचना देने में सहयोग करें। जिसके लिए टोल फ्री नंबर 1933 या ऑनलाइन शिकायत पोर्टल ncbmanas.gov.in या हरियाणा एनसीबी टोल फ्री नंबर- 90508-91508 या यूनिट अंबाला इंचार्ज के नंबर 9416937786 पर संपर्क करे।

### नशीले इंजेक्शन मंगाने का आरोपी काबू

**कैथल (अप्रस)।** एक निजी अस्पताल के दस्तावेज इस्तेमाल करके नशीले इंजेक्शन मंगाने के मामले में एंटी नारकोटिक सेल के प्रभारी एएसआई प्रवीन कुमार की टीम ने बालू निवासी आरोपी राकेश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि करनाल रोड कैथल स्थित एक निजी अस्पताल के डॉक्टर रमन की शिकायत अनुसार राकेश उपरोक्त की ओर से 16 जून को अस्पताल के दस्तावेज इस्तेमाल करके अस्पताल के पते पर दिल्ली से ऑनलाइन दो बॉक्स पेंटाजोसिन लेक्टेट नामक प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन मंगवाए गए। जिनमें 200 इंजेक्शन थे। इस बारे थाना सिविल लाइन में केस दर्ज किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी राकेश इससे पूर्व उसी अस्पताल में नौकरी करता था, जिसका फायदा उठाकर यह ऑर्डर मंगवाया था। आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### नशा मुक्ति मुहिम दौरान दो नशा तस्कर किए काबू

**कैथल (अप्रस)।** नशा मुक्ति मुहिम के तहत एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ ने दो नशा तस्करों को काबू किया है। पुलिस ने इन नशा तस्करों से करीब 8 लाख रुपये कीमत के 31 किलो 730 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद की है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों में एक की भूपेंद्र व दूसरे की अमित जिला महेंद्र गढ़ के रूप में हुई है। भूपेंद्र पर पहले ही हत्या व आरोपी अमित पर लड़ाई झगड़े का केस दर्ज है और दोनों इस समय बेल पर चल रहे थे। डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया कि वीरवार रात के समय एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की टीम को जानकारी मिली कि नांगली सिरोही जिला महेंद्रगढ़ निवासी भूपेंद्र सिंह व अमित वरना गाड़ी में पिलनी रोड ब्रह्मानंद आश्रम के पास किसी को नशीला पदार्थ गांजा फूल पत्ती देने के लिए आएंगे।

---

# लोकसभा और विधानसभा की तरह नगर निगमों में भी हो हाउस के सेशन: केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल

कैपिसिटी बिल्डिंग में इस तरह के सम्मेलन का अहम योगदान, निरंतर देशभर में किए जाए कार्यक्रम, ऑनलाइन माध्यम का भी हो इस्तेमाल

सम्मेलन में ट्रेनिंग लेकर जमीनी स्तर पर इन्हें लागू करें नगर निकायों के जन प्रतिनिधि

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**स्किल पर दें ध्यान:** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हमें स्किल पर ध्यान देना चाहिए। नगर निकायों में कर्मचारी हो या अधिकारी उन्हें आईगोट https://www.igotkarmayogi.gov.in एप्लीकेशन के माध्यम से स्किल सीखने चाहिए। अभी तक 21 राज्यों ने इसके लिए एमओयू किया है। इस एक एप्लीकेशन पर 2 हजार से ज्यादा कोर्स मौजूद हैं। कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन इन्हें सीख सकता है और अपने स्किल में बढ़ोतरी कर सकता है। इस मौके पर राज्यसभा के उपसभापति हरविंश, मध्यप्रदेश के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कैलाश विजवर्गीय, केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत, राज्यसभा के सेक्रेटरी जनरल पीसी मोदी, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हविन्द्र कल्याण, विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिढ़ा व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

**गुरुग्राम, 4 जुलाई।** गुरुग्राम के मानेसर में आयोजित शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के राष्ट्रीय सम्मेलन में शुक्रवार को केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कैपिसिटी बिल्डिंग में इस तरह के सम्मेलन का अहम योगदान रहता है। यह पहला मौका है जब इतने बड़े स्तर पर शहरी स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों का सम्मेलन आयोजित किया गया है। इस तरह के आयोजन निरंतर देशभर में आयोजित होने चाहिए। इसके लिए ऑनलाइन माध्यमों का भी सहारा लेना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें और अपने शहरों का स्वरूप बदल सकें।

उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं की तरह शहरी स्थानीय निकायों में भी हाउस के सेशन होने चाहिए जिसे कोई लोकसभा अध्यक्ष और विधानसभा अध्यक्ष की तरह चयनित कोई व्यक्ति चलाए। इससे निष्पक्ष तौर पर काम करने की कार्य पद्धति बनेगी। उन्होंने देशभर से आए जन प्रतिनिधियों को शहरी स्थानीय निकायों को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करने का आह्वान किया। इसके साथ-साथ इस सम्मेलन में जिन नगर निकायों द्वारा अपने बेहतरीन कार्यों को बेस्ट प्रैक्टिसिस में दिखाया है, उन्हें अपने यहां भी लागू करें और शहरों को और बेहतर बनाएं।

### पर्यावरण संरक्षित करते हुए शहरों को आगे बढ़ाना होगा

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षित करते हुए शहरों को आगे बढ़ाना होगा। प्रगतिशील कार्य करते हुए यह ध्यान रखें कि हमें पर्यावरण को भी बचाना है। हमें ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारते हुए ई-मोबिलिटी के लिए प्लॉनिंग करनी चाहिए। वर्ष 2002 में भारत में मैट्रो की शुरूआत हुई थी जबकि यूएसए में 150 साल पहले मैट्रो आई थी, लेकिन आज भारत के 21 शहरों में 1 हजार किलोमीटर में मैट्रो चल रही है, जो यूएसए के बराबर है। इसे भविष्य में और आगे लेकर जाने की प्लानिंग है।

### अर्बन चैलेंज फंड से शहरों का होगा पुनर्निर्माण

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि केंद्र सरकार के अर्बन चैलेंज फंड के माध्यम से शहरों का पुनर्निर्माण किया जाएगा। इसके तहत 1 लाख करोड़ रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शहरों को और बेहतर बनाने के लिए दुनियाभर के बेहतरीन शहरों की बेस्ट प्रैक्टिसिस को लागू किया जा रहा है। पिछले दिनों स्पेन के साथ एक एमओयू किया गया है, जिससे दोनों देशों में हो रहे बेहतरीन कार्यों को आपस में सांझा किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में शहरीकरण तेजी से बढ़ रहा है, ऐसे में सरकारों, नगर निकायों को भी अपनी स्पीड बढ़ानी होगी। कार्यबल को प्रशिक्षित करना होगा और समय व साधनों का सहीं से इस्तेमाल करना होगा। उन्होंने कहा कि 1970 में 20 प्रतिशत शहरीकरण था लेकिन आज 36 प्रतिशत शहरीकरण हो चुका है जो 2047 तक 50 प्रतिशत हो जाएगा।

### आम नागरिकों को जागरूक करना होगा

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हम जन प्रतिनिधियों को तो इस तरह के आयोजनों से जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं, लेकिन आमजन को भी जागरूक करना होगा। जनता जागरूक होगी तो सिस्टम में अधिक पारदर्शिता आएगी। विकास कार्यों बेहतर तरीके से होंगे। उन्होंने शहरी निकायों को स्वालंबी बनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों से निश्चित पैसा शहरी स्थानीय निकायों को मिलता है। ऐसे में हमें स्वालंबी होने के साथ-साथ पारदर्शिता पर भी जोर देना होगा।

### यमुना में नहर में नहाने गया बालक डूबा

**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** करनाल में गर्मी से राहत पाने के लिए दोस्तों के साथ पश्चिमी यमुना नहर पर नहाने गया 14 वर्षीय नाबालिग लड़का पानी के तेज बहाव में बह गया। नाबालिग ने नहर के पुल से छलांग लगाई थी, हालांकि उसके तैरना आता था, लेकिन वह खुद को पानी के बहाव में नहीं संभाल पाया। दोस्तों ने उसे रोकने की कोशिश की थी, लेकिन वह नहीं माना। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। देर शाम तक लापता लड? का कोई सुराग नहीं लग पाया। परिजन नहर किनारे बेसब्री से बेटे का इंतजार कर रहे हैं और लगातार उसकी सलामती की दुआ कर रहे हैं। दोस्तों के साथ गया था नहाने करनाल के चांद सराय की गली नंबर-5 में रहने वाला कार्तिक शुक्रवार की दोपहर अपने दो दोस्तों के साथ नहर पर पहुंचा। वह कुछ समय तक नहर किनारे खड़ा रहा और फिर पुल पर चढ़ गया। उसके दोस्तों ने कहा कि नहर का बहाव तेज है और खतरा हो सकता है, लेकिन कार्तिक ने जिद करते हुए कहा कि वह नहर को पार करेगा। कार्तिक के दोस्त सुशांत ने बताया कि उन्होंने उसे बहुत समझाया कि छलांग न लगाए, लेकिन वह नहीं माना। वह बोला कि उसे तैरना आता है और वह नहर पार कर जाएगा।

---

## बरसाती पानी की निकासी को लेकर एसडीएम ने किया गांवों का निरीक्षण

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड

**बराड़ा, 4 जुलाई।** एसडीएम बराड़ा शाश्वत सांगवान ने शुक्रवार को होली, राजोखेड़ी, सुभरी व शेरपुर सुलखनी में बरसाती पानी की निकासी को लेकर निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ नायाब तहसीलदार गीता राम भी उपस्थित रहे।

एसडीएम शाश्वत सांगवान ने निरीक्षण के दौरान सम्बंधित विभागों के अधिकारों को निर्देश दिए कि ड्रेन व नालों की सफाई के कार्य को करवाएं और यदि कहीं पर नालों व ड्रेनों की सफाई नहीं हो पाई है उस कार्य को प्राथमिकता से करवाएं ताकि बरसात के पानी की निकासी सुगमता हो सके और कहीं पर भी जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो सके। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति बरसाती पानी की निकासी में रूकावट न डाले, यदि कोई ऐसा करता पाया जाए तो उस के खिलाफ कानूनी करवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि बरसाती पानी की निकासी के लिए सभी सम्बन्धित विभाग बेहतर समन्वय बनाकर समुचित व्यवस्था करना सुनिश्चित करें ताकि ग्रामीणों व अन्य को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जहां पर जल भराव की स्थिति उत्पन्न हुई है उन स्थानों के साथ-साथ वहां से गुजर रही नालों व ड्रेनों को खुलवाने का काम भी किया गया है।

### डीएलएसए ने की जागरूकता अभियान मेडिएशन फॉर द नेशन की शुरूआत

**कैथल (अप्रस)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कंवल कुमार ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली को बढ़ावा देने के उद्देष्य से एक विषेश जन जागरूकता अभियान मेडिएशन फॉर द नेशन की शुरूआत की गई है। यह अभियान अदालतों पर मुकदमों के बढ़ते बोझ को कम करने और आम जनता को सरल और सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्यस्थता के महत्व को रेखांकित करता है। इस अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न अदालतों में चल रहे मुकदमों को मध्यस्थता केन्द्र द्वारा सुलझाने के प्रयास किए जाएंगे।

--सरकार ने किसानों को दी बड़ी राहत--

## 70 मीटर तक ट्यूबवेल कनेक्शन शिफ्टिंग पर नहीं लगेगा शुल्क

यूएचबीवीएन ने जारी किए निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** किसानों को अब नलकूप कनेक्शन शिफ्टिंग पर कोई शुल्क नहीं देना होगा। उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं। हालांकि यह राहत एक स्थान से दूसरे स्थान पर 70 मीटर तक ही ट्यूबवेल कनेक्शन शिफ्ट कराने वाले किसानों को दी जाएगी, जिन्हें यूएचबीवीएन को कोई शुल्क नहीं देना होगा।

यूएचबीवीएन के चीफ इंजीनियर कमर्शियल की ओर से सभी एसई, एक्सईएन और एसडीओ को निर्देश जारी किए हैं कि किसान के ट्यूबवेल कनेक्शन को उसके मूल स्थान से 70 मीटर की दूरी के भीतर स्थानांतरित करने के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। बशर्ते कि नया स्थान उसी किसान या उपभोक्ता के स्वामित्व में हो। इस लागत का दावा लाइसेंसधारी द्वारा वार्षिक राजस्व आवश्यकता के माध्यम से किया जाएगा।

यूएचबीवीएन की ओर से जारी निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि एक स्थान से दूसरे स्थान पर ट्यूबवेल कनेक्शन की अनुमति केवल उन्हीं किसानों या फिर कुछ निर्देशित कारणों के चलते दी जाएगी, इनमें सबमर्सिबल बोर खराब होना, पानी की लवणता, सरकार द्वारा अधिग्रहित की गई भूमि आदि शामिल हैं।

पानी में लवणता बढ़ने पर सिंचाई विभाग का भूजल प्रकोष्ठ नलकूप के मामले में पानी की लवणता को लेकर एनओसी का नियम जारी करेगा। यदि पानी की लवणता के आधार पर ऐसा करने की मांग की गई हो,जिस नए स्थान पर नलकूप को स्थानांतरित किया जाना है, वहां के पानी की उपयुक्तता को भी भूजल प्रकोष्ठ द्वारा प्रमाणित किया जाएगा। बशर्ते, किसान या उपभोक्ता बिजली बिल भुगतान के मामले में डिफाल्टर न हो।

---

### हरियाणा में महिला अनुबंधित कर्मचारियों को हर महीने दो आकस्मिक अवकाश

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** हरियाणा सरकार ने आउटसोर्सिंग पॉलिसी पार्ट-2 तथा हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगी सभी महिला अनुबंधित कर्मचारियों को हर महीने दो आकस्मिक अवकाश देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हाल ही में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया था। जिसे आज से लागू कर दिया गया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा शुक्रवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, अब ऐसे कर्मचारियों को हर महीने दो आकस्मिक अवकाश मिलेंगे लेकिन ये अवकाश एक कैलेंडर वर्ष में 22 से अधिक नहीं होंगे। ये आकस्मिक अवकाश मौजूदा 10 दिन के चिकित्सा अवकाश के अतिरिक्त होंगे।

# हरियाणा में सरकार नाम की कोई चीज नहीं, अपराधियों के हौसले बुलंद: दीपेन्द्र हुड्डा

## अपराधी बेलगाम और अफसरशाही की लगाम कहीं और, इसलिए अफसरशाही मुख्यमंत्री की भी नहीं सुन रही

पिछले 2 महीनों में ही हत्या, रंगदारी व फायरिंग की 29 बड़ी वारदातें बता रही कि कानून-व्यवस्था ध्वस्त है

विधानसभा में खुद मुख्यमंत्री ने बताया कि 2024 में हरियाणा में औसतन हर दिन 3 हत्याएं, 3 बलात्कार, 1 डकैती, 9 से अधिक अपहरण और महिलाओं के विरुद्ध 19 अपराध दर्ज हुए

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 4 जुलाई।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा आज करनाल के विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने हरियाणा में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद चिंताजनक बताते हुए कहा कि हरियाणा अपराधियों की शरणस्थली बन चुका है। ऐसा लगता है जैसे प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज ही न हो। अपराधियों के हौसले इस कदर बढ़े हुए हैं कि वो सत्ताधारी दल का झण्डा लगाकर पूरे प्रदेश में दनदनाते हुए वारदात कर रहे हैं। वहीं, प्रदेश की अफसरशाही मुख्यमंत्री की भी नहीं सुन रही है। क्योंकि उनको पता है कि उनके ट्रांसफर-पोस्टिंग कहीं और से हो रहे हैं। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि पिछले 2 महीनों में ही हत्या, रंगदारी व फायरिंग की 29 बड़ी वारदातें बता रही कि कानून-व्यवस्था ध्वस्त है और प्रदेशवासियों में दहशत का माहौल है। दीपेन्द्र हुड्डा ने सरकार से खोखले दावे करने की बजाय अपराधियों के खिलाफ ठोस व कठोर कार्रवाई करने की मांग की। दीपेन्द्र हुड्डा ने बताया कि हरियाणा विधानसभा के पिछले सत्र में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा रखे गये अपराध से संबंधित नवीनतम आंकड़ों ने राज्य में अपराध की भयावह स्थिति को उजागर कर दिया है। बीजेपी सरकार द्वारा रखे गए आंकड़ों से भी स्पष्ट है कि प्रदेश में आमजन की सुरक्षा खतरे में है। मुख्यमंत्री ने खुद बताया कि वर्ष 2024 के दौरान हरियाणा में औसतन हर दिन 3 हत्याएं, 3 बलात्कार और सामूहिक बलात्कार, 9 से अधिक अपहरण, 1 डकैती, और करीब 19 महिलाओं के विरुद्ध अपराध दर्ज किए गए। वर्ष 2024 में विभिन्न संगीन अपराधों के दर्ज कुल मामलों की संख्या भी चिंता बढ़ाने वाली है। इनमें 966 हत्याएं, 1,388 बलात्कार, 113 सामूहिक बलात्कार, 4,621 अपहरण, 489 डकैती/लूटपाट, 9,488 महिलाओं के खिलाफ अन्य अपराध दर्ज हुए हैं। पुलिस थानों में दर्ज अपराधों की संख्या खुद इस बात का प्रमाण है कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति भयावह हो चुकी है। यह आंकड़े यह साबित करते हैं कि राज्य में आम नागरिक, विशेषकर महिलाएं और व्यापारी, स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि भारत सरकार की सामाजिक प्रगति सूचकांक (स्क्ढ्ढ) रिपोर्ट में हरियाणा को देश का सबसे असुरक्षित राज्य बताया गया। सरकार का अपराध नियंत्रण तंत्र पूरी तरह विफल हो चुका है। वर्ष 2019 से 2024 तक कुल 1,19,011 प्राथमिकी (स्नढ्ढक्र) दर्ज की गई हैं। इनमें से 6,338 हत्या और 22,994 अपहरण से जुड़े मामले हैं। उन्होंने ये भी कहा कि बड़ी संख्या में ऐसे मामले भी हैं जो थानों में दर्ज ही नहीं होते, ऐसे में अगर अपराध की पूरी तस्वीर देखी जाए तो हालात बेहद भयावह हैं। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि बीजेपी सरकार अपराधियों पर नकेल कसने की बजाय सोशल मीडिया पर कार्टूनबाजी, डायलॉगबाजी कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रही है। लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं से पूरे हरियाणा में दहशत का माहौल है। अपराधियों की शरणस्थली बने हरियाणा में अपराध इस कदर बेकाबू है कि फायरिंग, फिरौती, लूट, हत्या, महिलाओं के खिलाफ अपराध रोजाना की बात हो गई है। इससे पहले जब साल 2000 से 2005 तक बीजेपी और इनेलो की सरकार थी, तब हरियाणा में ऐसी ही गुंडागर्दी और माफियाराज था। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि 2005 में कांग्रेस सरकार ने आते ही बदमाशों को स्पष्ट चेतावनी दी कि या तो बदमाशी छोड़ दो या फिर हरियाणा छोड़ दो और इसे सख्ती से लागू भी किया।

# पीएम मोदी को मिला 'ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एंड टोबैगो' सम्मान

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**पोर्ट ऑफ स्पेन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विदेश में एक और सम्मान से प्रदान किया गया है। त्रिनिदाद और टोबैगो ने उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एंड टोबैगो' से सम्मानित किया। पीएम मोदी ने देश की सरकार और लोगों का आभार व्यक्त करते हुए इसे दोनों देशों की शाश्वत और गहन मित्रता का प्रतीक बताया और '140 करोड़ भारतवासियों की ओर से एक साझा गौरव के रूप में' स्वीकार किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर कहा कि यह बहुत गर्व का विषय है कि भारतीय समुदाय द्वारा हमारी साझी परंपरा, संस्कृति और रीति-रिवाजों को आज भी संजोकर रखा गया है। राष्ट्रपति क्रिस्टीन कंगालू और प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर इस समुदाय की सबसे बड़ी ब्रांड एंबेसडर हैं।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक मेलजोल कदम-कदम पर दिखाई देता है। राष्ट्रपति कंगालू के पूर्वज तमिलनाडु में संत तिरुवल्लुवर की धरती से थे। संत तिरुवल्लुवर ने कहा था कि मजबूत देशों के पास छह चीजें होनी चाहिए - वीर सेना, देशभक्त नागरिक, संसाधन, अच्छे जन प्रतिनिधि, मजबूत डिफेंस और ऐसे मित्र देश जो हमेशा साथ खड़े रहें।

पीएम मोदी ने कहा, 'मैं इस सम्मान को हमारे संबंधों के लिए एक जिम्मेदारी के रूप में भी देखता हूं। एक करीबी और विश्वसनीय पार्टनर के रूप में हम त्रिनिदाद और टोबैगो के लोगों के कौशल विकास एवं क्षमता निर्माण पर बल देते रहे हैं। पूरे विश्व में भारत के लिए त्रिनिदाद और टोबैगो महत्वपूर्ण पार्टनर है। हमारा सहयोग पूरे ग्लोबल साउथ के लिए महत्वपूर्ण है।'

उल्लेखनीय है कि इससे पहले गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अफ्रीकी देश घाना में भी सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। घाना ने पीएम मोदी को 'ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' से सम्मानित किया था।

पीएम मोदी त्रिनिदाद और टोबैगो के 'ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एंड टोबैगो' से सम्मानित होने वाले पहले विदेशी नेता बन गए हैं। यह किसी देश द्वारा

### त्रिनिदाद एंड टोबैगो में पीएम मोदी का दिखा 'भोजपुरी' प्रेम

प्रधानमंत्री मोदी पांच देशों की यात्रा के तहत त्रिनिदाद एंड टोबैगो पहुंचे। अपनी इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भोजपुरी चौताल का आनंद लिया और इससे जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया। उन्होंने इसका कैप्शन भोजपुरी में लिखा, जिस पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी का बयान आया। उन्होंने पीएम मोदी के पोस्ट को बिहार की समृद्ध संस्कृति से जोड़ा। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने पीएम मोदी के पोस्ट को री-पोस्ट करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, बिहार की समृद्ध संस्कृति से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जुड़ाव देश में ही नहीं, विदेशों में भी दिखता है। पोर्ट ऑफ स्पेन में जब भोजपुरी चौताल की प्रस्तुति हुई, तो पीएम मोदी भावविभोर हो उठे। यह सिर्फ एक कला नहीं, हमारी आत्मा की अभिव्यक्ति है। पीएम मोदी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भोजपुरी चौताल का वीडियो शेयर किया। उन्होंने भोजपुरी भाषा में लिखा, एगो अनमोल सांस्कृतिक जुड़ाव! बहुत खुशी भइल कि पोर्ट ऑफ स्पेन में हम भोजपुरी चौताल प्रस्तुति के प्रदर्शन देखनी। त्रिनिदाद एंड टोबैगो आ भारत, खास करके पूर्वी यूपी आ बिहार के बीच के जुड़ाव उल्लेखनीय बा।

### पीएम मोदी ने राम मंदिर की प्रतिकृति और सरयू का जल प्रधानमंत्री कमला को किया भेंट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने त्रिनिदाद एंड टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला पर्साद-बिसेसर द्वारा आयोजित रात्रिभोज के दौरान अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकृति, सरयू और प्रयागराज के महाकुंभ का पवित्र जल भेंट किया। इस अवसर पर उन्होंने भारत और कैरिबियाई राष्ट्र के बीच गहरे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रिश्तों को उजागर किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री कमला पर्साद-बिसेसर द्वारा आयोजित रात्रिभोज में मैंने राम मंदिर की प्रतिकृति, सरयू नदी का पवित्र जल और महाकुंभ का जल भेंट किया। ये भारत और त्रिनिदाद एंड टोबैगो के बीच गहरे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों का प्रतीक हैं।' उन्होंने एक अन्य पोस्ट में बताया, 'रात्रिभोज में भोजन सोहारी के पत्ते पर परोसा गया, जो त्रिनिदाद एंड टोबैगो, खासकर भारतीय मूल के लोगों के लिए बहुत सांस्कृतिक महत्व रखता है।'

# बिहार में 1.5 करोड़ घरों में पहुंचे बीएलओ 87 फीसदी मतदाताओं को मिले नामांकन फॉर्म

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली।** बिहार में 1.5 करोड़ घरों में बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) की पहली यात्रा आज पूरी हो गई है और राज्य में चल रहे विशेष तीव्र पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत अब तक कुल 7,89,69,844 यानी लगभग 7.90 करोड़ मतदाताओं में से 87 प्रतिशत से अधिक नामांकन फॉर्म (यानी 6,86,17,932 फॉर्म) वितरित किए जा चुके हैं। चुनाव आयोग ने यह जानकारी दी है।

आयोग ने बताया कि बाकी घर या तो बंद थे या उनमें मृत मतदाता रहते थे या वे प्रवासी हो सकते हैं या यात्रा पर गए होंगे। चूंकि, बीएलओ तीन बार घरों पर जाएंगे, इसलिए यह आंकड़ा आगे और बढ़ सकता है। चुनाव आयोग ने बताया कि आंशिक रूप से भरे हुए फॉर्म चुनाव आयोग की वेबसाइट और ECINET ऐप पर डाउनलोड के लिए भी उपलब्ध हैं और मतदाता स्वयं ECINET ऐप के जरिए भरे हुए फॉर्म अपलोड कर सकते हैं।

इसके अलावा, विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से नियुक्त किए गए 1,54,977 बूथ स्तर एजेंट (बीएलए) भी एसआईआर प्रक्रिया में सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। दो जुलाई तक भाजपा ने 52,689 बीएलए नियुक्त किए हैं। इसके बाद राजद ने 47,504; जेडीयू ने 34,669; कांग्रेस ने 16,500; राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी ने 1913, भाकपा माले (लिबरेशन) ने 1271, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने 1153, माकपा ने 578, राष्ट्रीय लोक समता पार्टी ने 270 बीएलए नियुक्त किए हैं। इसके अलावा, बसपा (74), एनपीपी (3) और आम आदमी पार्टी (1) ने भी अपने एजेंट तैनात किए हैं। हर बीएलए, एक दिन में अधिकतम 50 प्रमाणित फॉर्म जमा कर सकता है।

### बीएलओ प्राप्त कर चुके 38 लाख भरे हुए फॉर्म



चुनाव आयोग ने बताया, अब तक करीब पांच फीसदी भरे और हस्ताक्षरित फॉर्म यानी करीब 38 लाख फॉर्म बीएलओ प्राप्त कर जा चुके हैं, जो पूरी ईमानदारी से काम कर रहे हैं। उनका एकमात्र उद्देश्य 'पहले समावेश' (Inclusion First) है, जिसे आयोग बार-बार दोहराता रहा है। एसआईआर के अनुसार, किसी भी मतदाता का नाम 1 अगस्त 2025 को प्रकाशित होने वाली प्रारंभिक मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए आवश्यक शर्त यह है कि प्री-प्रिंटेड नामांकन फॉर्म को 25 जुलाई 2025 से पहले हस्ताक्षर करके जमा किया जाए। साथ ही, अपलोड किए गए फॉर्म का सत्यापन भी शुरू कर दिया गया है। कुछ जगहों से संदेह जताए जाने के बावजूद आयोग का मानना है कि एसआईआर के जरिए सभी पात्र लोगों का नाम शामिल किया जाएगा।

### 30 सितंबर को जारी होगी अंतिम मतदाता सूची

आयोग के उप निदेशक पी. पवन की ओर से जारी बयान में कहा गया, प्रत्येक प्राप्त फॉर्म के साथ लगे या न लगे दस्तावेजों के आधार पर पात्रता की जांच की जाएगी। प्रारंभिक मतदाता सूची के 1 अगस्त को प्रकाशित होने के बाद 2 अगस्त 2025 से सत्यापन का काम जोरशोर से शुरू किया जाएगा। उसी दिन से कोई भी राजनीतिक दल या आम नागरिक प्रारंभिक सूची में दावे और आपत्तियां दर्ज कर सकता है। अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर 2025 को प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद जिलाधिकारी (डीएम) और मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के समक्ष भी अपीलें दाखिल की जा सकेंगी।

# खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के लिए हर सहयोग को तैयार सरकार: खेल मंत्री

खेल नर्सरी जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत, 4 जुलाई।** हरियाणा के खेल, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि सरकार खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए हर प्रकार का सहयोग कर रही है शुक्रवार को सोनीपत इंडस्ट्रीज एरिया खेल नर्सरी में पहुंचे खेल मंत्री ने कहा कि इस खेल नर्सरी से अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई खिलाड़ी निकले हैं। इस खेल नर्सरी को आधुनिक सुविधाओं से लैस करना जिससे कि खिलाड़ियों को आवश्यक मूलभूत अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधा मिलने पर और प्रतिभाओं को यहां से निखारा जा सके।

अर्जुन अवार्ड व द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी प्रतिम सिवाच ने खेल मंत्री से इस नर्सरी में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने की मांग रखी थी। खेल मंत्री ने तुरंत जिला खेल अधिकारी को आदेश दिए कि इस खेल नर्सरी में आधुनिक अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए तुरंत कार्यवाही करें।इस अवसर पर कोच प्रीतम सिवाच ने बताया कि सोनीपत की इस खेल नर्सरी से अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा भारतीय टीम में बनवाया है। सोनीपत की कई महिला हॉकी खिलाड़ियों ने बेहतरीन उपलब्धियां हासिल की हैं। नेहा गोयल, ज्योति, निशा वारसी और मोनिका मलिक सोनीपत से हैं और भारतीय महिला हॉकी टीम का हिस्सा रही हैं।

इस अवसर पर एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बबीता फोगाट, वरिष्ठ भाजपा नेता माईराम कौशिक, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार उपस्थित रहे।

### निशुल्क चिकित्सा शिविर रविवार को

**चंडीगढ़ (अप्र)।** 6 जुलाई दिन रविवार को इंदिरा कॉलोनी के कम्युनिटी सेंटर में केरल समाज चंडीगढ़ के द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें शहर के बहुत बड़े जाने-माने हॉस्पिटल मैक्स हॉस्पिटल के डॉक्टरों की टीम के शहर में जांच करने के लिए पहुंच रही है। इस शिविर में मुख्यतः जनरल फिजिशियन, स्त्री रोग विशेषज्ञ (महिलाओं की बीमारी के लिए डॉक्टर), बाल रोग विशेषज्ञ (बच्चों के डॉक्टर) मौजूद रहेंगे। इसके साथ-साथ आप इस कैंप में मुफ्त में ब्लड शुगर की जांच, बीपी (ब्लड प्रेशर की जांच), खून और पेशाब की जांच, हाइट का ना बढ़ना, वजन ज्यादा बढ़ जाना या वजन न बढ़ना, ईसीजी सहित कई हेल्थ टेस्ट मुफ्त में किए जाएंगे। समस्या समाधान टीम,चंडीगढ़ की ओर से लोगों को निवेदन किया गया है कि वह सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक इस निशुल्क चिकित्सा शिविर में पहुंचकर शहर के जाने-माने अस्पताल मैक्स हॉस्पिटल की डॉक्टरों की सेवा जरूर लें। इस मुफ्त चिकित्सा शिविर में निशुल्क दवाइयां भी दी जाएंगी।

# 'जनसेवा सदन' का शुभारंभ: दिल्ली में रेखा गुप्ता ने जनता के लिए खोले मुख्यमंत्री आवास के दरवाजे

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नई दिल्ली, 4 जुलाई।** पारदर्शिता और जन-केंद्रित शासन की दिशा में कदम बढ़ाते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने घर के दरवाजे जनता के लिए खोल दिए हैं। रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास पर 'जनसेवा सदन' का उद्घाटन किया। यहां सीएम रेखा गुप्ता जनता से मिलेंगी और अधिकारियों के साथ उनकी समस्याएं सुनेंगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राज निवास मार्ग स्थित दिल्ली मुख्यमंत्री आवास पर 'जनसेवा सदन' के उद्घाटन के लिए हवन-पूजन किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री मौजूद रहे। हवन-पूजन के बाद रेखा गुप्ता ने 'मुख्यमंत्री जनसेवा सदन' का उद्घाटन किया।

मंत्री कपिल मिश्रा ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा, "जनसेवा सदन को जनता को समर्पित किया जा रहा है। यहां जनता की शिकायतों को सुना जाएगा। मुख्यमंत्री के अलावा अधिकारी मौजूद रहेंगे। 'सेवा सदन' जनता के लिए खुला रहेगा।'

इस दौरान कपिल मिश्रा ने पिछली सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा, "मैं सबको खुली चुनौती देता हूं कि पिछले 11 सालों में मुख्यमंत्री के घर या दफ्तर के अंदर कभी कैमरा आने दिया गया हो, मुझे दिखाओ। क्या केजरीवाल ने कभी कैमरे आने दिए? क्या किसी ने देखा है? कैमरे कभी नहीं आने दिए। यहां तक कि उनके विधायक भी अंदर नहीं जा सकते थे। जनता को कभी अंदर नहीं आने दिया जाता था।'

मंत्री ने कहा, 'जनसेवा सदन में पहली बार किसी मुख्यमंत्री के आवास में मीडिया पहुंची है। यहां देख सकते हैं कि जितने में अरविंद केजरीवाल सरकार ने एक पर्दा लगाया था, उतने पैसे में यहां पूरा 'सेवा सदन' बनकर तैयार है। उन्होंने एक-एक करोड़ रुपए के पर्दे शीशमहल में लगाए थे।'

इस मौके पर मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा, 'जनसेवा सदन एक ऐसी मुख्यमंत्री की पहल है जो दिल्ली ने पहले नहीं देखी। जो जनता से मिलती हैं, उनकी समस्याएं सुनती हैं और समाधान के लिए काम करती हैं। पहले जो 'शीशमहल' 100 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बना था, उसके विपरीत यह कार्यालय सच्चे जनसेवा और कल्याण की भावना से बनाया गया है।'

मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने भी इस कदम की सराहना की। उन्होंने कहा, 'जन सेवा सदन लोगों की सेवा के लिए समर्पित है। हमारी मुख्यमंत्री हैं जो सादगी से रहती हैं, उनका आधिकारिक आवास जनता के लिए खोल दिया गया है। कोई भी, यहां तक कि सरकारी अधिकारी भी उनसे मिल सकते हैं।'

# हिंदुत्व के संरक्षण को समर्पित श्री हिन्दू तख्त में नई ऊर्जा का संचार

दिगंबर अखाड़े के जगद्गुरु स्वामी विकास दास जी को सौंपी जाएगी बड़ी जिम्मेदारी

क्रॉसर- श्री काली मठ हिमाचल के पीठाधीश्वर ब्रह्मलीन स्वामी जगद्गुरु पंचानन गिरि महाराज के परम शिष्य

श्री हिन्दू तख्त के धर्माधीश स्वामी श्री शरभेश्रानंद भैरवा जी भी उपस्थित रहेंगे

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** अब समय आ गया है कि ब्रह्मलीन पंचानंद गिरी जी महाराज द्वारा स्थापित प्रतिष्ठित ट्रस्ट श्री हिन्दू तख्त एक बार फिर अपने उद्देश्य – हिंदुत्व के संवर्धन व संरक्षण – को धार देने की ओर अग्रसर हो। इसी कड़ी में एक महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ने जा रहा है। प्रयागराज महाकुंभ में श्री श्री 1008 जगद्गुरु रामानंदाचार्य की पदवी प्राप्त करने वाले, दिगंबर अखाड़ा अयोध्या धाम के श्री श्री 1008 जगद्गुरु स्वामी विकास दास जी महाराज, अब ब्रह्मलीन पंचानंद गिरी जी के ट्रस्ट श्री हिन्दू तख्त की सेवा संभालेंगे। इस अवसर पर संत समाज की गरिमामयी उपस्थिति में उन्हें विशेष जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान हिंदू जागरण, राष्ट्रहित और आगामी सांस्कृतिक रणनीतियों को लेकर भी चर्चा की जाएगी। यह आयोजन हिंदू समाज में नई ऊर्जा और दिशा का संचार करेगा। श्री हिन्दू तख्त के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनीर शर्मा, चंडीगढ़ प्रदेश अध्यक्ष मनीष दुबे, और ट्रस्ट के राष्ट्रीय प्रवक्ता अशोक कुमार तिवारी की उपस्थिति इस मौके पर विशेष रूप से रहेगी। कार्यक्रम 5 जुलाई को चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित होगा। यह आयोजन न केवल एक धार्मिक उत्तरदायित्व का हस्तांतरण है, बल्कि हिंदू धर्म की सेवा में समर्पित एक नई दिशा और शक्ति का प्रतीक भी होगा।

# डेराबसी सब्जी मंडी के पास गंदगी के ढेर, प्रशासन की अनदेखी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**डेराबसी, 4 जुलाई।** डेराबसी की सब्जी मंडी के बिल्कुल पास लगे कूड़े के बड़े-बड़े ढेर प्रशासन की अनदेखी को दर्शा रहे हैं। यहां चारों तरफ फैली गंदगी के कारण आम लोगों और दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सब्जी मंडी इलाके में कूड़ा-करकट और गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। सब्जियों के छिलके, प्लास्टिक की बोतलें, थैलियां और अन्य कूड़ा खुलेआम फेंका जा रहा है, जिससे यहां बदबू का माहौल बना हुआ है। इस गंदगी के कारण मक्खियों और मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है, जो इलाके में बीमारियां फैलने का खतरा पैदा कर रहा है।

स्थानीय दुकानदारों और निवासियों ने बताया कि वे कई बार प्रशासन को इस समस्या के बारे में अवगत करा चुके हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि गंदगी के कारण उनके कारोबार पर भी बुरा असर पड़ रहा है क्योंकि ग्राहक बदबू और गंदे माहौल के कारण यहां आने से कतराते हैं।

पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि अगर प्रशासन ने जल्द इस मामले पर ध्यान नहीं दिया तो यह गंदगी आसपास के इलाकों में भी फैल सकती है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं। उन्होंने मांग की है कि नगर काउंसिल या संबंधित विभाग तुरंत इस स्थिति का जायजा ले और कूड़े के ढेरों को हटवाकर सफाई की व्यवस्था करे।

अब देखना यह होगा कि क्या प्रशासन इस गंभीर समस्या पर ध्यान देता है या लोगों को इसी तरह गंदगी भरे माहौल में जीने के लिए मजबूर रहना पड़ेगा।

जब इस बारे में कार्यकारी अफसर डेराबसी रवनीत सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि वैसे तो हर रोज सब्जी मंडी के पास लगे कूड़े के ढेर साफ करवा दिए जाते हैं, पर अगर उसके बाद भी कोई गंदगी रह गई है तो उसे भी साफ करवा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह गंदगी सब्जी मंडी में रेहड़ी लगाने वाले लोग ही यहां फेंकते हैं। इसलिए सब्जी मंडी को यहां से कहीं और शिफ्ट करने की बात चल रही है। सब्जी मंडी के कारण ही यहां ट्रैफिक जाम की समस्या भी बनी रहती है।

# मसीह समाज ने किया जिला इकाई का गठन



अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य

**पिहोवा, 4 जुलाई।** भारतीय मसीह समाज राजनीतिक दल की जिला कुरुक्षेत्र इकाई का गठन पेंटिकोस्टल बिलीवर चर्च, गुलाह रोड, पिहोवा में प्रदेश अध्यक्ष पास्टर सलातीन मसीह की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष बलदेव राज महासचिव पास्टर संदीप पोल सलाहकार ब्रदर निर्मल सिंह प्रभारी पास्टर प्रेम मसीह सहित प्रदेश की पूरी टीम उपस्थित रही। जिसमें 30 चर्चों के पास्टरस ने भाग लिया। बैठक में अध्यक्ष पास्टर रतन सिंह उपाध्यक्ष पास्टर माइकल मसीह महासचिव ब्रदर सैमसन सलाहकार रेवरेंड लोमेश सैनी कोषाध्यक्ष पास्टर राजकुमार जिला प्रभारी रेवरेंड पास्टर प्रेम मसीह चुने गए। इकाई चर्चों की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार के लिए भारतीय संविधान के अनुरूप कार्य करेगी।


आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड/IREL (India) Limited

(भारत सरकार का उपक्रम)

(A Government of India Undertaking)

CIN: U15100MH1950GOI008187 Website: www.irel.co.in wirel.co.in

ISO 9001 2015, ISO 14001 2015

**निविदा सूचना**

संदर्भ: विज्ञापन स.आईआरईएल/कॉ.का./2025-26/01 दिनांक 04/07/2025

आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड बाह्य समाशक्ति की व्यवस्था के लिए मैनपावर स्टाफिंग एजेंसी के चयन हेतु आरएफपी (जीईएम बोली संख्या GEM/2025/B/6410590 दिनांक 03.07.2025) आमंत्रित करता है। बोलीदाता निविदा दस्तावेज हमारी वेबसाइट https://irel.co.in से डाउनलोड कर सकते हैं एवं https://gem.gov.in पर अपनी बोली प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त निविदा के लिए कोई भी शुद्धिपत्र/विस्तार केवल उपरोक्त वेबसाइटों पर ही होस्ट किए जाएंगे।

CBC 48129/12/0002/2526 महाप्रबंधक-तकनीकी


# पर्यावरण स्वच्छता के लिए बेहद महत्वपूर्ण कदम युवाओं को प्रदान करेगा रोजगार के नये अवसर

अर्थ प्रकाश/ मोहित पौलस्त्य

**पिहोवा, 4 जुलाई।** कोरपोरेशन फॉर एअर क्वालिटी मोनिटरिंग के चेयरमैन राजेश वर्मा ने कहा कि बिजली उत्पादन क्षेत्र में फसल अवशेषों का उपयोग पर्यावरण सुरक्षा के साथ-साथ बिजली उत्पादन के लिए एक विशेष समाधान है। वे शुक्रवार को द हिंद समाचार लिमिटेड पावर प्लांट छज्जूपुर पिहोवा में अपने दौरे के दौरान सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से प्लांट की मशीनों के बारे में जानकारी ले रहे थे। इस मौके पर उपमंडल अधिकारी नागरिक कपिल कुमार ने चेयरमैन राजेश वर्मा को पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया। चेयरमैन राजेश वर्मा ने शुक्रवार को अपने दौरे के दौरान सम्बंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों से पावर प्लांट के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस मौके पर चेयरमैन ने द हिंद प्लांट में पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि पराली उत्पादन से बिजली उत्पादन एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पर्यावरण उद्योग और दोनों के लिए बढ़िया है। किसानों और सरकार को इस दिशा में मिलकर काम करना चाहिए। इसे मंजूरी देना और समर्थन करना आवश्यक है। द हिंद समाचार लिमिटेड पावर प्लांट छज्जूपुर में दिल्ली से आए कोरपोरेशन फॉर एअर क्वालिटी मोनिटरिंग के विशेषज्ञों ने भी प्लांट के बारे में दलीप कुमार जीएम कोरपोरेशन से बातचीत की। जीएम ने प्लांट की उचित व्यवस्थाओं व बिजली उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी करने के बारे में विशेषज्ञों को जानकारी दी। इस मौके पर प्लांट हैड सत्येंद्र पाल बख्शी सिंह ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि द हिंद समाचार 15 मेघावाट पैडीवेस्टेज पावर प्लांट है, जिससे लगभग 12 करोड़ युनिट सलाना बिजली तैयार की जाती है। इस प्लांट में 250 से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। इसके अतिरिक्त 750 युवाओं को सीजन के अनुसार रोजगार पर रखा जाता है। उन्होंने बताया कि फसल अवशेषों को किसानों की जमीनों से मशीनों के माध्यम से कटवाने व उठवाने का कार्य भी प्लांट द्वारा किया जाता है। इस मौके पर सुजीत कुमार मैम्बर सेक्रेटरी, प्रदीप कुमार आईएएस मैम्बर सेक्रेटरी, आरके अग्रवाल, विकास सिंह एससी, विरेंद्र शर्मा, भूपेंद्र सिंह, निर्मल कुमार, उपमंडल कृषि अधिकारी मनीष वत्स, राजेश वर्मा सहायक कृषि अभियंता कुरुक्षेत्र, नितिन मेहता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### शहीद कैप्टेन विक्रम बत्रा के शहीदी दिवस पर वर्ल्ड हिमाचली ऑर्गेनाइजेशन चलाएगी पौधरोपण अभियान

# चंडीगढ़ के प्रशासक व पंजाब के राज्यपाल करेंगे इसकी शुरुआत

**शहीद के पिता जी एल बत्रा भी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे**

**वर्ल्ड हिमाचली आर्गेनाईजेशन ने चंडीगढ़ के प्रशासक व राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया के समक्ष शहीद कैप्टेन विक्रम बत्रा के नाम पर पार्क या स्थल का नाम रखने की कही बात**



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़ 4 जुलाई।** कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सेनानी कैप्टेन विक्रम बत्रा के 26वे बलिदान दिवस पर उनकी स्मृति में आगामी 7 जुलाई को चंडीगढ़ व् उसके आसपास के क्षेत्रों में साप्ताहिक पौधरोपण अभियान 'एक पौधा शहीद विक्रम बत्रा के नाम' की शुरुआत करने जा रही है जिसका विधिवत उद्घाटन चंडीगढ़ के प्रशासक व पंजाब प्रदेश के राज्यपाल महामहिम गुलाब चंद कटारिया के कर कमलों द्वारा होगा। शहीद कैप्टेन बत्रा की स्मृति में महामहिम राज्यपाल कटारिया उनके नाम का पौधा राजभवन में लगाकर इसअभियान की विधिवत शुरुआत करेंगे। इस अवसर पर शहीद विक्रम बत्रा के पिता जी एल बत्रा भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इतना ही नहीं उनके पिता सप्ताह भर इस अभियान को जहाँ भी चलाया जायेगा उसमे शामिल होंगे। 'ये जानकारी स्वयंसेवी संस्था वर्ल्ड हिमाचली आर्गेनाईजेशन की चेयरमैन आशा जसवाल ने शुक्रवार पंजाब राजभवन में महामहिम राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से औपचारिक भेंटवार्ता के उपरान्त कही। वे संस्था के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रही थी।

**प्रशासक ने सुझावों को अधिकारियों के समक्ष रखने का आश्वासन दिया**

आये हुए प्रतिनिधिमंडल की बात को सुनने के उपरान्त चंडीगढ़ के प्रशासक व पंजाब के राज्यपाल महामहिम गुलाब चंद कटारिया ने आश्वासन दिया कि उनके सुझावों को वो सम्बंधित अधिकारियों के समक्ष रखेंगे और इसके प्रति न्यायसंगत ढंग के अनुरूप सकरात्मक कार्यवाही करेंगे। राज्यपाल कटारिया के आश्वासन और शहीद के नाम का पंजाब राजभवन में पौधा लगाने की सहमति पर प्रतिनिधिमंडल ने उनका आभार व्यक्त किया।

प्रतिनिधिमंडल में वाईस चेयरमैन रविंद्र पठानिया, अध्यक्ष अमित राणा और महासचिव संजय राजपूत भी उपस्थित थे। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया को ज्ञापन पत्र सौंपा और संस्था द्वारा कुछ सुझाव भी प्रस्तुत किये।

उपरोक्त भेंटवार्ता के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए संस्था की चेयरमैन आशा जसवाल ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया के समक्ष अपनी बात रखते हुए कहा कि चंडीगढ़ में कोई पार्क या स्थल का नाम शहीद कैप्टेन विक्रम बत्रा की स्मृति में रखना चाहिए। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस से न केवल शहरवासियों को, विशेषकर युवा पीढ़ी को उनके बलिदान से प्रेरणा मिलती रहेगी और उनकी वीरता की गाथा सदा जीवंत रहेगी। उन्होंने कहा कि शहीद बत्रा ने चंडीगढ़ से शिक्षा ग्रहण की और उनका चंडीगढ़ के प्रति विशेष लगाव रहा है।

### एमसी ने अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया

# 29 हजार से अधिक प्लास्टिक बोतलों को रिसाइकिल किया गया

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के उपलक्ष्य में, नगर निगम चंडीगढ़ ने अपने महीने भर चलने वाले 'प्लास्टिक मुक्त चंडीगढ़' अभियान का सफल समापन किया, जिसे 5 जून, 2025 को विश्व पर्यावरण दिवस के साथ लॉन्च किया गया था।

कार्यक्रम के दौरान, एमसी के संयुक्त आयुक्त, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर प्रवीण दुग्गल, चंडीगढ़ व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव चड्ढा और मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। उत्सव के मुख्य आकर्षण के रूप में, एमसीसी ने नागरिकों को बायोक्रक्स मशीन के बारे में शिक्षित करने के लिए एक जन जागरूकता अभियान चलाया-प्लास्टिक की बोतलों को रिसाइकिल करने के लिए एक अत्याधुनिक स्वचालित समाधान। नीलम थिएटर, सेक्टर 17 के पास हाल ही में स्थापित इकाई में एक लाइव प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसमें लोगों को जिम्मेदार प्लास्टिक निपटान में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

सामुदायिक भागीदारी को और बढ़ावा देने के लिए, संयुक्त आयुक्त ने दो अनुकरणीय निवासियों-सुश्री मंजू और बजरंगी - को इस्तेमाल की गई प्लास्टिक की बोतलें जमा करने और बायोक्रक्स प्रणाली के माध्यम से 500 ग्रीन पॉइंट अर्जित करने के लिए सम्मानित किया। दोनों को रीसाइकिल प्लास्टिक फैब्रिक से बनी टी-शर्ट और प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। पहल के बारे में बोलते हुए, एमसी कमिश्नर अमित कुमार, आईएएस ने कहा कि कंधारी बेवरेज प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से, एमसीसी ने पहले शहर भर में 11 बायोक्रक्स प्लास्टिक बेलिंग मशीनें लगाई थीं। 1.5 साल पहले अपनी स्थापना के बाद से, इन मशीनों ने सामूहिक रूप से 29,031 प्लास्टिक की बोतलों को रीसाइकिल किया है।

# सार्वजनिक स्थान पर कूड़ा फेंकने पर सेक्टर 17 पीएनबी का चालान

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** नगर निगम चंडीगढ़ ने सार्वजनिक क्षेत्र में कूड़ा फेंकने के लिए सेक्टर 17 स्थित पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) को चालान जारी किया है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के तहत जारी किया गया चालान एमसीसी चालान टीम द्वारा खुले स्थान पर कूड़े के ढेर की खोज के बाद किया गया, जिसमें कई बैंक पर्चियां थीं, जिनमें स्पष्ट रूप से पीएनबी को स्रोत के रूप में पहचाना गया था।

तुरंत कार्रवाई करते हुए, एमसीसी टीम ने डंप किए गए कचरे का गहन निरीक्षण किया और संबंधित बैंक से संबंधित पर्चियां प्राप्त कीं, जिससे कूड़े के स्रोत की पुष्टि हुई। शहर के स्वच्छता मानदंडों और स्वच्छ भारत मिशन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप, बैंक को कचरे के अनुचित निपटान के लिए 13,500 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

एमसीसी आयुक्त श्री अमित कुमार, आईएएस ने शहर के निवासियों के साथ-साथ सभी वाणिज्यिक और संस्थागत प्रतिष्ठानों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का सख्ती से पालन करने की सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी तरह की गंदगी या स्वच्छता मानदंडों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त ने चंडीगढ़ में स्वच्छता बनाए रखने के लिए नगर निगम की प्रतिबद्धता दोहराई और सभी नागरिकों और संगठनों से जिम्मेदारी से काम करने का आग्रह किया।

एमसीसी एक स्वच्छ और हरित शहर सुनिश्चित करने के लिए अपने प्रयासों को जारी रखता है और इस मिशन में जनता से पूर्ण सहयोग चाहता है।

# भाजपा अध्यक्ष नड्डा के पिता के जन्मदिवस पर संजय टंडन ने लिया भाग

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़ 4 जुलाई। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के पूजनीय पिता डॉ नारायण लाल नड्डा के 100 वे जन्म दिवस पर उनके बिलासपुर स्थित पैतृक गाँव में भव्य कार्यक्रम 'जयति शतकम' का आयोजन किया गया जिसमे पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन ने भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने डॉ नारायण लाल नड्डा के शतायु प्राप्त होने पर उनको शुभकामनाएं दी और उनसे आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इसके साथ साथ उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा और उनके समस्त परिवार को इस शुभ अवसर पर बधाई प्रदान की।

कार्यक्रम में धार्मिक अनुष्ठान, हवन, यज्ञ, भजन प्रस्तुति से उपस्थित सभी लोग मंत्रमुग्ध हुए। इस मौके पर संजय टंडन ने अपने बधाई सन्देश में कहा कि डॉ नारायण लाल नड्डा और उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने एक शिक्षक होने के नाते देश और समाज को जागरूक बनाने का काम किया और हमेशा सादगीपूर्ण जीवन व्यतीत किया। उन्होंने समाज के प्रति बहुत से सामाजिक कार्यों को भी किया जो कि अविस्मरणीय हैं और उनके यही संस्कार आगे उनके परिवार के सभी सदस्यों में झलकते हैं। ये उनके द्वारा दिए हुए संस्कारों का ही परिणाम है कि उनके परिजन भी उनकी इस परिपाटी को आगे बढ़ा कर जनता की सेवा में दिन रात लगे हुए हैं।

# आस्था अपार्टमेंट्स में उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार बोरवेल खुदाई कार्य शुरू

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 4 जुलाई।** 17 फरवरी 2025 को उच्च न्यायालय द्वारा जारी किए गए निर्देशों के अनुपालन में, डेराबस्सी के उपमंडलीय मजिस्ट्रेट ( एसडीम) ने ज़ीरकपुर के भबात रोड़ स्थित आस्था अपार्टमेंट्स में बोरवेल खुदाई का कार्य प्रारंभ कर दिया है। यह बहुप्रतीक्षित विकास उस लगातार जल संकट के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका सामना अपार्टमेंट परिसर के निवासियों को पिछले कई महीनों से करना पड़ रहा था। स्वच्छ और पीने योग्य पानी की उपलब्धता न होने के कारण निवासियों को अत्यंत परेशानी और असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। लगातार प्रयासों और कानूनी हस्तक्षेप के बाद, उच्च न्यायालय ने इस मुद्दे की तात्कालिकता को समझा और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

मंगलवार को बोरवेल कार्य के प्रारंभ होने के साथ ही निवासियों में राहत और आशा की भावना जागृत हुई है। अब उन्हें एक स्थायी और सुरक्षित पेयजल स्रोत की उपलब्धता की उम्मीद है। यह विकास न केवल एक बुनियादी नागरिक सुविधा को बहाल करता है, बल्कि न्यायिक और प्रशासनिक प्रणाली में निवासियों के विश्वास को भी पुनः स्थापित करता है।

निवासियों ने समय पर हस्तक्षेप करने के लिए माननीय उच्च न्यायालय का तथा न्यायालय के निर्देशों को क्रियान्वित करने के लिए एसडीम और स्थानीय प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

# खस्ताहाल कम्यूनिटी सेंटरों की सुध लेने वाला कोई नहीं

### कुछ एक कम्युनिटी सेंटर की चाबियां निजी लोगों के हाथों में, लगाया जा रहा है नगर कौंसिल को राजस्व का चूना

**वित्त वर्ष 2024-25 में 31 कम्युनिटी सेंटर्स से मात्र 91438 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ**



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 4 जुलाई।** जीरकपुर शहर में कम्युनिटी सेंटर की संख्या 31 है जिनमें से कुछ कम्युनिटी सेंटर अलग-अलग कार्यों के लिए प्रयोग भी किया जा रहे हैं जैसे के दो कम्युनिटी सेंटर में आंगनबाड़ी केंद्र चल रहे हैं, एक जगह पर पहलवानी अखाड़ा चल रहा है और दो-तीन कम्युनिटी सेंटर में स्वास्थ्य केंद्र भी चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा कुछ कम्युनिटी सेंटर ऐसे हैं जिनकी हालत खस्ता हुई पड़ी है और वह नगर परिषद के अधिकारियों की सीधी नजर का इंतजार कर रहे हैं। नगर परिषद के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार खाली पड़े कम्युनिटी सेंटर अलग-अलग कार्यक्रमों के लिए बुक किए जाते हैं। अगर किसी ने किसी पारिवारिक सदस्य की मृत्यु होने के बाद उसका भोग का कार्यक्रम करना हो तो उसके लिए 1020 रुपये फीस रखी हुई है और अगर किसी ने अपने परिवार का कोई खुशी का कार्यक्रम आयोजित करना हो तो उसके लिए 6080 रुपये फीस रखी हुई है। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में इन कम्युनिटी सेंटर्स में से कुल 91438 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है जो के नाम मात्र ही है। शहर निवासियों का कहना है कि अगर शहर के 31 कम्यूनिटी सेंटरों की मरम्मत करवाकर तथा उसमें सफेदी करवाकर उनकी हालत को ठीक कर दिया जाए तो नगर परिषद जीरकपुर को इनमें से लाखों रुपए राजस्व के रूप में प्राप्त हो सकता है क्योंकि गरीब तथा मधवर्ग परिवारों को मजबूरी में महंगे मैरिज पैलेस शादी के कार्यक्रम के लिए बुक करने पड़ते हैं। जिससे उनको भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है। शहर के लोगों द्वारा समय-समय पर नगर कौंसिल अधिकारियों को इन कम्यूनिटी सेंटरों की मरम्मत के लिए पत्र भी लिखा जा चुके हैं जैसे की वार्ड नंबर 3 में स्थित सैनी विहार फेस 2 में बने हुए कम्युनिटी सेंटर की मरम्मत के लिए करीब 15 दिन पहले वार्ड पार्षद आरती शर्मा द्वारा भी पत्र लिखा जा चुका है।

दूसरी और गांव सनौली में बने हुए कम्युनिटी सेंटर की हालत इतनी खस्ता है कि अधिकारियों को जानकारी होने के बावजूद भी उसे कम्युनिटी सेंटर में भेड़ बकरियां ही आराम करती नजर आती है और उन्हें वहां से निकला नहीं जा रहा। अगर उस कम्युनिटी सेंटर की हालत में सुधार कर दिया जाए तो गांव का एकमात्र कम्युनिटी सेंटर नगर परिषद के लिए एक बड़ी कमाई का साधन बन सकता है।

**2 महीने पहले इंस्पेक्टर अशोक का बयान निकला हवा हवाई**

इस संबंध में दो महीने पहले इंस्पेक्टर अशोक से जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि अब नगर परिषद जीरकपुर में नए कार्यकारी अधिकारी आ चुके हैं हमने उन्हें सारे कम्यूनिटी सेंटरों की सूची के साथ एक पत्र लिखकर सारे कम्यूनिटी सेंटरों की मरम्मत के लिए लिखा जाएगा। उसके बाद सारी जगह पर सर्वे करने के बाद ही एस्टीमेट बनाया जाएगा और मरम्मत का काम करवाया जाएगा, परंतु अभी तक कोई भी पत्र इस संबंध में नहीं लिखा गया।

जिस जिस क्षेत्र में कम्युनिटी सेंटर को रिनोवेशन की जरूरत है वहां पर संबंधित के को कहकर एस्टीमेट तैयार करवाए जाएंगे और कुछ एक जगह का एस्टीमेट बना भी चुका है।

**मैडम प्रोमिला सुपरिंटेंडेंट नगर परिषद जीरकपुर**



सम्पादकीय

# मान की शक्ति, भ्रष्ट अधिकारियों पर नकेल, अच्छा प्रयास

लुधियाना पश्चिम हलके से उपचुनाव के दौरान मुख्यमंत्री भगवंत मान ने वादा किया था कि पार्टी उम्मीदवार के जीत दर्ज करने के बाद उसे अपनी कैबिनेट में मंत्री बनाएंगे। हलके के लोगों ने आम आदमी पार्टी पर यकीन किया और पार्टी उम्मीदवार संजीव अरोड़ा को जीत प्रदान की और अब मुख्यमंत्री ने संजीव अरोड़ा को उद्योग सहित तीन विभागों का मंत्री बनाकर जहां अपना वादा पूरा किया है, वहीं प्रदेश के उद्योगपतियों को भी यह संदेश दिया है कि उनके हितों की रक्षा हर हाल में की जाएगी। पंजाब में मान सरकार ने राज्य में उद्योगपतियों के लिए अनेक रियायतें जारी की हैं। राज्य में आंदोलनों को रोका गया है, जिनकी वजह से कच्चा प्रदेश में आ नहीं पा रहा था और तैयार माल को बाहर भेजना असंभव हो रहा था। गौरतलब है कि मान सरकार ने हर महीने मंत्रियों के कामकाज का रिव्यू आरंभ किया है। इसका अभिप्राय यह है कि प्रत्येक मंत्री के काम को जांचा जाएगा। यह अपने आप में उचित निर्णय है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इसका निर्णय लिया है कि सभी मंत्रियों के लगभग सवा तीन साल के कामों की समीक्षा की जाएगी। निश्चित रूप से राज्य सरकार की ओर से बीते कुछ समय के दौरान अनेक प्रभावकारी कदम उठाए गए हैं और जनता ने इन्हें पसंद किया है। हालिया उपचुनाव मान सरकार के लिए परीक्षा की घड़ी था, जिसे उसने पास कर लिया। हालांकि अभी पांच साल बाद बड़ी परीक्षा बाकी है, जिसकी तैयारी पार्टी अभी से कर रही है।

**मुख्यमंत्री भगवंत मान सरकार राज्य में तमाम ऐसे कदम उठा रही है, जोकि इसके विकास की गति को तेज कर रहे हैं। प्रदेश में ऐसा पहली बार हो रहा है, जब एक सरकार ने अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में 51655 युवाओं को सरकारी नौकरियां दे दी हों। मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि अभी 50 हजार और युवाओं को नौकरी दी जाएंगी। आज के समय में एक सरकार के द्वारा रोजगार देना ही सबसे बड़ी जनसेवा है। इस लिहाज से आप सरकार ने राज्य में वह काम कर दिखाया है, जोकि एक मिसाल है। पंजाब में एक वह भी समय था, जब पता ही नहीं चलता था कि कितनों को और कहां नौकरी मिली है। लेकिन अब पारदर्शिता से सब कुछ सामने आ रहा है।**

पंजाब में आप ने प्रचंड बहुमत के साथ विधानसभा चुनाव जीता था। मुख्यमंत्री मान के समक्ष यह कोई प्रश्न नहीं है कि मंत्रियों को बदले जाने से उनके नाराज होने का संकट है। निश्चित रूप से पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का पूरा फोकस पंजाब पर है। वे खुद मुख्यमंत्री मान के साथ मंच पर मौजूद रहकर योजनाओं को लागू करवा रहे हैं। अब उनके ही दिशा निर्देश पर सरकार में जहां प्रयोग हो रहे हैं, वहीं पार्टी संगठन को भी संगठित किया जा रहा है। बेशक, इसकी स्पष्ट वजह सामने नहीं आ रही कि कुलदीप धालीवाल को मंत्रिमंडल से बाहर क्यों किया गया है, लेकिन संभव है, दूरगामी हित में यह निर्णय लिया गया हो। कैबिनेट के सभी मंत्रियों के कामकाज की समीक्षा का मतलब यही है कि उन मंत्रियों को बाहर किया जाए जोकि अप टू मार्क काम नहीं कर पाए हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान राज्य को रंगला बनाने की योजना का ऐलान कर चुके हैं। यह लक्ष्य तभी हासिल हो पाएगा, जब सरकार के मंत्रियों का रिपोर्ट कार्ड सही होगा वहीं विधायक और सांसद भी अपनी भूमिका का सही से निर्वाह करेंगे।

मुख्यमंत्री भगवंत मान सरकार राज्य में तमाम ऐसे कदम उठा रही है, जोकि इसके विकास की गति को तेज कर रहे हैं। प्रदेश में ऐसा पहली बार हो रहा है, जब एक सरकार ने अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में 51655 युवाओं को सरकारी नौकरियां दे दी हों। मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि अभी 50 हजार और युवाओं को नौकरी दी जाएंगी। आज के समय में एक सरकार के द्वारा रोजगार देना ही सबसे बड़ी जनसेवा है। इस लिहाज से आप सरकार ने राज्य में वह काम कर दिखाया है, जोकि एक मिसाल है। पंजाब में एक वह भी समय था, जब पता ही नहीं चलता था कि कितनों को और कहां नौकरी मिली है। लेकिन अब पारदर्शिता से सब कुछ सामने आ रहा है। राज्य में युवाओं को इस समय विदेश जाकर अपना धन, समय और जान संकट में डालने की गलत आदत है, अगर राज्य सरकार इसी प्रकार नौकरी देने और रोजगार पैदा करने के अपने मिशन में संलग्न रही तो वह समय दूर नहीं है, जब इस गलत आदत से युवा तौबा कर लेंगे।

पंजाब अब उम्मीद और आशा का बड़ा केंद्र नजर आता है और जनता खुद को आशावान महसूस करती है। वास्तव में राज्य में युवाओं को अब उम्मीद की नई किरण नजर आ रही है और आप सरकार एवं मुख्यमंत्री मान की कार्यप्रणाली की प्रशंसा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री मान ने इसकी भी घोषणा की थी कि राज्य में भ्रष्ट नेताओं के मामलों की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए जाएंगे वहीं पूरी कार्रवाई को तय समय में निपटाया जाएगा। मुख्यमंत्री मान की सख्ती का असर है कि भ्रष्ट अधिकारियों पर अब कड़ी कार्रवाई की जा रही है। भ्रष्टाचार पर कार्रवाई करते हुए सरकार ने अब फील्ड अफसरों की संपत्ति की भी जांच के आदेश दिए हैं। जाहिर है, पंजाब बीते वर्षों में बदलाव के दौर से गुजरा है और अब वह तेजी से अपने लक्ष्य की तरफ बढ़ता नजर आ रहा है।

# अर्थ–प्रधान विश्वकरि राखा

दैनिक अर्थ प्रकाश

स्पिरिचुअल हीलर
सिद्ध गुरू प्रमोद निर्वाण

गिनीज़ विश्व रिकॉर्ड विजेता लेखक




गूगल बाबा हमारे बारे में इतना कुछ जानते हैं जितना खुद हमें भी अपने बारे में पता नहीं है। हम बहुत सी बातें भूल जाते हैं, गूगल नहीं भूलता। हमारी याद्दाश्त सिलेसिलेवार नहीं है, गूगल का डेटा एकदम सटीक है। हम क्या खाते हैं, कहां जाते हैं, क्या पहनना पसंद करते हैं, कहां पैसा लगाते हैं, कहां खर्च करते हैं, कितना खर्च करते हैं, आदि का पूरा डेटा विभिन्न स्रोतों से गूगल और ऐसी ही मार्केटिंग कंपनियों के पास है। ये कंपनियां एक-दूसरे को डेटा बेचने या डेटा देने का काम करती हैं और एक तरह से हम सब इन कंपनियों के सामने वस्त्रहीन ही हैं, हमारे पास निजता या प्राइवेसी नाम की कोई चीज़ अब बची नहीं है।

मार्केटिंग कंपनियां अब अपने उत्पादों और अपनी सेवाओं की कमियों के बारे में आधी-अधूरी जानकारी देती हैं, उनसे होने वाले नुकसान के बारे में चुप्पी साध लेती हैं, खूबियों को बढ़ा-चढ़ाकर बताती हैं और उसमें भी झूठ का मुलम्मा चढ़ा देती हैं। इन कंपनियों ने समझ लिया है कि ज़माना पैकेजिंग का है, सो जो कुछ भी बेचना है उसे आकर्षक रूप में पेश करना इनकी महारत बन गई है। जीवन का कोई भी क्षेत्र इन कंपनियों की चालाकियों से अछूता नहीं रह गया है। फटाफट ज्यादा से ज्यादा लाभ कमाने का लालच और पैसे की दौड़ में व्यस्त दुनिया की हालत इतनी असंवेदनशील हो गई हे कि लगता है कि पूरी दुनिया ही 'अर्थ-प्रधान विश्वकरि राखा' के रोग से ग्रस्त हो गई है। हालात इतने खराब हैं कि स्वास्थ्य सेवाओं की शुचिता पर भी विश्वास डिगने लग गया है। कहने को तो मनुष्य इस धरती का सर्वाधिक उन्नत जीव है लेकिन विडंबना यह है कि इस धरती पर अकेला मनुष्य ही ऐसा जीवहै जिसे अपने स्वास्थ्य की रक्षा के लिए वृहतमार्ग दर्शन ही नहीं बल्कि दवाओं, टीकों और आपरेशन आदि की भी आवश्यकता है। तुर्रा यह कि इलाज के दौरान कोई डॉक्टर या अस्पताल हमारा कितना नुकसान कर देगा कहना मुश्किल है। यही नहीं, ऐसे बहुत से मामले नज़र में आते हैं जहां किसी मरीज़ की मृत्यु के बाद भी बहुत से नामचीन अस्पताल मरीज़ को वेंटिलेटर पर रखा हुआ दिखाकर बिल बढ़ाने से भी नहीं हिचकते।

चिकित्सा जगत से जुड़े लोग अपनी अनौपचारिक बातचीत में अक्सर स्वीकार करते हैं कि चिकित्सा विज्ञानका हर विद्यार्थी अधिकांश बीमारियों के बारे में जो पहली बात सीखता है वह है – 'यह बीमारी कई विभिन्न कारणों से हो सकती है। अभी हमें इस बीमारी के सभी सही कारणों के बारे में पूरी जानकारी नहीं है। इस बीमारी का कोई स्थाई इलाज संभव नहीं है।' यही कारण है कि बीमारी को समझने का काम बहुत कुछ परंपरागत तरीक़ों से भी किया जाता है और बीमारी का सही निदान बहुत कुछ संबंधित चिकित्सक के अनुभव और कुशलता पर निर्भर करता है। इसमें एक और बाधा यह है कि बीमारी के निदान के समय चिकित्सक की अपनी मनोस्थिति यदि ठीक न हो, यानी, वह थका हुआ हो, उदास हो, निराश हो, क्रोध में हो, पछतावे की भावना आदि का शिकार हो तो उसके अनुभव और कौशल के बावजूद निदान एकदम गड़बड़ भी हो सकता है क्योंकि वैधानिक रूप से स्वीकृत बहुत सी दवाइयों के साइड इफैक्ट भी इतने खराब हो सकते हैं मानो रोगी नशे का आदी रहा हो, जबकि मरीज़ ने जीवन में कभी बीड़ी-सिगरेट तक को भी न छुआ हो।

रोज़-रोज़ प्रकाशित होने वाले शोध कार्यों का हाल भी कोई बहुत अच्छा नहीं है। बिना पूरी प्रक्रिया के शोध स्वीकृत हो जाने के मामलों की तो कमी कभी नहीं रही, पर इससे भी बड़ी बाधा यह है कि शोध करने वाली टीम के निष्कर्ष उन्हें प्रायोजित करने वाली कंपनियों की आवश्यकताओं के हिसाब से बनाये जाने लग गये हैं, यानी, शोध के नाम पर होने वाले काम जालसाज़ी सरीखे हो गये हैं। यह स्वीकार करने में कोई हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए कि स्वास्थ्य संबंधी शोधकार्यों का हाल भी इससे कोई अलग नहीं है।

हमारा जीवन बहुत सरल था, अब भी सरल हो सकता है लेकिन दिखावे, सुविधा, अहंकार और आलस्य के कारण हम विभिन्न कंपनियों के जाल में फंसकर भाग दौड़ भरा जीवन जीने के लिए विवश हो गये हैं। किसी भी शहर के किसी बड़े स्कूल में पढ़ रहे छोटे-छोटे बच्चों से बात कीजिए तो आपको समझ आ जाएगा कि हमारे बच्चे भी दिखावे की प्रवृत्ति के शिकार हैं। इन नौनिहालों में भी इस बात की प्रतियोगिता रहती है कि स्कूल की छुट्टियों के दौरान मम्मी-पापा हमें कि सदेश में लेकर गये, सप्ताहांत का हमारा डिनर किस होटल में होता है, हम कौन से ब्रांड के कपड़े पहनते हैं, किसके पास कौन सा नया खिलौना आया है, जन्मदिवस पर क्या-क्या आडंबर किये गये, आदि बातें इन बच्चों की आपसी चर्चा में भी शामिल हो गई हैं। पति-पत्नी दोनों जॉब में हैं, दोहरी आय है तो दिखावा करना आ ही जाता है। पैसा थोड़ा भी फालतू हो तो सुविधाएं बढ़ जाती हैं, सुविधाएं बढ़ें तो 'बड़े आदमी' होने का अहंकार आ ही जाता है, सुविधाएं बढ़ें तो विलासिता ही नहीं, आलस्य भी जीवन का हिस्सा बन जाता है क्योंकि हर काम करने के लिए कोई न कोई सहायक मौजूद है ही। अब जीवन ऐसा है तो यह भी आवश्यक है कि पैसा अधिक हो, अधिक से भी कुछ अधिक हो। पैसा अधिक कामना है तो जीवन में भागदौड़ बढ़ गई है। हम हमेशा जल्दी में ही हैं। आवश्यक कामों के लिए भी समय नहीं है। परिणाम यह है किस मया भाव और अहंकार के चलते सबसे करीबी रिश्ते भी टूट रहे हैं। तलाक के ऐसे-ऐसे मामले सामने आते हैं कि दांतों तले उंगली दबानी पड़ जाती है। रिश्तों की टूटन ने भाई को भाई का, बच्चों को मां-बाप का और पति-पत्नी को एक-दूसरे का दुश्मन बना दिया है। शादी के नाम तक से डर लगने लगा है कि पता नहीं जीवन साथी बनने वाला शख्स हमारे जीवन का हंता ही तो नहीं बन जाएगा।

जीवन को सरल बनाना कोई ज्यादा मुश्किल नहीं है। हम सिर्फ एक ही बीमारी 'लोग क्या कहेंगे?' को छोड़ दें तो आधी समस्याएं खुद ही खत्म हो जाएंगी। दिखावा बंद हो जाए तो इच्छाओं पर नियंत्रण संभव है। इच्छाएं नियंत्रित हो जाएं तो लालच खत्म, लालच खत्म तो पैसे की हाहाकार खत्म, अनावश्यक पैसे की चाह गई तो जीवन की फालतू भागदौड़ खत्म, और फिर जीवन में शांति और सुकून। फिर यह दुनिया हमारे लिए अर्थ-प्रधान न होकर शांति-प्रधान बन जाएगी। ऐसे ही जीवन के लिए कहा गया हैकि''चाह गई, चिंतामिटी, मनुआबे परवाह, जिनको कछु न चाहिए, वे साहन के साह!''

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### नगर सजपा की रैली: उद्देश्य से भटकी भाजपा पे अटकी

चंडीगढ़। पिछले दिनों चंडीगढ़ सजपा के ग्रामीण प्रकोष्ठ द्वारा यहां के सेक्टर 17 में विशाल धरना व रैली आयोजित की गई। रैली के आयोजन के दो तीन मुख्य उद्देश्य थे,आयोजकों के अनुसार तो खैर रैली का उद्देश्य पुलिस महानिदेशक का तबादला, तीसरे चरण के काम को पूरा करने में हुई देरी की उच्चस्तरीय जांच और ग्रामीणों की समस्याओं के प्रशासन को अवगत करवाना ही थे लेकिन रैली में जिस तरह के भाषण सजपा नेताओं द्वारा दिये गए उनसे तो रैली का मकसद ही कुछ और जान पड़ता था। सजपा नेता प्रो. आहूजा और चंडीगढ़ सजपा के अध्यक्ष अनिल खोसला के भाषणों का नव्वे फीसदी भाग भाजपा नेताओं व उनके द्वारा आयोजित क्रमिक भूख हड़ताल के बारे में था। प्रो. अहूजा ने जहां दवाओं के विक्रेता एवं वरिष्ठ भाजपा नेता पर नकली दवाए बेचने का आरोप लगाया वहां अनिल खोसला ने भाजपा नेताओं पर कैलेंडरों की तरह ईमान बदलने का आरोप शायराना अंदाज में लगाया। इन लोगों के भाषणों से प्रतीत होता था कि धरने व रैली का मकसद भाजपा नेताओं के बखिये उधेड़ना व उनके द्वारा भूख हड़ताल के तेरहवें दिन विजय दिवस मनाने के ढोंग का पर्दाफाश करना था। उन्होंने भाजपा द्वारा आयोजित क्रमिक भूख हड़ताल को तेहरवें दिन समाप्त करने पर उठाला की संज्ञा दी क्योंकि भारतीय सांस्कृति में किसी व्यक्ति के मरने पर तेरह दिन शोक मनाया जाता है और उनके बाद उसकी तेरहवीं करने के बाद उठाला कर दिया जाता है। प्रो. आहूजा के मुताबिक हिमाचल प्रदेश में जब आंत्रशोध की बीमारी फैली थी तो चंडीगढ़ के एक दवाओं के विक्रेता भाजपा नेता से दवाईयां सप्लाई की थी।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1658- मुगल शासक औरंगजेब ने अपने बड़े भाई मुराद बख्श को बंदी बनाया।

1811- वेनेजुएला के सात प्रांतों ने स्पेन के शासन से स्वतंत्रता की घोषणा की।

1922- नीदरलैंड में पहली बार आम चुनाव हुए।

1935- फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट ने अमेरिका के नेशनल लेबर रिलेशंस कानून पर हस्ताक्षर किए।

1947- भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम 1947 को ब्रिटेश संसद में पेश किया गया। इसे 18 जुलाई को ब्रिटिश राजशाही की मंजूरी मिली।

1950- नये कानून के तहत सभी यहूदियों को इजरायल में रहने की अनुमति दी गयी।

1954- बीबीसी ने अपने पहले टीवी समाचार बुलेटिन का प्रसारण किया।

1959- इंडोनेशिया में संविधान बहाल किया गया।

1960- मंगोलिया ने संविधान अपनाया।

1962- अल्जीरिया 132 साल के फ्रांसीसी शासन से आजाद हुआ।

1968- भारत की पहली पनडुब्बी सोवियत रूस से पहुंची।

1977- जनरल मोहम्मद जिया उल-हक के नेतृत्व में पाकिस्तानी सेना ने तख्ता पलट कर देश के शासन पर कब्जा किया।

1994- जेफ बेजोस ने ई-कॉमर्स वेबसाइट अमेजन की स्थापना की।

1998- टैंक भेदी प्रक्षेपास्त्र 'नाग' का परीक्षण।

1998- महाबलीपुरम में डाल्फिन सिटी का उद्घाटन।

2013- इराक की राजधानी बगदाद की एक मस्जिद पर हुए बम हमले में 15 लोगों की मौत।

## बोल ब्यूटीफुल



**मकरंद वेगणाकर:** सवाल यह नहीं है कि बुमराह को आराम दिया जाना चाहिए था। सवाल यह है कि क्या एक सप्ताह के आराम के बाद बुमराह खेलना चाहते थे या नहीं। इससे 'क्लब बनाम देश' वाली पुरानी बहस नए सिरे से शुरु हो गई है। अगर यही सिलसिला कायम रहा तो फिर टेस्ट क्रिकेट के लिए अपना वजूद बचाए रखना मुश्किल होगा। दुखद किन्तु सत्य।

**संजय निरुपम:** महाराष्ट्र में रहने वालों से मराठी में संवाद का आग्रह तो उचित है, पर इसके लिए गुंडागर्दी और मारपीट सर्वथा अनुचित है। ऐसी घटनाओं का राज्य सरकार संज्ञान ले। अन्याथा बीएमसी चुनाव तक मुंबई और आसपास रहने वाले गरीब, कमजोर गैर मराठी भाषी लोगों की सुरक्षा खतरे में रहेगी।

# क्या भारत ग्लोबल साउथ में अपनी खोई विरासत फिर हासिल कर पाएगा?

'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद तमाम सवालों से घिरे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब घाना की धरती पर उतरे, तो उनके कदमों में 75 साल की उम्र की थकान और हार न मानने की जिद एकसाथ झलक रही थी। अक्रा के हवाई अड्डे पर, हल्के नीले नेहरू जैकेट में सजे मोदी का चेहरा तनाव और सुकून के मिश्रित भाव लिए था। शायद यह नेहरू जैकेट सिर्फ एक परिधान नहीं, बल्कि उस नेहरू की याद का प्रतीक था, जिन्होंने कभी घाना की जनता को आजादी और ग्लोबल साउथ की एकजुटता का सपना दिखाया था। घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामाहा ने उनका स्वागत किया, लेकिन हवा में सवाल गूँज रहे थे। ऑपरेशन सिंदूर की आधी-अधूरी कहानी, अमेरिका की मध्यस्थता की खबरों ने भारत की स्वायत्तता को कटघरे में खड़ा किया है, और हालिया भारत-पाक तनाव में चीन की सैन्य मदद ने ग्लोबल साउथ में भारत की साख को दांव पर ला दिया है।

क्या यह घाना, जो कभी गांधी और नेहरू की अहिंसा व साझेदारी से प्रेरित था, मोदी के नेतृत्व में भारत के ग्लोबल साउथ के सपने को नया जीवन दे पाएगा? क्या यह यात्रा, गंभीर सवालों से जूझ रही विदेश नीति को पुनर्परिभाषित करने की बजाय, एक और कूटनीतिक शो बनकर रह जाएगी?

**ऑपरेशन सिंदूर और कूटनीतिक भंवर:** पिछले महीने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत ने सीमित सैन्य कार्रवाई की। सेना निर्णायक कदम के लिए तैयार थी, मगर आखिरी पल में राजनीतिक नेतृत्व ने कदम पीछे खींच लिए। इंडोनेशिया में तैनात नौसेना अधिकारी कैप्टन शिव कुमार ने खुलासा किया, 'हम तैयार थे, लेकिन रणनीति में स्पष्टता की कमी ने हमें रोका।' इस खुलासे ने देश में हलचल मचा दी। अमेरिका की मध्यस्थता की खबरों ने भारत की स्वायत्त कूटनीति पर सवाल उठाए। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने तंज कसा, 'मोदी सरकार की विदेश नीति अब फोटो सेशन और खोखली घोषणाओं तक सिमट गई है। नीतिगत दृढ़ता गायब है।' पर्दे के पीछे, चीन की भूमिका ने आग में घी डाला। हालिया भारत-पाक तनाव में चीन ने पाकिस्तान को फाइटर जेट, मिसाइल, और सैटेलाइट डेटा देकर समर्थन दिया, जिसे विशेषज्ञ भारत के खिलाफ रणनीतिक चाल मानते हैं।

**घाना यात्रा: अवसर या मजबूरी?**

इस तूफानी माहौल में मोदी अक्रा पहुंचे। घाना की संसद में उनका स्वागत पारंपरिक ढोल की थाप और स्थानीय गीतों ने किया। मोदी ने ट्वीट किया, 'अक्रा पहुंचना सम्मान की बात है। राष्ट्रपति महामाहा का स्वागत हमारे पुराने, भरोसेमंद रिश्तों का प्रतीक है। हम भारत-घाना संबंधों को नई ऊँचाइयों पर ले जाएंगे।' लेकिन सवाल वही है–क्या यह यात्रा ऑपरेशन सिंदूर की चूक, अमेरिका पर निर्भरता, और चीन की बढ़ती चुनौती को पार कर भारत की साख सुधारेगी? या यह सिर्फ एक और कूटनीतिक चमक-दमक बनकर रह जाएगी?

**भारत-घाना: ऐतिहासिक बंधन और रोचक किस्से**

अक्रा के बाजारों में भारतीय मसालों की खुशबू और बॉलीवुड गानों की गूँज घाना को भारत से जोड़े रखती है। यह रिश्ता कागजी कूटनीति से कहीं गहरा है–यह साझा संघर्ष और सपनों की कहानी है। 1950 के दशक में घाना के पहले राष्ट्रपति क्वामे एनक्रूमा भारत आए। गांधी की अहिंसा और नेहरू की 'ग्लोबल साउथ' की सोच ने उन्हें इतना प्रभावित किया कि उन्होंने घाना की आजादी की लड़ाई को नई दिशा दी। 1957 में घाना के आजाद होने पर भारत ने वहाँ अपना पहला दूतावास खोला।

एक पुराना किस्सा है–1960 में नेहरू की घाना यात्रा के दौरान एनक्रूमा ने उन्हें एक शानदार 'केन्टे' कपड़ा भेंट किया, जो आज अक्रा के नेशनल म्यूजियम में प्रदर्शित है। उस स्वागत में स्थानीय जनजातियों ने ढोल-नगाड़ों के साथ नृत्य किया, और नेहरू की सादगी ने सबका दिल जीत लिया। 2011 में मनमोहन सिंह की यात्रा भी कम यादगार नहीं थी। नीली पगड़ी और सादे सूट में वह घाना की संसद में बोले, 'भारत अफ्रीका का प्राकृतिक सहयोगी है। हमारा रिश्ता संसाधनों या निवेश तक सीमित नहीं, बल्कि साझा विकास और मानवीय सहयोग पर आधारित है। उनकी बातों में गहराई थी, और स्वागत में घानाई गायकों ने पारंपरिक गीत गाए।

**आर्थिक समीकरण: प्रगति और चुनौतियाँ**

भारत-घाना व्यापार नेहरू काल से लंबा सफर तय किया है। 2004 में यह महज 213 मिलियन डॉलर था, जो मनमोहन सिंह के कार्यकाल में 2013-14 तक 1.2 अरब डॉलर पहुंचा। मोदी सरकार में यह 2017-18 में 3.34 अरब और 2018-19 में 4.48 अरब डॉलर तक गया, लेकिन 2023-24 में 2.51 अरब तक सिमट गया। 2024-25 (अप्रैल-अक्टूबर) में शुरुआती व्यापार 3.13 अरब डॉलर रहा। भारत का व्यापार घाटा बढ़ा है, क्योंकि घाना से सोना और तेल (घाना के निर्यात का 70 प्रतिशत) तेजी से आयात हो रहा है।

भारत ने घाना को 450 मिलियन डॉलर की लाइन ऑफ क्रडिट दी, जिससे गांवों में बिजली, आईटी पार्क, और स्वास्थ्य सुविधाएँ बनीं। लेकिन चुनौती सामने खड़ी है–चीन। घाना इन्वेस्टमेंट प्रमोशन सेंटर के



मुताबिक, भारत प्रोजेक्ट संख्या में दूसरे स्थान पर है, लेकिन निवेश राशि में चीन, स्पेन, और मिस्र से पीछे है। 1994-2024 में भारत का निवेश 1.92 अरब डॉलर रहा, जबकि चीन का इससे कहीं अधिक। 2023 में भारत का निवेश 77.93 मिलियन डॉलर था, लेकिन चीन की आर्थिक पकड़ मजबूत है।

**ग्लोबल साउथ में चीन को चुनौती?**

हालिया भारत-पाक तनाव में चीन ने पाकिस्तान को फाइटर जेट, मिसाइल, और सैटेलाइट डेटा देकर समर्थन दिया, जिसे विशेषज्ञ भारत के खिलाफ रणनीतिक चाल मानते हैं। घाना की सड़कों पर पारंपरिक नृत्यों की रौनक के बीच मोदी की यह यात्रा सिर्फ भारत-घाना दोस्ती की कहानी नहीं है। यह ग्लोबल साउथ में भारत की साख को पुनर्जनन करने और चीन की आक्रामकता को टक्कर देने की कोशिश है। चीन ने अफ्रीका में 200 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश किया है, जबकि भारत 80 बिलियन के आसपास है। घाना में चीन की पकड़ इंफ्रास्ट्रक्चर और खनन में मजबूत है। लेकिन भारत की ताकत उसकी सॉफ्ट पावर में है–ऐतिहासिक दोस्ती, सांस्कृतिक जुड़ाव, और लोकतांत्रिक मूल्य।

मोदी की यह यात्रा आर्थिक प्रतिद्वंद्विता का नया अध्याय भी शुरू कर सकती है। घाना के तेल-गैस भंडार, समुद्री मार्गों की सुरक्षा, और ग्लोबल साउथ में नेतृत्व के लिए भारत के पास मौका है। यह भारत के लिए न सिर्फ घाना, बल्कि पूरे अफ्रीका में अपनी स्थिति मजबूत करने का अवसर है, बशर्ते यह चीन की रणनीति को संतुलित करने के लिए स्पष्ट कदम उठाए।

**सांस्कृतिक ताकत और जनमानस**

अक्रा के बाजारों में भारतीय मसालों की खुशबू और अमिताभ बच्चन व शाहरुख खान की फिल्मों की गूँज घाना को भारत से जोड़े रखती है। 15,000 भारतीय समुदाय, योग, और क्रिकेट यहाँ भारत की सॉफ्ट पावर हैं। एक पुराना किस्सा है–1980 के दशक में 'डिस्को डांसर' ने घाना के सिनेमाघरों को फिर से जिंदा कर दिया। आज भी वहाँ के बुजुर्ग 'आओ, ओम शांति ओम' गुनगुनाते हैं। लेकिन चीन और यूरोपीय देशों की आक्रामक मौजूदगी ने भारत के लिए मुकाबला कठिन कर दिया। घाना की सड़कों पर बच्चों के नृत्य और पारंपरिक गीत भारत-घाना की दोस्ती की गर्मी दिखाते हैं, मगर क्या यह नीतिगत ठोस कदमों में बदलेगा?

**मोदी का इम्तिहान**

घाना की संसद से लेकर अक्रा की सड़कों तक, मोदी की यह यात्रा कोई साधारण कूटनीति नहीं। यह भारत की विदेश नीति की अग्निपरीक्षा है। भारत कई मोर्चों पर जूझ रहा है। ऑपरेशन सिंदूर का अधूरा नतीजा जनता के मन में सवाल छोड़ गया है। कैप्टन शिव कुमार जैसे सैन्य अधिकारियों ने सरकार की रणनीतिक अस्पष्टता पर उंगली उठाई है। अमेरिका की मध्यस्थता की खबरों ने भारत की स्वायत्तता को कटघरे में खड़ा किया। और अब, चीन की पाकिस्तान को सैन्य मदद ने भारत को ग्लोबल साउथ में अपनी साख बचाने की चुनौती दी है।

मोदी के सामने सवाल है–कि क्या वह इस यात्रा को भाषणों और ट्वीट्स से आगे ले जा पाएंगे? यह मौका है–नेहरू और एनक्रूमा की ऐतिहासिक दोस्ती को नया जीवन देने का, ग्लोबल साउथ में भारत की पुरानी साख को पुनर्जीवित करने का, और चीन की आक्रामकता का मुकाबला करने का। अगर यह यात्रा भाषणबाजी तक सिमट गई, तो विपक्ष का तंज–'विदेश नीति उड़ानों और उद्घाटनों तक सीमित है'–और गहरा हो जाएगा।

**घाना क्यों ज़रूरी है?**

घाना भारत के लिए एक रणनीतिक खजाना है। इसके बाजारों में कोको और सोने की चमक भारत की आर्थिक भूख को ललचाती है। यह देश तेल, बॉक्साइट, और कोको का पावरहाउस है। भारत ने यहाँ आईसीटी, हेल्थकेयर, कृषि, और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश किया है। 450 मिलियन डॉलर की लाइन ऑफ क्रेडिट ने घाना के गाँवों में बिजली, आईटी पार्क, और अस्पताल बनाए हैं। घाना का तेल भारत की ऊर्जा जरूरतों को मिटा सकता है। अटलांटिक महासागर के समुद्री मार्ग भारत की सुरक्षा रणनीति का हिस्सा हैं। और सबसे बड़ी बात, घाना ग्लोबल साउथ में भारत के नेतृत्व को मजबूत करने का रास्ता खोल सकता है। घाना की सामाजिक ताकत भी अनोखी है। यहाँ महिलाओं की आबादी पुरुषों से अधिक है, जो सामाजिक बदलाव की मिसाल है। भारत के लिए यह मौका है–साझा लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने का, और अफ्रीका में अपनी सॉफ्ट पावर को चमकाने का। लेकिन चीन की गहरी आर्थिक पकड़ और यूरोपीय देशों की नई सक्रियता रास्ते में रोड़े हैं। घाना की सड़कों पर पारंपरिक नृत्यों की रौनक भारत-घाना की दोस्ती की गर्मी दिखाती है। मोदी की इस यात्रा से भारत और घाना नये बदलते वैश्विक दौर में रिश्तों की नयी परिभाषा लिखें, यह दोनों देशों की जनता चाहेगी। इसके लिए दोनों देशों को दिखावे से अलग जमीनी हकीकत और ज़रूरत के हिसाब से ठोस कदम उठाने होंगे। यह यात्रा तस्वीरों और ट्वीट्स की चमक से आगे बढ़नी चाहिए। यह भारत के लिए मौका है–ग्लोबल साउथ में नेतृत्व को नई परिभाषा देने का, ऐतिहासिक साझेदारी को ठोस नीतियों में बदलने का, और चीन से मुकाबले के लिए रणनीतिक स्पष्टता लाने का। घाना का इतिहास हमें सिखाता है कि सच्ची दोस्ती परस्पर विश्वास और ठोस कदमों से बनती है। नेहरू और एनक्रूमा ने यह दिखाया था। क्या मोदी इस बार उस विरासत को नया जीवन दे पाएंगे, या यह यात्रा एक और कूटनीतिक सैर-सपाटा बनकर रह जाएगी? भारत को चाहिए रणनीतिक स्पष्टता, आर्थिक ताकत, और सांस्कृतिक जुड़ाव। अगर यह मौका चूक गया, तो सुर्खियाँ भले बनें, मगर भारत का अफ्रीकी सपना अधूरा रह जाएगा।


# आपदा प्रभावित परिवारों को 5000 रुपये मासिक किराया देगी सरकार : मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय गृह मंत्री से बात कर नुकसान के बारे में जानकारी**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 4 जुलाई।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि भारी वर्षा से मण्डी जिले के सराज तथा धर्मपुर क्षेत्र में लोगों के घरों एवं भूमि को व्यापक नुक्सान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इन क्षेत्रों के जिन लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, अगर वे किराये के मकान में रहना चाहते हैं, उन्हें राज्य सरकार 5000 रूपये प्रति माह मकान किराया देगी। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित एसडीएम को प्रभावितों को खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि उप-



मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार व अन्य विधायकों के साथ चर्चा कर ये महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारी बारिश से आई इस आपदा में अभी तक 69 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है तथा 110 व्यक्ति घायल हुए हैं और 37 अभी तक भी लापता हैं। उन्होंने कहा कि वह शीघ्र ही एक बार फिर प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे।

श्री सुक्खू ने कहा कि उन्होंने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी इस बारे में बातचीत कर प्रदेश में हुए व्यापक नुकसान के बारे में उन्हें अवगत करवाया है। केंद्रीय गृहमंत्री ने हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है तथा केंद्रीय टीम भी नुकसान का आकलन करने हिमाचल प्रदेश आ रही है। उन्होंने कहा कि इस मॉनसून सीजन में ही अभी तक मण्डी जिले में ही 14 बादल फटने की घटनाएं हो चुकी हैं, जो चिंता का विषय है। बादल फटने की इतनी घटनाएं क्यों हो रही हैं, इसका अध्ययन करने की आवश्यकता है। उन्होंने इस बारे में भी केन्द्रीय गृहमंत्री से भी चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में भारी बरसात व बादल फटने की घटनाओं से अब तक 700 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। उन्होंने कहा कि इस आपदा में सड़कों, बिजली अधोसंरचना और पेयजल आपूर्ति योजनाओं को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल के सभी सहयोगी अपने-अपने विभागों की समीक्षा बैठक लेकर नुकसान का आकलन कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारी वर्षा से प्रदेश में अभी तक लगभग 300 सड़कें अवरूद्ध हुई हैं तथा करीब 790 जलापूर्ति योजनाओं को नुकसान पहुंचा है तथा 332 बिजली के ट्रांसफार्मरों को भी क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाए गए राहत कार्यों में मण्डी जिले में 402 लोगों को बचाया गया है।

उन्होंने कहा कि वानिकी एवं बागवानी कॉलेज, थुनाग में फंसे 92 छात्रों और अध्यापकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। थुनाग के कई गांवों में एनडीआरएफ तथा एसडीआरएफ की टीमें पहुंच गई हैं जो राहत एवं पुनर्वास कार्यों में जुटीं हैं।

### मण्डी जिले में अभी भी 164 सड़कें अवरूद्ध

मण्डी जिले में अभी भी 164 सड़कें अवरूद्ध हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा सराज के प्रभावित क्षेत्रों में सड़क बहाली के लिए 31 जेसीबी तथा 3 पौकलेन लगाई गई हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सुराह गांव तथा अन्य प्रभावित क्षेत्रों के लिए सरकार द्वारा राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। इसके अलावा थुनाग उपमंडल के रुकचुई, भराड़ और पियाला देजी गांवों में आई भीषण प्राकृतिक आपदा के बाद राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी हैं। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें विषम परिस्थितियों के बावजूद लगातार मोर्चे पर डटी हैं। अब तक थुनाग में 65 पीड़ितों को सुरक्षित रेस्क्यू कर प्राथमिक उपचार और चिकित्सीय सहायता उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने कहा कि धर्मपुर में आपदा प्रभावितों के लिए राहत एवं खाद्य सामग्री का वितरण और आवश्यक सेवाओं को युद्ध स्तर पर बहाल करने का कार्य जारी है।

# रोगियों को सुविधाएं प्रदान करने में रोगी कल्याण समितियां अहम : डॉ. शांडिल

**नागरिक अस्पताल कण्डाघाट का निर्माण कार्य इस वर्ष के अंत तक पूरा करने के निर्देश**

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 4 जुलाई।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि रोगी कल्याण समितियां अस्पतालों में बेहतर सुविधाएं प्रदान करने और अस्पताल अधोसंरचना सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभा रही हैं। स्वास्थ्य मंत्री आज सोलन ज़िला के कण्डाघाट में नागरिक अस्पताल चायल, नागरिक अस्पताल कण्डाघाट तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सायरी की रोगी कल्याण समितियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। डॉ. शांडिल ने निर्देश दिए कि सभी रोगी कल्याण समितियां रोगियों को और अधिक सुविधाओं प्रदान करने के लिए योजनाबद्ध कार्य करें।

बैठक में अस्पतालों की सफाई व्यवस्था, उपकरणों के रखरखाव और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं पर गंभीर चर्चा की गई। स्वास्थ्य मंत्री ने बैठक में स्वास्थ्य अधिकारियों को अपने स्वास्थ्य संस्थानों में समय-समय पर अधोसंरचना विकास, सुविधाओं और रोगियों के उपचार से सम्बन्धित व्यवस्था का अनुश्रवण करने के निर्देश दिए ताकि व्यवस्था सुधार से रोगियों को अधिक लाभ मिल सके।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सकों की भर्ती चरणबद्ध आधार पर की जा रही है और दूर-दराज व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के दृष्टिगत अस्पताल में अनेक सुधार कार्य किए जा रहे हैं। बैठक में रोगी कल्याण समिति कण्डाघाट के विभिन्न विकास कार्यों के लिए वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 7 लाख 56 हजार रुपए का प्रस्तावित बजट पारित किया गया। रोगी कल्याण समिति सायरी के विभिन्न विकास कार्यों के लिए वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 22 लाख 54 हजार रुपए का प्रस्तावित बजट पारित किया गया।

रोगी कल्याण समिति चायल के विभिन्न विकास कार्यों के लिए वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 10 लाख 50 हजार रुपए का प्रस्तावित बजट पारित किया गया।

बैठक में अल्ट्रासाउंड ईसीजी एक्स-रे व अन्य परीक्षणों का शुल्क इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान चिकित्सा महाविद्यालय शिमला के परीक्षणों के शुल्क की तर्ज पर करने पर सहमती जताई गई।

स्वास्थ्य मंत्री ने तदोपरांत निर्माणाधीन नागरिक अस्पताल कण्डाघाट का निरीक्षण किया तथा सम्बन्धित अधिकारियों तथा ठेकेदार को इस वर्ष के अंत तक निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**एनएचएआई अधिकारी से मारपीट मामलाः गडकरी ने की सख्त कार्रवाई की मांग**

# घायल अधिकारी की शिकायत पर मंत्री पर एफआईआर

अर्थ प्रकाश/संदीप उपाध्याय

**शिमला, 4 जुलाई।** एनएचएआई के अधिकारी की पिटाई करने के मामले में हिमाचल सरकार के मंत्री संकट में फंस गए हैं। एनएचएआई के घायल अधिकारी की शिकायत पर मंत्री पर केस दर्ज हो गया है। मंत्री के द्वारा अधिकारी की पिटाई करने के आरोपों का मुद्दा दिल्ली तक पहुंच गया है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अधिकारी के पिटाई के मामले में कड़ा संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से फोन पर बात कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। केंद्रीय मंत्री के संज्ञान लेने का ही असर रहा कि सरकार ने मंत्री पर ही केस दर्ज किया। मुख्यमंत्री से साफ कर दिया है कि कानून अपना काम करेगा और कानून के अनुसार कार्रवाई होगी। वहीं मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने जवाब देते हुए कहा कि जनता के हक के लिए जनप्रतिनिधि को लड़ना चाहिए, हालांकि मंत्री ने अभी तक यह नहीं स्वीकार कि उन्होंने अधिकारी से मारपीट की है।

शिमला में भारी बारिश के चलते एक पांच मंजिला मकान गिर गया और कई मकानों में दरारें आई है। आरोप है कि नेशनल हाइवे के द्वारा बनाई जा रही सड़क के लिए पहाड़ों की कटिंग करने के कारण मकान को नुकसान हुआ है। पांच मंजिला मकान गिरने पर मंत्री मौके पर पहुंचे और वहां नेशनल हाइवे के अधिकारियों को बुलाया गया। जनता में भारी गुस्सा था, जिससे माहौल गरम हो गया।

घायल इंजीनियर ने आरोप लगाया कि मंत्री वहीं पास में एक मकान में बातचीत के लिए ले गए और वहां पर मारपीट की। मंत्री के साथियों ने भी मारपीट की। घायल मेनेजर अचल जिंदल ने पुलिस में शिकायत की और मुद्दा गरमा गया। वहां एनएचएआई के चेयरमेन ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की तो केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मुख्यमंत्री से बात कर दोषियों के खिलाफ जल्द सख्त कार्रवाई की मांग की। अब इस मुद्दे को लेकर भाजपा ने भी आक्रामक रुख अपनाया है। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर और सांसद अनुराग ठाकुर ने सरकार से मांग की है कि सरकारी कर्मचारी पर ड्यूटी के दौरान मारपीट करने वाले मंत्री को मंत्रीमंडल से बर्खास्त करें और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

### केंद्रीय मंत्री ने लिया कड़ा संज्ञान, कहा-यह कानून का अपमान है

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के पंचायती राज मंत्री और उनके सहयोगियों द्वारा हृद्ध क्ख शिमला के प्रबंधक श्री अचल जिंदल पर किया गया जघन्य हमला अत्यंत निंदनीय है और कानून के शासन का अपमान है। अपने आधिकारिक कर्तव्यों का पालन कर रहे एक लोक सेवक पर इस तरह का क्रूर हमला न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालता है बल्कि संस्थागत अखंडता को भी नष्ट करता है। मैंने मामले का गंभीरता से संज्ञान लिया है और मुख्यमंत्री श्री सुखविंदर सुखू जी से बात की है, और सभी अपराधियों के खिलाफ तत्काल और अनुकरणीय कार्रवाई करने का आग्रह किया है। जवाबदेही सुनिश्चित होनी चाहिए और बिना देरी के न्याय मिलना चाहिए।

# राजीव बिंदल के राजनैतिक प्रबंधन से भाजपा लड़ेगी सत्ता में वापसी की जंग

अर्थ प्रकाश/संदीप उपाध्याय




**शिमला, 4 जुलाई।** हिमाचल की सियासत में राजनैतिक प्रबंधन गुरु माने जाने वाले राजीव बिंदल को लगातार भाजपा प्रदेशाध्यक्ष की कमान मिली है। अब तय है कि अगले विधानसभा चुनाव तक बिंदल ही भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष रहेंगे। बिंदल की रणनीति के आधार पर भाजपा की चुनाव प्रबंधन होगा। राजनैतिक प्रबंधन में माहिर राजीव बिंदल तीसरी बार अध्यक्ष पद संभालते हुए सरकार के खिलाफ आक्रामक रुख अख्तियार कर रहे हैं। जिससे अब भाजपा नेता प्रदेश के कांग्रेस सरकार को सदन से सड़क तक घेर सत्ता में वापसी की जंग की शुरुआत करेंगे। खासतौर से पूर्व में कांग्रेस के द्वारा जनता को दी गई गारंटी को लेकर सरकार के घेरेंगे और सत्ता में वापसी की राह मजबूत करेंगे।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पद के लिए भाजपा में लंबे समय से जद्दोजहद चल रही थी। प्रदेशाध्यक्ष पद के लिए पार्टी के कई सीनियर नेताओं के नाम समय-समय पर चर्चा में रहे। आखिर कार अध्यक्ष पद के चुनाव की घोषणा हुई और एक ही नामांकन दाखिल हुआ राजीव बिंदल का। यह तय है कि यह नामांकन प्रदेश के नेताओं के साथ मंथन के बाद ही हाईकमान ने राजीव बिंदल का नाम प्रदेशाध्यक्ष के लिए फाइनल किया होगा। हाईकमान ने यह निर्णय इस कारण लिया होगा कि अब पार्टी को चुनावी मोड में आना है। प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार का आधा कार्यकाल पूरा हो गया है, अब पार्टी को जनता के बीच जाकर आंदोलन खड़ा करना होगा, जिससे ढाई साल बाद होने वाले चुनावों में पार्टी जीतकर सत्ता में आ सके। ऐसी स्थिति में राजीव बिंदल के अलावा प्रदेशाध्यक्ष के लिए चल रहे नामों में से किसी का नाम तय होता तो शायद पार्टी में गुटबाजी बढ़ सकती थी, पार्टी को एकजुटता के साथ आगे बढ़ाने के लिए ही हाईकमान में राजीव बिंदल को दोबारा अध्यक्ष बनाने का निर्णय लिया। प्रदेशाध्यक्ष पद पर बिंदल की ताजपोशी के समय केंद्रीय मंत्री के साथ प्रदेश के सभी दिग्गज नेता अनुराग ठाकुर, जयराम ठाकुर सहित सांसद और विधायक उपस्थित होकर एकजुटता का संदेश दिया।

प्रदेशाध्यक्ष पद की कमान संभालने के बाद तय है कि राजीव बिंदल चुनावी बिसात बिछाने के लिए कार्यकारिणी का गठन करेंगे। जिसमें संतुलन बनाते हुए सभी नेताओं के साथ-साथ प्रदेश के सभी क्षेत्रों को प्रतिनिधित्व देने के प्रयास करेंगे। बिंदल अपनी टीम के साथ ही बूथ बूथ तक भाजपा को मजबूत करने का प्रयास करेंगे।

### बिंदल का लक्ष्य तयः लोकसभा चुनाव में 61 सीटों की बढ़त कायम रखना

प्रदेशाध्यक्ष पद की तीसरी बार कमान संभालने की बाद राजीव बिंदल का लक्ष्य तय है कि भाजपा का सत्ता में लाना है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि आने वाले 2 साल चुनौती पूर्ण रहने वाले हैं और मैं पार्टी अध्यक्ष होने के नाते 24 गुना 7 निरंतर कार्य करूंगा। दूसरा हिमाचल प्रदेश में भ्रष्टाचारी और झूठी सरकार को उखाड़ फेंक कर भाजपा की सरकार को मजबूती के साथ स्थापित करना ।लोकसभा चुनाव में सभी सीटें जितना और 68 में से 61 विधानसभाओं पर बढ़त दर्ज करना, प्रदेश में 47000 सक्रिय सदस्यता बनाना, मंडलों की संख्या 74 से 171 करना और 8009 बूथों में से 7775 बूथ पर 11 सदस्य समिति खड़ा करना और मंडल स्तर तक सरकार के खिलाफ आंदोलन खड़ा करना इस कार्यकाल की बड़ी उपलब्धियां रही।

### अगर आज प्रदेश में चुनाव हो जाए तो कांग्रेस पार्टी 8 सीटें भी जीत नहीं पाएगीः अनुराग

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर बिंदल की नियुक्ति से पार्टी में नई ऊर्जा का संचार होगा। आने वाले समय में अगर हिमाचल प्रदेश में चुनाव हो जाएगा तो कांग्रेस पार्टी को 68 में से 8 सीटें भी नहीं प्राप्त होगी और हिमाचल में जोरदार तरीके से कमल खिलेगा।

### बूथ बूथ पर कांग्रेस पार्टी की जमानत जप्त करने का संकल्प लेंगेः श्रीकांत

भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश का संगठन मजबूत और सुदृढ़ है। पहले हिमाचल प्रदेश में 8 लाख प्राथमिक सदस्य हुआ करते थे आज 18 लाख है, हम विकसित भारत का संकल्प लेते हुए मेरा बूथ सबसे मजबूत के लक्ष्य को लेकर काम करेंगे और बूथपर अधिकतम समय देने का काम करेंगे।

# पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को ईएलआई योजना के तहत दो किस्तों में 15 हजार रुपये तक देगी केंद्र सरकार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 4 जुलाई।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ), क्षेत्रीय कार्यालय, शिमला ने केंद्र सरकार द्वारा प्रारंभ की गई रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना पर आज प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। हिमाचल प्रदेश के क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-I राकेश कुमार ने मीडिया कर्मियों को बताया कि भारत सरकार ने सभी व्याप्त संस्थानों के लिए यह योजना लागू की है परन्तु विनिर्माण क्षेत्र के संस्थानों पर विशेष ध्यान देते हुए सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ाने के लिए रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना को मंजूरी दे दी है ।

क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-I राकेश कुमार ने ईएलआई योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि



ईएलआई योजना का उद्देश्य देश में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहित करना है। योजना के भाग-ए के तहत, ईपीएफओ में पंजीकृत पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को लक्षित करते हुए, दो किस्तों में 15,000 रुपये तक का एक महीने का ईपीएफ वेतन दिया जाएगा। इसके लिए 1 लाख रुपये तक के वेतन वाले कर्मचारी पात्र होंगे। पहली किस्त 6 महीने की सेवा के बाद और दूसरी किस्त 12 महीने की सेवा और कर्मचारी द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम पूरा करने के बाद देय होगी। बचत की आदत को प्रोत्साहित करने के लिए, प्रोत्साहन का एक हिस्सा एक निश्चित अवधि के लिए जमा खाते के बचत साधन में रखा जाएगा और कर्मचारी द्वारा बाद की तारीख में निकाला जा सकता है। भाग-ए से लगभग 1.92 करोड़ पहली बार रोजगार प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को लाभ होगा। ईएलआई योजना के भाग-बी में सभी क्षेत्रों में अतिरिक्त रोजगार सृजन को शामिल किया जाएगा, जिसमें विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। नियोक्ताओं को 1 लाख रुपये तक के वेतन वाले कर्मचारियों के संबंध में प्रोत्साहन मिलेगा। सरकार नियोक्ताओं को कम से कम छह महीने तक निरंतर रोजगार वाले प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के लिए दो साल तक 3000 रुपये प्रति माह तक प्रोत्साहन देगी। विनिर्माण क्षेत्र के लिए, प्रोत्साहन तीसरे और चौथे वर्ष तक भी बढ़ाए जाएंगे। ईपीएफओ के साथ पंजीकृत प्रतिष्ठानों को कम से कम दो अतिरिक्त कर्मचारी (50 से कम कर्मचारियों वाले नियोक्ताओं के लिए) या पांच अतिरिक्त कर्मचारी (50 या अधिक कर्मचारियों वाले नियोक्ताओं के लिए) कम से कम छह महीने के लिए निरंतर आधार पर नियुक्त करने की आवश्यकता होगी।

10,000 रुपये तक के ईपीएफ वेतन वाले कर्मचारियों को आनुपातिक प्रोत्साहन मिलेगा। इस भाग से लगभग 2.60 करोड़ लोगों के अतिरिक्त रोजगार सृजन के लिए नियोक्ताओं को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है।

क्षेत्रीय आयुक्त ने सभी हितधारकों से अनुरोध किया कि वे ई.एल.आई. योजना का अधिकतम लाभ उठाएं। क्षेत्रीय आयुक्त ने आह्वान किया कि ई.एल.आई. योजना का लाभ उठाने के लिए सभी ई.पी.एफ. सदस्यों को अपना यू.ए.एन. सक्रिय करना होगा। ई.पी.एफ. सदस्यों से यह भी अनुरोध किया गया कि वे सभी ई.पी.एफ. सेवाएं ऑनलाइन प्राप्त करने के लिए अपना यू.एन.ए.एन. की के.वाई.सी. भी अपडेट करें। प्रेस कॉन्फ्रेंस में संजीव शर्मा, सहायक निदेशक (पीआईबी) और ज्योतिन्द्र आजाद, सहायक भविष्य निधि आयुक्त भी उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य मंत्री ने हमेशा सोलन के साथ सौतेला व्यवहार किया : शैलेन्द्र

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 4 जुलाई।** भाजपा मंडल सोलन शहरी इकाई के अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता गुप्ता ने कहा कि सोलन अस्पताल में ईसीजी करवाने पर अब 30 रुपये और अल्ट्रासाउंड के लिए 150 रुपये का शुल्क मरीजों से वसूला जाएगा। यह निर्णय रोगी कल्याण समिति की बैठक में लिया गया। इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सोलन की जनता ने उन्हें तीन बार विधायक बनाया उन्होंने हमेशा सोलन की जनता के साथ सौतेला व्यवहार किया जबकि उन्होंने यह फैसला प्रदेश स्तर पर ना लेकर केवल सोलन के अस्पताल पर लागू किया जिसकी भाजपा सोलन शहरी मंडल कड़े शब्दों में निंदा करता है। यह शुल्क सीधे सोलन की जनता की जेब पर वार साबित होगा। इसी फैसले को लेकर भाजपा शहरी अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।

उन्होंने कहा, 'राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर जनता की जेब काटने में लगी है। एक ओर सरकार स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर करने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर हर छोटी जांच या सेवा के लिए शुल्क थोप दिए जाते हैं। यह गरीबों पर सीधा आर्थिक हमला है।÷ गुप्ता ने कहा कि सोलन जैसे पहाड़ी और सीमित संसाधनों वाले क्षेत्र में सरकारी अस्पताल ही गरीबों की आखिरी उम्मीद होते हैं। ÷अब ईसीसी करवाने पर 30 और अल्ट्रासाउंड के 150 रुपये वसूले जाएंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि ÷24 घंटे ऑक्सीजन प्लांट चलाने के लिए कर्मचारी तक नियुक्त नहीं हैं, फिर जनता की जेब से क्यों वसूली की जा रही है?' साथ ही उन्होंने सरकार पर सवाल उठाया कि डाटा ऑपरेटर, ड्राइवर, चपरासी और चौकीदार की तैनाती के लिए भी रोगी कल्याण समिति से पैसे लिए जा रहे हैं, जबकि कुछ कर्मचारी पिछले 15 वर्षों से अधिक समय से कार्य कर रहे हैं अब यह जिम्मेदारी राज्य सरकार की होनी चाहिए।

# हमीरपुर में 55 करोड़ से अधिक हो गया नुकसान का आंकड़ा

## 5 से 9 जुलाई तक भारी बारिश का अलर्ट, सभी जिलावासी बरतें एहतियात : डीसी

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा

**हमीरपुर 4 जुलाई।** इस मॉनसून सीजन के लगभग 15 दिनों के दौरान ही जिला हमीरपुर में सरकारी और निजी संपत्ति के नुक्सान का आंकड़ा 55.11 करोड़ रुपये से अधिक तक पहुंच गया है। शुक्रवार दोपहर तक जिला एमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (डीईओसी) में प्राप्त नुक्सान के आंकड़ों के अनुसार अभी तक मॉनसून सीजन के दौरान जिला में जल शक्ति विभाग को सर्वाधिक 35.92 करोड़ रुपये, लोक निर्माण विभाग को 18.50 करोड़ और बिजली बोर्ड को 8.69 लाख रुपये की क्षति हुई है। बागवानी विभाग ने विभिन्न फसलों को हुए 2.17 लाख रुपये के नुक्सान की रिपोर्ट प्रेषित की है। 3 पक्के मकानों की 4.50 लाख रुपये की क्षति हुई है तथा 8 कच्चे मकान भी ध्वस्त हुए हैं, जिनमें लगभग 8.15 लाख रुपये के नुक्सान का अनुमान है। जिले भर में 37 डंगे भी गिरे हैं, जिनमें लगभग 29.80 लाख रुपये की क्षति हुई है। 20 गौशालाओं के ध्वस्त होने से लगभग 13.54 लाख रुपये का नुक्सान हुआ है।



उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने सभी विभागों के फील्ड अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में हुए नुक्सान की रिपोर्ट तुरंत भेजें, ताकि प्रभावित लोगों की मदद की जा सके।

उन्होंने बताया कि मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश में 5 से 9 जुलाई तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसको देखते हुए सभी जिलावासी विशेष ऐहतियात बरतें और नदी-नालों के पास न जाएं। भूस्खलन की आशंका वाले स्थानों से भी दूर रहें। भारी बारिश में घर से बाहर निकलने का जोखिम न उठाएं। खराब मौसम में पेड़ों के नीचे आश्रय न लें तथा बिजली की तारों से सुरक्षित दूरी बनाएं रखें।

# शूलिनी विवि के वाईएसएस आध्यात्मिक रिट्रीट में शामिल हुए भक्त

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 4 जुलाई।** सोलन स्थित शूलिनी विश्वविद्यालय का शांत परिसर दिव्य ऊर्जा से भर गया है, क्योंकि पूरे भारत से 350 से अधिक भक्त शूलिनी विश्वविद्यालय के सहयोग से योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया (वाईएसएस) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विशेष आध्यात्मिक रिट्रीट के लिए यहां एकत्रित हुए हैं। आज से शुरू हुआ यह 3 दिवसीय कार्यक्रम विश्वविद्यालय में वाईएसएस द्वारा दूसरा आध्यात्मिक रिट्रीट है और चुनौतीपूर्ण मौसम की स्थिति के बावजूद इसमें भारी भागीदारी देखी गई। योगी की आत्मकथा के प्रसिद्ध लेखक परमहंस योगानंद द्वारा स्थापित, योगदा सत्संग सोसाइटी 1917 से आध्यात्मिक साधकों का मार्गदर्शन



कर रही है और इसका मुख्यालय रांची में है। योगदा सत्संग ध्यान केंद्र, सोलन के सहयोग से आयोजित वर्तमान रिट्रीट ने आध्यात्मिक आकांक्षियों, जिनमें शूलिनी विश्वविद्यालय के संकाय, छात्र और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं, को एक समृद्ध अनुभव के लिए एक छत के नीचे एक साथ लाया है।

वाईएसएस के तीन पूज्य स्वामीजी स्वामी श्रद्धानंद जी, स्वामी चैतन्यानंद जी और स्वामी निश्चलानंद जी रिट्रीट के दौरान आध्यात्मिक सत्रों का नेतृत्व कर रहे हैं। व्यापक कार्यक्रम में निर्देशित ध्यान, प्राचीन ध्यान तकनीकों पर कक्षाएं, ऊर्जाकरण अभ्यास, आत्मा को झकझोर देने वाले भजन सत्र, प्रेरक वीडियो स्क्रीनिंग और भक्तों को दैनिक जीवन में आध्यात्मिक ज्ञान को एकीकृत करने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किए गए हाउ टू लिव टॉक शामिल हैं। रिट्रीट का समापन रविवार, 6 जुलाई को क्रिया योग दीक्षा (दीक्षा) समारोह के साथ होगा, जो उन लोगों के लिए एक पवित्र मील का पत्थर है जो अपनी आध्यात्मिक साधना को गहरा करने के लिए तैयार हैं।

शूलिनी विश्वविद्यालय के कुलपति और वाईएसएस के समर्पित अनुयायी प्रो. पी.के. खोसला ने इस आयोजन की सफलता और परिसर में बढ़ती आध्यात्मिक संस्कृति पर अपनी खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा, ÷शूलिनी विश्वविद्यालय में दूसरी बार योगदा सत्संग सोसाइटी की मेजबानी करना हमारे लिए सम्मान की बात है। खराब मौसम के बावजूद 350 से अधिक भक्तों की जबरदस्त प्रतिक्रिया पूरे भारत में साधकों की अटूट आस्था और समर्पण को दर्शाती है। हमारा विश्वविद्यालय न केवल अकादमिक उत्कृष्टता बल्कि आध्यात्मिक कल्याण को भी बढ़ावा देने में दृढ़ विश्वास रखता है और इस तरह के आयोजन उस दृष्टिकोण को मजबूत करते हैं।'

सोलन में योगदा सत्संग ध्यान केंद्र ने इस क्षेत्र में परमहंस योगानंद की शिक्षाओं को फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हरि कृष्ण भारद्वाज द्वारा 1991 में स्थापित, ध्यान केंद्र को उस समय महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला जब श्रीमती प्रकाश वती सक्सेना ने 2006 में जवाहर पार्क, सोलन के पास अपनी हवेली को वाईएसएस को उदारतापूर्वक दान कर दिया, जिससे आध्यात्मिक साधकों के लिए एक समर्पित स्थान उपलब्ध हुआ।




# माजरी चौक बंद होने से रोजाना कोर्ट रोड पर लग रहा जाम

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में माजरी चौक को खोलने पर नहीं हुआ कोई फैंसला

जिला सड़क सुरक्षा में उपयुक्त ने मकरी चौक और ओल्ड पंचकूला रोड पर ट्रैफिक पर नजर रखने के दिए निर्देश

उपायुक्त ने जिला सड़क सुरक्षा समिति व सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लेकर आयोजित बैठक की की अध्यक्षता

अर्थ प्रकाश संवाददाता





पंचकूला। शहर के लोग लंबे समय से माजरी चौक खुलने का इंतजार कर रहे हैं। इसके साथ लगते सेक्टरों के अलावा घग्गर पार सेक्टरों के लोगों को माजरी चौक पर बैरिकेड लगा होने से रोजाना सेक्टर 1/2 की डाइविंग रोड पर ट्रैफिक जाम से जूझना पड़ रहा है। शुक्रवार को उपायुक्त मोनिका गुप्ता के अध्यक्षता में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में माजरी चौक से बेरीकेडिंग खोले जाने पर फैसला नहीं हो सका। हालांकि उपायुक्त ने यहां और ओल्ड पंचकूला रोड से गुजरने वाले ट्रैफिक पर निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि माजरी चौक पर ट्रैफिक को वन वे करने के लिए माजरी चौक पर जीरकपुर से और घग्गर पार से आने वाले ट्रैफिक को कोर्ट रोड की तरफ मोड़ दिया गया है। ओल्ड पंचकूला की तरफ जाने वाले ट्रैफिक को माजरी चौक पर बैरिकेड लगा कर सेक्टर 2 की तरफ मोड़ दिया गया है। सबसे ज्यादा परेशानी गवर्नमेंट कॉलेज सेक्टर 1 के स्टूडेंट्स को उठानी पड़ती है।

**पुलिस की ट्रैफिक मूवमेंट पर रहेगी नजर:** उपयुक्त ने एसीपी सुरेंद्र सिंह को माजरी चैंक, ओल्ड पंचकूला रोड पर ट्रैफिक की मूवमेंट पर ट्रैफिक मूवमेंट पर नजर रखने को कहा है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। उपायुक्त ने पीएमडीए को सात दिनों पीर ओर संबंधित एरिया में कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। सेक्टर 20/21 की रेड लाइट का एसीपी ट्रैफिक, एक्सईएन पीएमडीए को मुआयना कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने व पीएमडीए को एमडीसी में लटकते हुए पेडों को ठीक करने व अपने क्षेत्र में कार्यो को पूरा करने के निर्देश दिए।

**स्कूल बसों की रिपोर्ट तलब:** साथ ही जिला सड़क सुरक्षा समिति व सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लेकर कहा कि जिन स्कूलों की बसे परिवहन नियमों का पालन नहीं कर रही है, उन बसों की रिपोर्ट संबंधित अधिकारी तुरंत दें ताकि उन स्कूलों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जा सके। मोनिका गुप्ता लघु सचिवालय के सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति व सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। अतिरिक्त उपायुक्त निशा यादव ने उपायुक्त को विस्तार से बारी -बारी से सभी विभागों के द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी।

### ऐसे चालकों के खिलाफ चलेगी ड्राइव

उपायुक्त ने एसीपी ट्रैफिक को रैश ड्राईविंग, ओवर स्पीड, रैड लाईट क्रॉस करने, नशा करके गाडी चलाने वाले लोगों के खिलाफ ड्राईव चलाकर ज्यादा से ज्यादा चालान करने के निर्देश दिए ताकि इन लोगों की वजह से अन्य लोगों का बचाव किया जा सके। उन्होने आरटीए सचिव हैरतजीत कौर को सभी स्कूलों के वाहनों में सीसीटीवी कैमरे, वाहनों के पाल्यूशन, आर सी की मियाद खत्म वाले वाहनों की चालानिंग व उनकों बंद करने के निर्देश दिए। उन्होने टैऊफिक इंस्पेक्टर को मौके पर जाकर सैक्टर-8 की पार्किंग के अलावा अन्य स्थान पर खडी स्कूल बसों के चालान करने के निर्देश दिए।

### रिफ्लेक्टर और मिरर हैं जरूरी

उपायुक्त ने पीडब्लयूडी बीएंडआर के एक्सईएन को संबंधित क्षेत्र में जहां जहां जरूरत है, वंहा पर रिफलैक्टर मिरर (कोनवैक्स मिरर) लगाने को जरूरी बताया। साथ ही एचएसवीपी को रेड लाइट दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने नगर निगम को सेक्टर 1, कालेज में स्पीड टेबल लगाने के निर्देश दिए ताकि वाहनों की स्पीड कम हो सके और कालेज के विद्यार्थी आसानी से सड़क पार कर सके।

### ये भी पढ़ें

उपायुक्त ने एनएचएआई को अपने क्षेत्र में ब्लिंकिंग लाइट, शाइन बोर्ड, दुघर्टना संभावित क्षेत्र व लाइटें दुरूस्त करने पर जोर दिया। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को रेडक्रास के साथ समन्व्य स्थापित कर स्कूल बस कंडक्टरों की ट्रेनिंग करवाने के व एसडीएम पंचकूला को स्कूल बसों की समय समय पर चैकिंग करने के भी निर्देश दिए।

# सांसद वरुण चौधरी ने व्यापार मंडल के गठन पर जताया हर्ष



अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। शहर में नव गठित व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने अंबाला के सांसद वरुण चौधरी से शिष्टाचार भेंट की। व्यापार मंडल के प्रधान अनिल थापर, महासचिव रवि बंसल समेत नई प्रतिनिधियों ने सांसद के साथ विभिन्न मुद्दों पर बात की। थापर ने उन्हें बताया कि पंचकूला में व्यापार मंडल का विस्तार करते हुए हर विक्रेता को संगठन में शामिल किया जाएगा। साथ ही विक्रेताओं की समस्याओं को जानने के बाद संबंधित विभाग तक समस्या को पहुंचाया जाएगा। सांसद ने व्यापार मंडल के गठन पर हर्ष व्यक्त किया और प्रतिनिधियों को उत्साह के साथ जनकल्याण कार्य करने के लिए प्रेरित किया। प्रधान अनिल थापर का कहना है कि पंचकूला में व्यापार मंडल के गठन के बाद व्यापारियों का मनोबल बढ़ा है। उन्होंने कहा कि बाजारों को सुंदर बनाने के साथ साथ जन सुविधाओं पर व्यापार मंडल के प्रयास लगातार जारी हैं।

# क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान मे स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में वॉकाथॉन



अर्थ प्रकाश/सुशील सहगल

चंडीगढ़। शुक्रवार को क्षेत्रीय सहकारी प्रबन्ध संस्थान चण्डीगढ़ ने सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के 04 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर वॉकाथॉन का आयोजित किया। राजेश जोगपाल, पंजीयक, सहकारी समितियाँ, हरियाणा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने संस्थान के प्रांगण में भारत सरकार की पहल ÷ एक पेड़ मां के नाम÷ के अन्तर्गत पौधारोपण किया। वाकॉथान में संस्थान के विभिन्न राज्यों की सहकारी समितियों, विभागों, बैंको आदि के प्रतिनिधियों एवं संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के करीब 300 छात्रों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। अर्थ प्रकाश से बातचीत करते हुए डॉ. राजीव, कुमार, निदेशक, क्षेत्रीय सहकारी प्रबन्ध संस्थान ने बताया कि इस वॉकाथॉन का उदेश्य सहकारिता की भावना को जन-जन तक पहुँचाना एवं इसके महत्त्व को रेखांकित करना रहा। उन्होने कहा कि आयोजन संस्थान और सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के प्रयासों का प्रतीक रहा। सभी सहभागियों ने सहकारिता के संदेश को समाज में फैलाने का संकल्प लिया ।

# पिंजौर में मैंगो मेले को धूम शुरू, रंगोली और फेस पेंटिंग बनी दर्शकों की पसंद

पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा और कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने मेले का किया उद्घाटन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। पिंजौर स्थित यादविन्द्र गार्डन में मैंगो मेला शुरू होते ही सबके दिलों पर छा गया। हरियाणा के पर्यटन मंत्री अरविंद शर्मा और कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने आयोजकों के भारी उत्साह के बीच मेले का उद्घाटन किया। डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि मैंगो मेले ने लोगों के दिलों पर जो छाप छोड़ी है उसका अनुमान मेले में पहुंच रहे लोगों की भीड़ देख कर आसानी से लगाया जा सकता है। इस मौके पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कई राज्यों से मेले में आमों की किस्में लेकर पहुंचे किसानों और आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। साथ ही बच्चों के लिए आयोजित की जा रहीं प्रदर्शनियों का अवलोकन करने के बाद आयोजकों की प्रशंसा की। इस दौरान केबिनेट मंत्रियों ने लोगों के बीच रसीले आम का स्वाद भी चखा। डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा प्रदेश का नाम मैंगो मेला से पूरे भारत में विख्यात हुआ ही। भारत में केवल हरियाणा राज्य इकलौता प्रदेश है जहां इतनी भारी संख्या में आमों की प्रदर्शनी लगाई जाती है। यह समृद्ध हरियाणा की अनूठी मिसाल है।

मेले में लोग पहले दिन सुबह से ही यादविन्द्रा गार्डन में पहुंचना शुरू हो गए थे। लोगों ने आम की 500 किस्मों को देखने और इनका स्वाद चलने वालों ने एक भी मौक़ा हाथ से नहीं चूका। आम का स्वाद चखने के लिए मंच पर 30 सेकंड ने लोगों में रोमांच भर दिया। आम खाने की प्रतियोगिता में बच्चे और बाद बुजुर्ग ने 12 आम खा कर प्रतियोगिता अपने नाम की। फेस पेंटिंग, रंगोली का भी बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। जादूगर के खेल ने भी सबको लोट पोट किया। लोगों ने मेले के दौरान 2 किलो वजन वाले नूर जहां आम की खूबियां जानी। उत्तर प्रदेश के आम नूर जहां का पौधा लगाने के लिए खास मेहनत करनी होती है। किसान ने कहा कि वे नूर जहां किस्म के दर्जनों आम मेले में लेकर पहुंचे हैं और इसे लोग खूब पसंद भी के रहे हैं। इसके अलावा नूरा, मिथवा, समर मिस, मल्लिका, गोरखपुरी आम को लोग दूर दूर से देखने के लिए आ रहे हैं। शाम के बाद मेले में लोगों की भीड़ उमड़ी रही।




# बरसात के मौसम में चैंबरों की सफाई का काम शुरु

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



जीरकपुर। बरसात के मौसम के मध्य नजर विधायक कुलजीत सिंह रंधावा के आदेशों पर दिन वीरवार को वार्ड नंबर 7 के आम आदमी पार्टी के प्रभारी सुरेश सैनी द्वारा वार्ड में पानी की निकासी के लिए बने हुए चैंबरों की सफाई करवाई गई। उन्होंने कहा कि पानी की निकासी वाले चैंबर में मालवा और प्लास्टिक कचरा भर जाता है जिसके कारण बरसात का पानी रुक जाता है और सड़कों पर जल भराव की समस्या हो जाती है जिसके चलते आज वार्ड में बने बहुत से चैंबरों की सफाई करवाई गई और उनमें से मालवा निकलवाया गया ताकि वार्ड में जल भराव की समस्या ना हो। उन्होंने बताया कि बरसात के समय उनके वार्ड में स्थानीय निवासियों को किसी भी कसम की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम को देखते हुए विकास नगर में बरसाती पानी की निकासी के लिए चैंबरों की सफाई करवाई गई। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष बरसात के समय उनके वार्ड में बरसाती जामा हो गया था, दोबारा ऐसी स्थिति पैदा ना हो इसके लिए नगर परिषद जीरकपुर व वार्ड वासीयों के सहयोग से अलग-अलग चैंबरों की सफाई करवाई गई है। इस सफाई अभियान के दौरान वार्ड नंबर 7 के आम आदमी पार्टी के प्रभारी सुरेश सैनी,फूल कुमार, श्रवण कुमार,राजेश कुमार,खान और नगर परिषद जीरकपुर की तरफ से ऑपरेशन ऑफिस सूरज और उनकी टीम मोजूद रही।









# कृषि मंत्रालय की संयुक्त निदेशक ने की नल कनेक्शनों की जांच

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत।** जल शक्ति अभियान के अंतर्गत किए गए कार्यों की समीक्षा करने के लिए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त निदेशक एवं जल शक्ति अभियान जिला सोनीपत की सैंटरल नोडिल ऑफिसर एस रूकमनी ने गांव बली कुतुबपुर व जांटी कलां सहित यमुना स्थित भैरा बामीपुर खाट का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अभियान के तहत घरों में नल से जल पहुंचाने के लिए किए गए पानी कनेक्शनों तथा वर्षा जल संचय के लिए बनाए गए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की भी जांच की। दौरे से पहले संयुक्त निदेशक ने लघु सचिवालय में जल शक्ति अभियान से जुड़े विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करते हुए जल शक्ति अभियान के अंतर्गत दी गई जिम्मेदारियों को समयबद्ध पूरा करें। जिलेभर में वर्षा जल संचय को लेकर आमजन को जागरूक करें, क्योंकि जल संरक्षण में हर व्यक्ति की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। ऐसे में कैच दा रेन थीम के तहत जल संचय के लिए प्लान तैयार करें और उस पर गंभीरता के साथ काम करें।बैठक में उन्होंने जल संरक्षण से सीधे तौर से जुड़े विभागों जैसे सिंचाई विभाग, कृषि विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज, बागवानी विभाग आदि से उनके द्वारा जल शक्ति अभियान के तहत बनाई गई कार्य योजना के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पानी का अधिक दोहन होने के कारण भू-जल स्तर लगातार नीचे गिरता जा रहा है। बारिश के पानी के संचय के लिए प्राचीन संसाधनों को पुनर्जीवित करने के साथ-साथ नए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जाएं और आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाए। वर्षा का जल संचय जल सरंक्षण के लिए अहम है।

# खुल्लर ने किया यमुना व गन्नौर भारतीय अंतर्राष्ट्रीय बागवानी फल-फूल मंडी का दौरा

**मुख्य प्रधान सचिव ने यमुना पर बाढ़ नियंत्रण को लेकर किए गए कार्यों की बारिकी से की जांच, अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत।** मुख्यमंत्री नायब सैनी के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने शुक्रवार को अधिकारियों के साथ यमुना व गन्नौर स्थित भारतीय अंतर्राष्ट्रीय बागवानी फल-फूल मंडी का दौरा किया। इस दौरान मुख्य प्रधान सचिव ने यमुना स्थित दहिसरा घाट पर पहुंचकर वहां बाढ़ नियंत्रण को लेकर बनाई गई ठेकरों की गहनता से जांच करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के कारण बढ़ते जल स्तर पर पैनी नजर रखे और संबंधित अधिकारी समय-समय पर इन ठेकरों का निरीक्षण करते रहे और जरूरत पड़ने पर तुरंत इनकी मरम्मत करवाना सुनिश्चित करें ताकि मिट्टी का कटाव न हो सके।उन्होंने निर्देश दिए कि यमुना क्षेत्र में ड्यूटी देने वाले अधिकारी व कर्मचारी 24 घण्टे अलर्ट पर रहे ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत हालात पर काबू पाया जा सके और किसी प्रकार का जान-माल का नुकसान न हो सके।उन्होंने कहा कि यमुना बांध के अंदर बसे लोगों को भी जलस्तर के बारे में जानकारी देते रहे और जरूरत पड़ने पर इन लोगों को किसी दूसरी जगह शिफ्ट कर दें ताकि जल स्तर के बढ़ने पर जान-माल का नुकसान न हो। उन्होंने कहा कि यमुना के बढ़ते जलस्तर को लेकर अधिकारी यमुना के साथ लगते गांव के सरपंचों के साथ तालमेल रखें।

इसके पश्चात उन्होंने चंडीगढ़-दिल्ली एनएच-44 पर गन्नौर स्थित भारतीय अंतरराष्ट्रीय बागवानी फल-फूल मंडी का निरीक्षण करते हुए वहां किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि इस मण्डी के शुरू होने से प्रदेश की आमदनी के नए रास्ते खोलेगी। सरकार का लक्ष्य है कि मंडी को साल 2026 तक चालू कर दिया जाए। मंडी में निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। अब तक 40 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव टेहा से जुड़े जो भी मुद्दे हैं, उन्हें जल्द सुलझाया जाए ताकि किसी तरह की रुकावट न आए।इस दौरान उन्होंने मण्डी से संबंधित मुद्दों को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ मीटिंग की और सभी लंबित मुद्दों को जल्द निपटाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त सुशील सारवान, एसडीएम सुभाष चंद्र, एसडीएम प्रवेश कादियान, तहसीलदार ललिता, सिंचाई विभाग से एक्सईएन मंजीत हुड्डा, नायब तहसीलदार गजे सिंह, मार्केटिंग बोर्ड के सुभाष सिंह, बीडीपीओ राजेश टिवाना, एसडीओ विशाल, सरपंच आशीष त्यागी, सुंदर लाल, दीपक रापरिया, महक फोगाट सहित कई विभागों के कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

## मोहब्बत की मधुर धुन: अभिजीत श्रीवास्तव और वरुण जैन का नया गीत 'माही मेरेया' हुआ रिलीज

चंडीगढ़। हाई-ऑक्टेन बीट्स और टूटे दिल के गानों के बीच, अभिजीत श्रीवास्तव और वरुण जैन का 'माही मेरेया' एक कोमल, शांति देने वाला गीत है। यह गाना प्यार के वास्तविक एहसास को दर्शाता है, जो स्थिर, सुरक्षित और व्यक्तिगत होता है। हृदयस्पर्शी बोल और कोमल धुनों से बना यह गीत उस पल को कैद करता है जब प्यार शांत, भावपूर्ण और अंतरंग महसूस होता है, जैसे आप अंत में अपने घर पहुँच गए हों। 'माही मेरेया' को संगीत उद्योग के प्रसिद्ध गायक वरुण जैन और सुपर टैलेंटेड संगीतकार अभिजीत श्रीवास्तव ने मिलकर तैयार किया है। इसके बोल शायरा अपूर्वा ने लिखे हैं। यह मधुर आलिंगन एक प्रेम कहानी को प्रस्तुत करता है और इसे हिंदी और पंजाबी में गाया गया है, जिसमें हर धुन स्वाभाविक, शुद्ध और बहुमूल्य अनुभव होती है। गायक वरुण जैन ने इस गाने के बारे में कहा, 'अभिजीत और मैंने कुछ ऐसा बनाना चाहा, जो हृदय और आत्मा से प्यार करने का असली मतलब व्यक्त कर सके। 'माही मेरेया' उन सभी के लिए है, जिन्होंने बिना किसी तर्क के प्यार किया है। मुझे उम्मीद है कि यह गाना सभी श्रोताओं को पसंद आएगा।

## फेनेस्टा ने पानीपत में दूसरे शोरूम के साथ हरियाणा में अपनी मौजूदगी को बनाया सशक्त

पानीपत। प्रीमियम दरवाजों और खिड़कियों के लिए भारत के सबसे भरोसेमंद ब्राण्ड फेनेस्टा ने हरियाणा के पानीपत में दूसरे शेरूम के लॉन्च के साथ अपने रीटेल फुटप्रिन्ट को और मजबूत बना लिया है। सग्गु फैब्रिकेटर्स द्वारा संचालित यह नया शोरूम पानीपत के संजय चौक, आहुजा पेट्रोल पम्प के पास स्थित है। नए स्टोर की ओपनिंग देश भर में उच्च गुणवत्ता के फेनेस्ट्रेशन समाधान उपलब्ध कराने की फेनेस्टा की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। नया शोरूम उपभोक्ताओं का फेनेस्टा के व्यापक पोर्टफोलियो का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करेगा, जिसमें यूपीवीसी, एलुमिनियम विंडोज एवं डोर्स, सोलिड पैनल डोर और इनके नए फॉसेड्स एवं प्रीमियम हार्डवेयर शामिल हैं। रीटेल स्पेस को घर के मालिकों, आर्कीटेक्ट्स एवं बिल्डर्स की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है जो स्टाइलिश, टिकाउ और उर्जा प्रभावी समाधानों की उम्मीद रखते हैं। इस अवसर पर फेनेस्टा के बिजनेस हैड श्री साकेत जैन ने कहा, ''पानीपत में नया शोरूम लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, इस शहर को समृद्ध इतिहास एंव तेजी से विकसित होते आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए जाना जाता है।

## अमेज़न इंडिया ने प्राइम डे 2025 डील्स का किया ऐलान

शिमला। अमेजन इंडिया ने आज बहुप्रतीक्षित प्राइम डे 2025 डील्स का ऐलान किया है, जो विशेष रूप से प्राइम मेंबर्स के लिए हैं। 12 जुलाई की आधीरात 12 बजे से लेकर 14 जुलाई की रात 11:59 बजे तक, ग्राहक 72 घंटों की नॉन-स्टॉप शॉपिंग, बेहतरीन डील्स और ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट का आनंद ले सकेंगे। चाहे आप अपना टेक अपग्रेड करना चाहते हों, वार्डरोब या घर को रिफ्रेश करना चाहते हों तो प्राइम डे आपके लिए शानदार बचत के साथ स्मार्टफोन्स, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, टीवी, अप्लायंसेज, अमेजन डिवाइसेज, फैशन और ब्यूटी, होम और किचन, फर्नीचर, डेली एसेंशियल्स और बहुत कुछ लेकर आ रहा है। यह शॉपिंग का एकदम सही समय है, इसलिए अपनी प्राइम मेंबरशिप का अधिकतम लाभ उठाएं और खासतौर पर प्राइम मेंबर्स के लिए तैयार किए गए ऑफर्स का आनंद लें। ग्राहक आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ड, एसबीआई क्रेडिट कार्ड और आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड व एसबीआई क्रेडिट कार्ड पर ईएमआई ट्रांजैक्शन के माध्यम से भुगतान कर 10 प्रतिशत तक की बड़ी बचत कर सकते हैं।


### जन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला टीक (कैथल) में नकारा घोषित हुए तीन कमरों की बोली 11 जुलाई 2025 को स्कूल प्रांगण में करवाई जाएगी। बोली की नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी, इच्छुक बोलीदाता संपर्क करें।

**हैड मास्टर सुनील कुमार 95416-21100**

AP-2411

### आवश्यक सूचना

नगर परिषद गोहाना के प्रोपर्टी टैक्स रिकार्ड के अनुसार वर्तमान में PUID No. 3FF96Q88 वार्ड नं. -- पर श्री जगदीश लाल पुत्र/पत्नी श्री सौदागर मल के नाम पर दर्ज है। अब इस प्रोपर्टी आईडी पर अपना नाम पर दर्ज करवाने के लिए 1. पुष्पा रानी 2. अन्जू 3. राकेश कुमार 4. अनिल मग्गो निवासी वार्ड नं...गोहाना जिला सोनीपत, मोबाईल नं. 9992663392-- ने इस कार्यालय में अपना आवेदन पत्र, स्व. श्री/श्रीमति जगदीश लाल का मृत्यु प्रमाण पत्र व तहसीलदार गोहाना द्वारा तसदीक/सत्यापित वारिसान रिपोर्ट तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज सहित प्रस्तुत किया है। अतः आम जन साधारण को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि यदि इस प्रोपर्टी आईडी पर उपरोक्त आवेदक/आवेदकों का नाम दर्ज करने पर कोई एतराज/आपत्ति है तो वह इस नोटिस प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अन्दर नगरपरिषद कार्यालय गोहाना में अपना एतराज/आपत्ति मय दस्तावेजी सबूतों सहित प्रस्तुत करें। अन्यथा नोटिस अवधि गुजरने के बाद PUID No. 3FF96Q88 पर उपरोक्त आवेदकों का नाम पुष्पा रानी, अन्जू , राकेश कुमार, अनिल मग्गो दर्ज कर दिया जायेगा। जिसके उपरान्त नगरपरिषद गोहाना की किसी प्रकार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**कार्यकारी अधिकारी / सचिव, नगरपरिषद गोहाना।**

AP-2405

### PUBLIC NOTICE

It is herby informed that House no. 1688/MIG/GF, in sector-6 Housing Board colony, Karnal stands in the name of Sh. Ajay Mishra S/o R.C Mishra as per record. The allottee has expired on 29.01.2021. Sh. Prakash Mishra S/o Late Sh. Ajay Mishra R/o H.no 1688/MIG GF Sec 6 HBC Karnal has submitted the documents to get the property transferred in her favour. Opportunity is given through this notice to file any objection regarding the transfer of ownership of house with this office with strict documentary proof within 30 days from the publication of this notice otherwise this house will be transferred in favour of Sh. Prakash Mishra S/o Late Sh. Ajay Mishra R/o H.no 1688 Sec 6 HBC Karnal and no further claim whatsoever shall be entertained later on.

**Estate Manager, Housing Board Haryana, Karnal**

AP-2398

### सार्वजनिक सूचना
**संपदा अधिकारी, एचएसवीपी पंचकूला के समक्ष**

विषय:को-अलाटि श्रीमती सत्या वती व को-अलाटि श्री लक्ष्मी नारायण की बिना वसीयत मृत्यु के उपरान्त निर्मित सम्पति मकान न.382P, सैक्टर-9, पंचकूला का स्वामित्व के रूप में हस्तांतरण।

रिकार्ड के अनुसार उक्त वर्णित सम्पति के को-अलाटि श्रीमती सत्या वती व को-अलाटि श्री लक्ष्मी नारायण की क्रमश: 02-03-2023 व 05-12-2020 को मृत्यु हो गई है तथा उनकी कोई पंजीकृत या अपंजीकृत वसीयत नहीं है तथा इनके निम्नलिखित कानूनी वारिस है:-1.शिखा गोयल (पुत्री) 2.यशपाल बंसल (पुत्र) 3.गायत्री गर्ग (पुत्री) 4.कुलदीप बंसल (पुत्र) 5.ममता गोयल (पुत्री)।

कुलदीप बंसल पुत्र स्व. लक्ष्मी नारायण निवासी #382P, सैक्टर-9, पंचकूला ने उक्त सम्पति को कानूनी वारिस के नाते अपने नाम में हस्तांतरण करने का आवेदन व पुन: अलाटमैंट कुलदीप बंसल के नाम करने की विनती की है।

यदि किसी व्यक्ति को कथित सम्पति को हस्तांतरण संबंधी कोई एतराज हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के भीतर सम्पदा अधिकारी HSVP पंचकूला के कार्यालय में उचित प्रमाण सहित लिखित रूप में अपने एतराज बताये अन्यथा उक्त सम्पति को सम्पदा अधिकारी की अनुमति से HSVP निति के अनुसार हस्तांतरण/ पुन: अलाटमैंट कर दिया जायेगा और बाद में किसी दावे पर विचार नहीं किया जायेगा।

**शिखा गोयल, यशपाल बंसल, गायत्री गर्ग कुलदीप बंसल, ममता गोयल**
**कानूनी वारिस सम्पदा अधिकारी की ओर से**

AP-2398

### सार्वजनिक सूचना

मैं भाई अनिंत कौर पत्नी श्री अक्षोभ्य शर्मा निवासी 704-290, एडिलेड सेंट डब्ल्यू टोरंटो ओएनटी एम5वीओपी3 कनाडा (पासपोर्ट संख्या एल1457752 वैध फॉर्म 22-03-2019 से 21-03-2029 तक) वर्तमान में हाउस नंबर 2, सेक्टर 4, चंडीगढ़ में रहती हूं और एतद्वारा सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करती हूं और घोषणा करती हूं कि मेरे पिता भाई दिलावर सिंह पुत्र भाई अशोक सिंह निवासी गांव भगरियां जिला मलेरकोटला (पंजाब) मेरी मौखिक और लिखित सहमति के बिना पुस्तकें/लेख प्रकाशित करने में मेरे नाम का दुरुपयोग कर रहे हैं और मैंने उन्हें ऐसा करने के लिए अधिकृत नहीं किया है और मेरे पिता द्वारा प्रकाशित पुस्तकों/लेखों में लिखी गई किसी भी बात के लिए मैं जिम्मेदार नहीं रहूंगी और यदि कोई बात झूठी, निराधार और सिख धर्म के सिद्धांतों और दस गुरु साहिबों के इतिहास के विरुद्ध पाई जाती है तो सभी परिणामों के लिए केवल वे ही उत्तरदायी होंगे।

AP-2400

**न्यायालय सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी पिहेवा जिला कुरूक्षेत्र**
**चांदी राम वगैरा बनाम धर्मपाल वगैरा**

**विषय:** दरखास्त बाबत अखबार में पब्लिकेसन करवाने बारे।

उपरोक्त केस अनुमान जनाब के न्यायलय में विचाराधीन है तथा आगामी तिथि 28-05-2025 में स्थित है। कि उतरवादी न0 7 लवप्रीत कौर पुत्री श्री सतपाल सिंह व उतरवादि न0 14 गुरमित सिंह पुत्र चरण सिंह व 16 बलविन्द्र सिंह पुत्र श्री चरण सिंह आदि विदेश मे चले गए है। उपरोक्त उतरवादीगणो का कही पर अता-पता नही चल रहा है तथा काफी पूछ ताछ करने के बाद कही पता नही चला है। अतः जनाब से प्रार्थना है कि उपरोक्त उतरवादीगणो को सूचित करने के लिए पब्लिकेसन करवाना जरूरी है तथा उपरोक्त दरखास्त को मन्जूर किया जाए। आपकी अति कृपा होगी।

**(प्रार्थी)**

AP-2405

### सार्वजनिक सूचना

इस सूचना के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है। इस कार्यालय में Sh. Daljit Kaur मकान न.A64, Ansal Town करनाल द्वारा सम्पति कर आई.डी.न. 1E4GT179 स्थित A64, Ansal Town, Karnal में नाम दर्ज कराने बारे आवेदन किया है। सम्पति का रिकार्ड अनुसार उपरोक्त सम्पति कर आई.डी.न. 1E4GT179 बिना नाम के दर्ज है तथा स्वर्गीय श्री Inderjit Singh दिनांक 7/5/2014 को हो चुकी है। प्रार्थी द्वारा इस कार्यालय में नाम तबदील करने हेतू एक प्रलेख/ वसीयत न.170 दिनांक 27.5.2016 तथा शपथ पत्र की प्रति प्रस्तुत की है । अतः यदि किसी आमजन या खासजन को उक्त वसीयत अनुसार सम्पति कर आई.डी.न. 1E4GT179 स्थित मकान न.A64 Ansal Town, करनाल में Smt. Daljit Kaur निवासी मकान न.A64, Ansal Town, Karnal का नाम तबदील करने हेतू किसी प्रकार की अपत्ति हो तो इस कार्यालय में नोटिस प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के अन्दर 2 अपनी आपत्ति/ एतराज दर्ज करवा सकते हैं । अन्यथा समयावधि पश्चात माना जायेगा कि उपरोक्त तबदील बारे किसी को कोई आपत्ति नहीं है। परिणाम स्वरूप इस कार्यालय के सम्पति कर में संबंधित युनिक सम्पति कर आई.डी.न. 1E4GT179 में आवेदक का नाम दर्ज / तबदील कर दिया जायेगा। समयावधि पश्चात कोई भी क्लेम मान्य नहीं होगा।

**क्षेत्रिये कराधान अधिकारी नगर निगम करनाल ।**

AP-2406

### सार्वजनिक सूचना
**संपदा अधिकारी, एचएसवीपी पंचकूला के समक्ष**

विषय: सह-आबंटी श्रीमती मोनिका गुप्ता की बिना वसीयत मृत्यु के उपरान्त अनिर्मित सम्पत्ति प्लॉट नं०-112पी, सेक्टर-23, अर्बन एस्टेट पंचकूला का स्वामित्व के रूप में हस्तांतरण।

रिकार्ड के अनुसार उक्त वर्णित सम्पत्ति के सह-आबंटी श्रीमती मोनिका गुप्ता की 14-11-2024 को मृत्यु हो गई है तथा उनकी कोई पंजीकृत या अपंजीकृत वसीयत नहीं है तथा उनके निम्नलिखित कानूनी वारिस है-1.अनुराग गुप्ता (पति) 2.केशव गुप्ता (पुत्र) 3.कविंन गुप्ता (पुत्र)।

अनुराग गुप्ता पुत्र जगमोहन स्वरूप गुप्ता निवासी # F-301, पायनियर पार्क, सेक्टर-61, गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड, गुरुग्राम (हरियाणा) ने उक्त सम्पत्ति को कानूनी वारिस होने के नाते अपने नाम में हस्तांतरित करने का आवेदन व पुन: अलाटमैंट अनुराग गुप्ता के नाम में करने की विनती की है।

यदि किसी व्यक्ति को कथित सम्पत्ति के हस्तांतरण संबंधी कोई एतराज हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के भीतर सम्पदा अधिकारी HSVP पंचकूला के कार्यालय में उचित प्रमाण सहित लिखित रूप में अपने एतराज बताये अन्यथा उक्त सम्पत्ति को सम्पदा अधिकारी की अनुमति से HSVP नीति के अनुसार हस्तांतरण/ पुन: अलाटमैंट कर दिया जायेगा और बाद में किसी दावे पर विचार नहीं किया जायेगा।

**अनुराग गुप्ता, केशव गुप्ता, कविन गुप्ता**
**कानूनी वारिस, सम्पदा अधिकारी की ओर से**

AP-2398

### ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਟੀ
**ਪੁਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ 62, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ**
**ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ**



ਪਲਾਟ ਨੰਬਰ 147, ਫੇਜ਼-6, ਸੈਕਟਰ 56, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ, ਦੇ 50% ਹਿੱਸੇ ਦੇ ਅਲਾਟੀ Sh. Kuldeep Singh S/o Hari Singh ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 16.11.2023 ਨੂੰ ਹੋ ਗਈ ਹੈ। Narain Singh, Municipal Councilor, Ward No. 48, Phase 6, SAS Nagar ਨੇ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਦੇ ਵਾਰਸਾਂ ਸਬੰਧੀ ਹਲਫੀਆ ਬਿਆਨ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਜਿਸ ਅਨੁਸਾਰ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ Sh. Kuldeep Singh S/o Hari Singh ਦੇ ਵਾਰਸ ਹੇਠ ਲਿਖੇ ਅਨੁਸਾਰ ਤਸਦੀਕ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ:-

1. Ravinder Kaur Mann — Wife
2. Anudeep Kaur — Daughter

ਉਕਤ ਵਾਰਸਾਂ ਵਲੋਂ ਪਲਾਟ ਨੰਬਰ 147 ਫੇਜ਼-6, ਸੈਕਟਰ 56, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ, ਦੇ 50% ਹਿੱਸੇ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਆਪਣੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਲਈ ਦਸਤਾਵੇਜ ਇਸ ਦਫਤਰ ਨੂੰ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ ਅਤੇ ਇਹ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ), ਗਮਾਡਾ, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿੱਚ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮਲਕੀਅਤ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਸਭ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਦੇ ਕਾਨੂੰਨੀ ਵਾਰਸਾਂ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਇਤਰਾਜ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ), ਗਮਾਡਾ, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋਏ ਇਤਰਾਜ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਪਲਾਟ ਨੰਬਰ 147, ਫੇਜ਼-6, ਸੈਕਟਰ-56, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ 50% ਹਿੱਸੇ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ Narain Singh, Municipal Councillor, Ward No. 48, Phase 6, SAS Nagar ਵਲੋਂ ਦਿੱਤੇ ਹਲਫੀਆ ਬਿਆਨ ਦੇ ਅਧਾਰ ਤੇ ਉਕਤ ਵਾਰਸਾਂ ਦੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

**ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ)**
**ਗਮਾਡਾ, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ**

AP-2399

### लापता



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम कंचन निवासी # 221, काका का बाड़ा, गाँव कैंबवाला चंडीगढ़ उम्र लगभग 14 वर्ष, कद 5′-4′′, हरा सूट, भूरे रंग की सलवार, नाक पर मामूली चोट का निशान, गोरा रंग अपने उपरोक्त निवास से लापता है और वह आज तक अपने घर नहीं लौटी है। इस संबंध में, पुलिस स्टेशन, सेक्टर-03, चंडीगढ़ में मामला एफआईआर नंबर 59, दिनांक 30.06.2025 यू/एस 137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया है। लापता लड़की की तस्वीर ऊपर दी गई है।

इस संबंध में कोई सुराग मिलने पर, कृपया एसएचओ, पुलिस स्टेशन, सेक्टर-03, चंडीगढ़ को मोबाइल नंबर 97795-80933, आई/ओ नंबर 94636-53250 फोन नंबर 0172-2760008, 2924844 या पुलिस नियंत्रण फ़ोन नं.0172-2749194 या 112 पर सूचित करें।

**चंडीगढ़ पुलिस**

AP-2403

### सार्वजनिक सूचना

**विषय:** निर्मित संपत्ति मकान संख्या 1086 सेक्टर-7 एक्सटेंशन अर्बन एस्टेट गुड़गांव (हरियाणा) 122001 के संबंध में मालिक स्वर्गीय श्री लछमन दास कालरा की मृत्यु के परिणामस्वरूप स्वामित्व का हस्तांतरण।

स्वर्गीय श्री लछमन दास कालरा, जो कि उल्लिखित संपत्ति के मालिक थे, की मृत्यु 15/04/2025 को हो चुकी है और उनकी पत्नी श्रीमती कृष्णा कुमारी की भी मृत्यु 25/01/2018 को हो चुकी है और उन्होंने कोई पंजीकृत या अपंजीकृत वसीयत नहीं बनाई है, वे अपने पीछे निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारी छोड़ गए हैं:- (1) धर्मेन्द्र कालरा (पुत्र) (2) आशा आनंद (पुत्री)।

अब श्री धर्मेन्द्र कालरा पुत्र स्वर्गीय श्री लछमन दास कालरा निवासी मकान नं. 769, सेक्टर-7, एक्सटेंशन गुड़गांव, हरियाणा-122001 कानूनी उत्तराधिकारी होने के नाते अपने पक्ष में संपत्ति के हस्तांतरण के लिए आवेदन करना चाहते हैं।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त मकान के हस्तांतरण के विरुद्ध कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर संपदा अधिकारी-1, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, गुरुग्राम को सहायक दस्तावेजों सहित लिखित रूप में आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है, अन्यथा संपदा अधिकारी हुडा नीति के अनुसार उक्त संपत्ति के हस्तांतरण/पुनः आवंटन की अनुमति दे सकते हैं तथा बाद में किसी भी दावे पर विचार नहीं कर सकते हैं।

**कानूनी उत्तराधिकारी: -**
**श्री धर्मेन्द्र कालरा की ओर से**
**एस्टेट ऑफिसर-1, एचएसवीपी, गुरुग्राम**

AP-2402

### सार्वजनिक सूचना

श्री कृष्ण कुमार (आवंटी) की दिनांक 05/12/2021 को मृत्यु के बाद निर्मित / अनिर्मित प्लॉट नं. 1302, सेक्टर-18, एचएसवीपी, पानीपत का कानूनी उत्तराधिकारी के रूप में श्री तुषार के नाम पर स्वामित्व का हस्तांतरण। सभी जनता को सूचित किया जाता है कि श्री तुषार के अनुसार उनके पिता श्री कृष्ण कुमार ने कभी किसी व्यक्ति को कोई बिक्री विलेख / समझौता नहीं किया। इसके अलावा, उन्होंने दिनांक 25/07/2011 को उप रजिस्ट्रार, अमृतसर के कार्यालय में पंजीकृत श्री देवेंद्र कुमार पुत्र श्री गिरधारी लाल निवासी मकान नंबर 394, सेक्टर-12, पानीपत के पक्ष में जीपीए निष्पादित किया है, जिसे उनके द्वारा दिनांक 22-01-2014 को रद्द करवा दिया गया है। यदि किसी व्यक्ति के पास श्री कृष्ण कुमार द्वारा उनके नाम पर निष्पादित कोई बिक्री विलेख / पंजीकृत समझौता है, तो संबंधित प्रमाण के साथ इस कार्यालय को पंद्रह दिनों के भीतर सूचित करें।

**तुषार, कानूनी वारिस**

AP-2401

## अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS
**आज ही बुक करें**
**PH. : 0172-2638515, 98883-03520**
**Email : arthparkashadvt29@gmail.com**

### सार्वजनिक सूचना

I Sushil khurana s/o. Prabhu Dayal R/o.1039 , ward no 9, layalpur Colony Thanesar Kurukshetra Haryana have changed my name from Sushil Khurana to sushil kumar.

I seema w/o. Sushil Kumar R/o. 1039 , ward no 9, layalpur Colony Thanesar Kurukshetra Haryana have changed my name from Seema to seema Rani

I Lipika w/o Mr. Bhuvnesh Gulati R/0 1315, Sec 19-B, Chandigarh has changed my name from Lipika Gulati to Lipika for all future purposes.

एपी-2392

**मैं,** निहारिका पुत्री बलबीर कुमार नागपाल, निवासी मकान संख्या 255, सेक्टर 16, पंचकूला, हरियाणा - 134113, ने अपना नाम बदलकर अब निहारिका नागपाल कर लिया है। अब मुझे सभी कानूनी और सरकारी कार्यों में निहारिका नागपाल के नाम से जाना जाएगा। आधार संख्या- 9456 XXXX 1054, जन्म तिथि- 19/01/2001। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह संबंधित प्राधिकरण को सूचित कर सकता है।

एपी-2393

**मैं,** श्रीमती सीमा रानी पत्नी NO 13690278X GDSM बलजीत सिंह (रिटायर्ड) पुत्र श्री बचना राम निवासी गांव रतगल, पोस्ट ऑफिस थानेसर, तहसील थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र, (हरियाणा)-136118 ब्यान करती हूं कि जिला न्यायालय कुरुक्षेत्र के नोटरी के एफिडेविट के अनुसार मैंने अपना नाम सीमा रानी से बदलकर सीमा रख लिया है।

It is for general information that I, BALJEET SINGH S/o DARBARA SINGH Residence of #71, Near Govrment School, Bazidpur(358), Kurukshetra , Haryana-136131 declare that name of my mine and my father have been wrongly written as BALJIT KUMAR and DARBARA RAM in my 8th class mark sheet. The actual name of mine and my father are BALJEET SINGH and DARBARA SINGH respectively. Which may be amended accordingly.

एपी-2394

**मैं,** Satwinder Singh पुत्र प्रीतम सिंह निवासी चांदी पुरा, बरोट, कैथल (हरियाणा) आज से अपना नाम Satwinder Singh से बदल कर Satwindar Singh कर रहा हूं। भविष्य में मुझे Satwindar Singh के नाम से जाना जाए। संबंधित कृपया नोट करे।

**मैं,** Vandna Verma पत्नी सचिन वर्मा निवासी मकान नं 709, अंबाला रोड, चिरंजीव कॉलोनी, वार्ड नं 5, कैथल - 136027 (हरियाणा) भारत अपना नाम Vandna Verma से बदलकर Vandana रखती हूँ। संबंधित कृपया नोट करें।

एपी-2395

**मैं,** प्रवीन कुमार पुत्र ईश्वर सिंह वासी गांव महमदपुर जिला करनाल ने अपना नाम बदलकर प्रवीन से प्रवीन कुमार रखा है।

**मैं,** Prithi सिंह पुत्र राम गोपाल वासी गांव रत्ता खेड़ा जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर Prithvi राज रखा है।

**मैं,** रागिनी पत्नी अंकुश कुमार वासी मकान नं 189 वार्ड नं 10 मॉडल टाउन रतिया जिला फतेहाबाद ने अपने नाबलिग पुत्र का नाम बदलकर Ayyan अरोड़ा से Arik सचदेवा रखा है।

**मैं,** मनदीप कौर पत्नी राजीव पाहवा वासी मकान नं. 315 ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सैक्टर 13 करनाल ने अपना नाम बदलकर मनदीप कौर से मनदीप पाहवा शादी के बाद रखा है, भविष्य के लिए नोट करें।

**मैं,** भगवान दास पुत्र Nunia Mal वासी मकान नं. 912/558, kath मंडी हिसार हरियाणा ब्यान करता हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर भगवान दास से भगवान दास बिंदल रखा है भविष्य के सभी कार्यो के लिए।

एपी-2396

**मैं,** चतिंदर सिंह पुत्र राम सिंह, मकान नंबर 2641, सेक्टर 22-सी, चंडीगढ़ ने अपना नाम चतिंदर सिंह से बदलकर चतिंदर सिंह नागपाल रख लिया है।

**मैं,** गुरबक्श कौर पत्नी दलजीत सिंह निवासी मकान नंबर 274, सेक्टर 37-ए, चंडीगढ़ ने अपना नाम गुरबक्श कौर से बदलकर गुरबक्श कौर बैंस रख लिया है।

**मैं,** गुरजीत सिंह सैनी सुपुत्र करमजीत सिंह सैनी निवासी # 2325, सैक्टर 35-C, चंडीगढ़ अपना नाम बदलकर गुरजीत सिंह रख लिया है।

**मैं,** ईशा गरचा पत्नी धरम सिंह निवासी # 23, आनन्द विहार, बलटाना जीरकपुर शादी के बाद अपना नाम बदलकर ईशा कनवर रख लिया है।

**मैं,** संजय आर्मी नं 3207262L रैंक नायक एस/ओ बलवान सिंह निवासी गांव बड़ौदी तहसील और जिला जींद हरियाणा को सूचित करता है कि मेरी सेना रिकॉर्ड में मेरे बेटे का नाम sayam रिकॉर्ड में दर्ज है मेरा बेटा सही नाम sanyam है ।

**मैं,** Vandna Batta उर्फ Vandana Batta उर्फ Vandana Veeta उर्फ Vandna पुत्री Sh. Kewal Krishan Batta, निवासी मकान नंबर 1536, सेक्टर 18-डी, चंडीगढ़ ने अपना नाम Vandna Batta उर्फ Vandana Batta उर्फ Vandana Veeta उर्फ Vandna से बदलकर Vandna Kaur Mughar रख लिया है।

**मैं,** सुखविंदर कौर पत्नी जसविंदर सिंह, निवासी मकान नंबर 392, सेक्टर 77, जिला एसएएस नगर (मोहाली) पंजाब पिन कोड 160071 भारत ने अपना नाम सुखविंदर कौर से बदलकर सुखविंदर कौर गांधी रख लिया है।

एपी-2397

I, Vinod Kumar S/o Ganga Saran Singh R/o House No. 203, Tower F18 Valley O2, Amrapali Centurion Park Plot No. GH-05, Tech Zone-4, G.B. Nagar, Distt. Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh-201306 declare that I have changed my name from Vinod Kumar to Vinod Kumar Ganga for all future purpose.

एपी-2404

**मैं,** आंचल पत्नी हितेश कुमार निवासी मकान नं. 463/15 शिव कॉलोनी सफीदों जिला जींद-126112 (हरियाणा) अपने हल्फ से बयान करती हूं कि मैंने अपना नाम आंचल से बदलकर आंचल जुनेजा रख लिया है भविष्य में मुझे आंचल जुनेजा के नाम से जाना व पहचाना जाए।

एपी-2398

**मैं,** सुब्रमणि पिता नम्बर 4577007एल रैंक- हवलदार नाम- अरुण कुमार एस, वर्तमान निवासी #12 न्यू मॉडल हाउस कोरोमंडल के जी एफ, वीटीसी, बंगारपेट जिला कोलार, राज्य कर्नाटक-563118, मैंने अपना नाम 'सुब्रमणि' से बदलकर 'सुब्रमणि के' रख लिया है।

**मैं,** शिल्पा पत्नी नंबर 4577007एल रैंक- हवलदार नाम- अरुण कुमार एस, वर्तमान निवासी #12 न्यू मॉडल हाउस कोरोमंडल के जी एफ, वीटीसी, बंगारपेट जिला कोलार, राज्य कर्नाटक-563118, मैंने अपना नाम शिल्पा से बदलकर शिल्पा ए रख लिया है।

एपी-2405

**मैं,** वरिंदर कुमार पुत्र जीवन कुमार सिंगला, मिट्टू कवाडिया स्ट्रीट, वार्ड 6 कॉलेज रोड, मानसा, ने अपना नाम बदलकर वरिंदर सिंगला रख लिया है।

**मैं,** रमेश उर्फ रमेश सिंह नेगी पुत्र इंदर सिंह निवासी 149 गांव खुड्डा लाहोरा चंडीगढ़, ने अपना नाम बदलकर रमेश नेगी रख लिया है।

एपी-2407

**मैं,** जीत पाल पुत्र देव राज मित्तल निवासी # 11, सिल्वर सिटी जीरकपुर एसएएस नगर मैंने अपना नाम जीत पाल से बदलकर जीत पाल मित्तल रख लिया है।

एपी-2405

It is for general information that I, NARENDER KUMAR S/o VAS DEV Residence of House No 396/2, Ward No 9, Mahesh Nagar, Cheeka, PO Cheeka, Distt Kaithal , Haryana-136034 declare that my name has been wrongly written as NARENDER in my minor son PURAV MUKHIJA aged 15 years, in his 10th class CBSC mark sheet. The actual name of mine is NARENDER KUMAR respectively, Which may be amended accordingly.

एपी-2394

I, Rajender Kumar S/o Zila Singh R/o H.No-81, Gali No-03, Sector-33, New DC Colony, Karnal, Haryana - 132001, have changed my minor daughter's name from Ritika aged 16 years to Ritika Kadiyan forever.

एपी-2408

**मैं,** अलका गुप्ता पत्नी श्री पंकज गुप्ता, निवासी मकान नंबर 134, नजदीक हनुमान मंदिर, अग्रसेन कालोनी, हिसार, हरियाणा-125001 घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम अलका से बदलकर अलका गुप्ता रख लिया है। भविष्य में मुझे अलका गुप्ता के नाम से जाना जाए।

एपी-2404

**मैं,** बबिता पत्नी श्री संदीप निवासी गांव खरकाली, तहसील लाडवा, जिला कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बबिता लालर से बदलकर बबिता रख लिया है।

एपी-2409

**मैं,** सुमित सैनी पुत्र रामकुमार, मकान नंबर 1473/11, रूप नगर, नई सब्जी मंडी, जीन्द तहसील व जिला जीन्द का स्थाई निवासी हूं। मैंने अपने नाबालिग पुत्र का नाम भवी से बदलकर भव्य रख लिया है।

एपी-2405

**मैं,** सुरजीत कौर नंबर 13774745P रैंक LNK नाम हरजीत सिंह की मां हूं, वर्तमान में निवासी गांव श्री नगर, डाकघर - भूस्थला, तहसील पिहोवा , जिला कुरुक्षेत्र (हरियाणा) पिन-136130 मैंने अपना नाम सुरजीत कौर से बदलकर सरजीत कौर रख लिया है।

**मैं,** गुरचरण सिंह पुत्र सुरत सिंह गाँव तंदवाली ,बराडा ,अम्बाला ने अपना नाम बदलकर गुरचरण उपनाम सिंह रख लिया है।

**मैं,** जसपाल सिंह पुत्र दलीप सिंह गाँव छोटा सियाना , पिहोवा,कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर जसपाल उपनाम सिंह रख लिया है।

**अर्थ प्रकाश**
**समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें**

**मैं,** सुषमा पत्नी फूल कुमार निवासी वार्ड न 3, कोओपरेटिव फार्म,पिहेवा,कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर सुषमा रानी रख लिया है।

एपी-2410

### बेदखली सूचना

**मैं,** सलिन्द्रो देवी पत्नी स्व. श्री निर्मल सिंह निवासी गांव मुनियारपुर, तहसील थानेसर जिला कुरूक्षेत्र ब्यान करती हूं कि मेरा पुत्र संदीप मेरे कहने सुनने से बाहर है और मेरी कोई बात नहीं मानता है। मैं अपने पुत्र संदीप को अपनी समस्त चल-अचल सम्पति से बेदखल करती हूं। अगर भविष्य में मेरा पुत्र संदीप, किसी दूसरे के साथ झगड़ा करता है, कोई गैर कानूनी कार्य करता है तथा किसी के साथ कोई लेन देन करता है, तो उसका वह स्वंय जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार कि इसमें कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। संबंधित नोट करें।

एपी-2394

**मैं,** कुलदीप सिंह पुत्र परमेश्वर सिंह निवासी मकान नं. 1276, सेक्टर 35-बी, चंडीगढ़ सूचित करता हूँ कि मेरा बेटा गगनदीप सिंह मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूँ। उससे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।

एपी-2397

**मैं,** जय भगवान पुत्र श्री रामदत्त शर्मा निवासी गांव सिवानका, गोहाना, सोनीपत में अपने लड़के अमित व उसकी पत्नी राजा बाई को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं क्योंकि यह मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा।

एपी-2405

हम, रणधीर सिंह पुत्र करतारा राम व बलवानी देवी पत्नी रणधीर सिंह गाँव बोधनी, पिहोवा, कुरुक्षेत्र हमारा पुत्र अभिषेक हमारे कहने-सुनने से बाहर होने के कारण हम इसको अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते है, भविष्य में इसके द्वारा किये गए अनैतिक कार्य व लेन देन के लिए ये स्वयं जिम्मेवार होगा।

**मैं,** सुखविन्द्र कौर पत्नी सुखविन्द्र सिंह निवासी टिब्बा फार्म, पिहोवा,कुरुक्षेत्र मेरा पुत्र गुरविन्द्र सिंह पुत्रवधू निर्मल कौर मेरे कहने-सुनने से बाहर होने के कारण मै इनको अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हु , भविष्य में इनके द्वारा किये गए अनैतिक कार्य व लेन देन के लिए ये स्वयं जिम्मेवार होगे।

एपी-2410

**आवश्यक सूचना**
**अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।**

### आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# वेस्ट टू वेल्थ की नीति पर कार्य करते हुए बदलें शहरों की तस्वीर : राज्यपाल

**बेहतरीन प्रथाओं का आदान-प्रदान कर अपने-अपने शहरों को बनायें नंबर वन**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**मानेसर, 4 जुलाई।** हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि देशभर के शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्ष और प्रतिनिधि कचरा प्रबंधन में उन्नत तकनीकों का उपयोग करते हुए वेस्ट टू वेल्थ की नीति को अपनाएं। इससे न केवल स्वच्छता अभियान को नई दिशा मिलेगी, बल्कि शहरी स्थानीय निकायों के आर्थिक संसाधनों में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

राज्यपाल श्री दत्तात्रेय आज मानेसर, गुरुग्राम में शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल ने हरियाणा विधानसभा की ओर से पहली बार शहरी निकायों के अध्यक्षों के लिए इस प्रकार के राष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन पर विधानसभा अध्यक्ष और उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह गौरव की बात है कि देशभर से आए प्रतिनिधियों ने सम्मेलन में न केवल विचार-विमर्श किया, बल्कि शहरी विकास से जुड़ी सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं को भी आपस में साझा किया। इसके साथ ही, शहरी निकायों से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक और उपयोगी चर्चा हुई, जो भविष्य की नीति निर्माण में मार्गदर्शक साबित होगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की, जिससे देशवासियों के मन में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच और जागरूकता आई है। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे इस अभियान में समाज को व्यापक जन-जागरण के माध्यम से जोड़ें, ताकि शहरों को और स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। जितने अधिक लोग इस अभियान से जुड़ेंगे, उतने ही अधिक हमारे शहर खूबसूरत और स्वस्थ होंगे। विशेष रूप से, स्वच्छ भारत अभियान में स्लम इलाकों पर विशेष ध्यान देते हुए जन भागीदारी की जाये। साथ ही, उन्होंने निकायों में डिजिटलीकरण की प्रक्रिया को तेज़ी से लागू करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

राज्यपाल ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध करवा रही है। इसके साथ ही, शहरी स्थानीय निकायों को अपने-अपने क्षेत्रों में युवाओं के कौशल विकास पर विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि रोजगार के अवसरों को और बढ़ावा मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि जो शहर किसी क्षेत्र में रोल मॉडल के रूप में स्थापित हैं, उनकी बेहतरीन प्रथाओं का आदान-प्रदान करके सभी अपने-अपने क्षेत्र में नंबर एक बनने का प्रयास करें।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला की अनूठी पहल के तहत इस राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन संभव हुआ है। उन्होंने बताया कि श्री बिरला की यह सोच है कि संसद और विधानसभाओं की तरह नीचे की सभी स्थानीय संस्थाएं भी प्रभावी रूप से कार्य करें, और इसी दृष्टिकोण से यह सम्मेलन आयोजित किया गया है।

उन्होंने कहा कि देशभर से आए शहरी स्थानीय निकायों के प्रतिनिधि हरियाणा की पावन धरा पर उपस्थित हुए हैं, जहां अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। उन्होंने यह भी कहा कि लोकतंत्र में जितनी अधिक चर्चा होती है, उतने ही बेहतर समाधान निकलते हैं, अधिक प्रभावी निर्णय लिए जाते हैं और लोकहित के कार्य सुचारू रूप से संपन्न होते हैं।

हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाया जाए। यह कार्य मजबूत लोकतंत्र के बिना संभव नहीं है, और लोकतंत्र की मजबूती स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं की मजबूती से ही जुड़ी है। इसलिए, उन्होंने सभी अध्यक्षों और प्रतिनिधियों से अपील की कि वे आज यहाँ से संकल्प लेकर जाएं कि वे देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना अहम योगदान सुनिश्चित करेंगे और अपने-अपने शहरों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

उन्होंने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार की बेहतर व्यवस्थाओं के कारण ही इस राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन संभव हो पाया है।

इस अवसर पर विधानसभा के उपाध्यक्ष श्री कृष्ण मिड्ढा, राज्यसभा के उपसभापति श्री हरिवंश, राज्यसभा के महासचिव श्री पीपी मोदी सहित अन्य गणमान्य भी उपस्थित थे।

## नगरों को 'स्मार्ट' ही नहीं, बल्कि समर्थ, समावेशी और सतत बनाएं जनप्रतिनिधि : डिप्टी स्पीकर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि शहरी स्थानीय निकायों के प्रतिनिधि अपने-अपने नगरों को 'स्मार्ट' ही नहीं, बल्कि समर्थ, समावेशी और सतत बनाएं- ताकि 'विकसित भारत' का सपना केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि एक धरातलीय सच्चाई बन सके।

डिप्टी स्पीकर शुक्रवार को राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे।

डिप्टी स्पीकर ने कहा कि हरियाणा पहले से ही शहरी स्थानीय निकाय क्षेत्र में पारदर्शिता, ई-गवर्नेंस और नागरिक भागीदारी के कई सफल उदाहरण प्रस्तुत कर चुका है। चाहे वह गुरुग्राम और फरीदाबाद जैसे नगर निगम हों या अन्य जिलों में नगर परिषद, सभी स्थानों पर हमने नागरिकों को केंद्र में रखकर योजनाएँ बनाई हैं।

डिप्टी स्पीकर ने कहा कि इस सम्मेलन में 'संवैधानिक लोकतंत्र की मजबूती और राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका' जैसे विषय पर गहन चर्चा न केवल सामयिक है, बल्कि भारत को 'विकसित राष्ट्र' बनाने की दिशा में भी अत्यंत प्रासंगिक है।

शहरी निकायों की सशक्तता केवल कागज़ों पर नहीं, ज़मीन पर दिखनी चाहिए। एक आदर्श नगर निकाय तब बनेगा जब हर नागरिक को यह भरोसा हो कि उसकी आवाज़ सुनी जाती है, उसकी समस्या केवल एक फ़ाइल में नहीं, बल्कि समाधान की प्रक्रिया में बदलती है।

उन्होंने कहा कि जब सभी राज्य अपने-अपने नगर निकायों को सशक्त, उत्तरदायी और नागरिकों के लिए जवाब देह बनाएंगे, तभी हम संवैधानिक लोकतंत्र को उसकी पूर्णता में अनुभव कर पाएंगे । डिप्टी स्पीकर डॉ मिड्ढा ने अपने संबोधन में कहा कि जब हम एक उत्कृष्ट शहरी निकाय की परिकल्पना करते हैं, तो वह केवल एक प्रशासनिक इकाई नहीं, बल्कि एक ऐसा जीवंत, उत्तरदायी और सहभागी तंत्र होता है, जो नागरिकों की जरूरतों के अनुरूप सशक्त, पारदर्शी और समावेशी ढंग से कार्य करता है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### रोटरी क्लब अंबाला सेंट्रल ने हर्बल पार्क में किया पौधरोपण



**अम्बाला (अप्रस)।** रोटरी क्लब अंबाला सेंट्रल द्वारा आज प्रातः हर्बल पार्क में पौधारोपण प्रोजेक्ट की शुरुआत की । इस हरित पहल में क्लब सदस्यों और युवा नेतृत्व ने उल्लेखनीय उत्साह और समर्पण दिखाया। इस अवसर पर अध्यक्ष रोटेरियन राजेश बत्रा ने कहा कि हरित भविष्य की ओर एक सफल कदम बहुत जरुरी है ,उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ जरुर लगाना चाहिए और बड़ा होने तक उसकी देख रेख करनी चाहिए । प्रोजेक्ट डायरेक्टर वरिष्ठ रोटेरियन के.एस. वालिया और विवेक भटनागर की उत्कृष्ट योजना एवं व्यवस्थापन के लिए रोटरी टीम ने सरहाना की । इस अवसर पर क्लब के प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे जिनमें सहायक गवर्नर शैलेष दीवान, सचिव हरीश कुमार अरोड़ा, कार्यवाहक कोषाध्यक्ष रविंदर पुनियानी, राजेश चोपड़ा, मनमोहन मैनी, दीपक खुराना, विक्रमजीत, संयुक्त कोषाध्यक्ष सुलभ उप्पल, राज कुमार पुरी, आकाश बंसल, प्रीत मोहिंदर पाल सिंह, राम करण सैनी, डॉ. अवतार सिंह और सुखविंदर सिंह प्रमुख रहे।

### श्री खेड़ा मंदिर में रामायण पाठ 9 को

**लाडवा (अप्रस)।** श्री खेड़ा मंदिर में श्री रामायण पाठ 9 जुलाई व गुरु पूजन व भंडारा 10 जुलाई को होगा। लाडवा 4 जुलाई (शंकर लाल) स्वामी गिरिराज सेवा आश्रम लाडवा के प्रवक्ता राज सिंगला ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर्व के उपलक्ष्य में 9 जुलाई को श्री खेड़ा मंदिर लाडवा परिसर में प्रातः 8 :00 बजे से श्री रामायण का पाठ शुरू किया जाएगा। प्रवक्ता राज सिंगला ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा पर्व पर 9 जुलाई को प्रातः 8 :00 बजे से श्री खेड़ा मंदिर परिसर में श्री रामायण का पाठ शुरू किया जाएगा। जिसका समापन 10 जुलाई को प्रातः 8-00 बजे हवन के साथ होगा। उन्होंने बताया कि गुरु पूजन प्रातः 10-00 बजे होगा और दोपहर 12 :00 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ कमाई और भंडारे का प्रसाद ग्रहण करें।

### छात्रों को नशे के खिलाफ जानकारी देकर जागरूक किया




**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत पुलिस टीम ने शुक्रवार को गांव वजीरपुर टिटाना के सरकारी स्कूल में छात्रों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरुक किया। अभियान के जिला नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक श्री नरेंद्र सिंह ने कहा कि नशे से शरीर का नुकशान होने के अतिरिक्त पैसों की भी बर्बादी होती है। नशा करने वाले व्यक्ति का ध्यान अपराध की तरफ बढ़ता है। युवाओं को नशे की गर्त से बचाने के लिए हरियाण पुलिस लगातार प्रयासरत है। पुलिस स्कूल, कॉलेज, फैक्टरी, गांव व कॉलोनियों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन व विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक कर रही है। इस दौरान पुलिस टीम ने छात्रों को नशे के सेवन से होने वाले मानसिक, शारीरिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से बताया कि किस प्रकार नशा करने से व्यक्ति का स्वास्थ्य तो बिग?ता ही है, साथ ही उसका सामाजिक जीवन, शिक्षा और भविष्य भी प्रभावित होता है। युवाओं को नशे की ओर आकर्षित करने वाले कई कारक होते हैं, जैसे दबाव, गलत संगत या जिज्ञासा। जागरूकता और आत्म-नियंत्रण ही इससे बचने का सबसे कारगर तरीका है। इस दौरान छात्रों को शपथ दिलाई गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इसके खिलाफ जागरूक करेंगे।

### सीनियर सिटीजन वैल्फेयर सोसाइटी की मासिक बैठक कल

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** सीनियर सिटीजन वैलफेयर सोसाइटी कैथल की मासिक बैठक प्रधान नरेंद्र निझावन व मुख्य संरक्षक महेश दुआ की अध्यक्षता में 6 जुलाई को सांय 4 बजे मदनलाल ढींगरा स्मारक स्थित पंजाबी वैलफेयर सभा के सभागार में होगी। बैठक के बारे में जानकारी देते हुए महासचिव धन सचदेवा ने बताया कि इस बैठक में जुलाई माह में जन्मे वरिष्ठ साथियों के जन्मदिन हर्षोल्लास पूर्वक मनाए जाएंगे तथा वरिष्ठ नागरिकों को दिनचर्या में आने वाली पारिवारिक सामाजिक व प्रशासनिक समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। सभी सम्मानित वरिष्ठ साथियों से अपील है कि बैठक में समय से पहुंचकर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

## 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियों के लिए गेट मिटिंगों का आयोजन

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला

**कलायत, 4 जुलाई।** अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी फेडेरेशन एवं राष्ट्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त आह्वान पर केन्द्र व राज्य सरकारें की जनता एवं कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ आगामी 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में सभी विभागों के हजारें कर्मचारी बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। उक्त दावा सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रैस प्रवक्ता सुरेश उचाना, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के वरिष्ठ नेता जयप्रकाश शास्त्री, सीटू नेता सत्यवान और एमपीएचई एसो0 की जिलाध्यक्ष देवीरानी ने उपमण्डल नागरिक हस्पताल में नरेन्द्र बुरा की अध्यक्षता में हुई गेट मीटिंग के दौरान सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की केन्द्र व राज्य सरकार सभी तरह के कर्मचारियों, परियोजना कर्मियों, मजदूरें व आम मेहनतकश जनता की उपेक्षा के साथ-साथ वादाखिलाफी भी कर रही है। जो लोकतांत्रिक अधिकारें पर भारी हमला है। जिसे बर्दास्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि सरकार को मांगपत्र भेजकर बातचीत से समाधान करने की अपील कई बार की चुकी है लेकिन सरकार बातचीत से समाधान करना नही चहती जिससे कर्मचारियों, मजदूरें और परियोजना कर्मियों में लगातार अक्रोश बढ रहा है। इसके बाद हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजिस्टर्ड नंबर 41 के कार्यालय में ब्लॉक स्तरीय संयुक्त मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग में उपस्थित विभिन्न विभागों के सैंक?ें कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ के राज्य उपाध्यक्ष जरनैल सिंह और जिलाध्यक्ष शिवचरण ने मुख्य मांगों का ?िक्र करते हुए बताया कि केंद्र सरकार की तर्ज पर राज्य मे अलग से वेतन अयोग का गठन जाए और जब तक वेतन अयोग लागू नही किया जाता तब तक सभी कर्मचारियों को महंगाई के अनुसार पांच हजार रूपये अंतरिम राहत दी जाए।

## एसडीएम ने किया कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण

**कलायत (कपिल देव रोहिल्ला)।** एसडीएम अजय हुड्डा ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ स्कूलों में सफाई व्यवस्था भी अच्छी होनी चाहिए। स्कूलों में कहीं भी अव्यवस्था का माहौल नहीं होना चाहिए। यदि कहीं से कोई लापरवाही की जानकारी मिलती है तो संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। एसडीएम अजय हुड्डा शुक्रवार को गांव मटौर के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इस मौके पर विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय आदि व्यवस्था को देखा और मौके पर मौजूद अधिकारी व कर्मचारियों को निरंतर सफाई व्यवस्था रखने के निर्देश भी जारी किए। उन्होंने स्कूल में हाजिरी रजिस्टर को चेक किया, जो सही पाया गया। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी विद्यार्थियों को सभी मूलभूत सुविधाएं प्रदान करना सुनिश्चित करें। यदि कोई ऐसी समस्या है जो मुख्यालय स्तर पर होनी है, इसकी पूर्ण जानकारी उपमंडल स्तर कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें।

## जनविरोधी नीतियों के खिलाफ हरियाणा रोडवेज सांझा मोर्चा 9 को करेगा राष्ट्रव्यापी हड़ताल : अमित

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 4 जुलाई।** हरियाणा रोडवेज सांझा मोर्चा कैथल डिपो ने 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारी को लेकर हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के दफ्तर में कार्यकारिणी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता डिपो प्रधान अमित कुमार कुंडू ने व संचालन कृष्ण गुलियाना ने किया। उन्होंने कहा कि राज्य में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है और कर्मचारियों, परियोजना कर्मियों, मजदूरों व आम मेहनतकश जनता की उपेक्षा के साथ-साथ लगातार वादा खिलाफी कर रही है। सांझा मोर्चा सरकार को मांगपत्र भेजकर बातचीत से समाधान करने की अपील कर चुका है लेकिन सरकार बातचीत से समाधान करना नहीं चाहती।

**ये हैं कर्मचारियों की मुख्य मांगें :** मोर्चा के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान शिव कुमार श्योराण, दी ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन के कैशियर जसबीर सिंह, उपप्रधान विक्रम गुहणा, जयबीर सिंह तालू, कृष्ण गुल्याना, कृष्ण कुमार रवीश ने कहा कि उनकी मांगों में केंद्र सरकार की तर्ज पर राज्य में अलग से वेतन अयोग का गठन करना और जब तक वेतन अयोग लागू नहीं किया जाता सभी कर्मचारियों को महंगाई के अनुसार 5 हजार रूपये अंतरिम रहात के रूप मे देना, आठवें वेतन आयोग से पहले 7वें वेतन अयोग की विसंगतिया दुरुस्त करना, हटाए गए कौशल के सभी कर्मचारियों को वापिस लेते हुए सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, परियोजना कर्मियों को कर्मचारी का दर्जा देना, पुरानी पेंशन बहाल करना व एक्सग्रेसिया पॉलिसी से शर्त हटाना, बढ़ते हुए महंगाई भत्ते के अनुसार आवास भत्ते में बढ़ोतरी करना, परियोजना कर्मियों व मजदूरों को 26 हजार रु न्यूनतम मानदेय देना, जनता को सस्ती दर पर शिक्षा, स्वस्थ, सफाई व अन्य सुविधा उपलब्ध कराना आदि शामिल हैं।

**मीटिंग में ये भी रहे मौजूद :** इस अवसर पर अचिंतराज, मुकेश कोहली, जसमेल श्योकंद, दलवीर देवबन, धर्मवीर देवबन, सतवीर बालू, वीरेंद्र बालू, अनूप कुमार, संदीप जाजवान, अनिल मिर्जपुर, सोमबीर, श्रीराम अलेवा, सुनील कारपेंटर, सुरेश मराठा, प्रशांत कुमार, भारत कुमार, विनोद कुमार, शिशपाल देवबन, राजीव जाखोली, अनिल कुमार, शमशेर जांगड़ा, अमित कुमार विज, शमशेर सांगन, हीरालाल, संजीव सजुमा, शैलेंद्र चौथ, बलराज दयोरा, बलिंदर मालखेड़ी, संजय धीमान, वीरेंद्र कुमार, संदीप कुंडू, सुभाष कसान, गजे सिंह गुहणा, विकास कुमार, दिनेश फौजी, कौशल पांचाल, जोगिंदर जखौली, अनिल कुमार, संदीप कुमार, अनिल कुमार चहल, अकबर अली, रामपाल चंदाना जसबीर सिंह वजीर खेड़ा समेत काफी कर्मचारी मौजूद रहे।

## कुरुक्षेत्र के विकास में नंदा जी का विशेष योगदान : अशोक अरोड़ा

### नंदा जी की जयंती पर अरोड़ा ने उनकी समाधी स्थल पर किया नमन

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया



**कुरुक्षेत्र।** थानेसर के विधायक एवं पूर्व मँत्री अशोक अरोड़ा ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. गुलजारी लाल नंदा की जयंती पर उन्हे नमन करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र के विकास में नंदा जी का अहम् योगदान रहा है और कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर तथा अन्य तीर्थों का जो स्वरूप आज देखने को मिलता है। वह नंदा जी की देन है। अरोड़ा ने नंदा जी समाधी सदाचार स्थल पर जाकर उन्हे नमन किया और पुष्पांजलि अर्पित की।

उन्होने कहा कि नंदा जी ने गुजरात से आकर कुरुक्षेत्र को अपनी कर्मभूमि बनाया और वह दो बार इस हल्के से लोकसभा के सदस्य रहे। देश के गृहमंत्री व रेल मंत्री बनें और दो बार कार्यवाहक प्रधानमंत्री का पदभार संभाला। नंदा जी के प्रयासों से ही हरियाणा सरकार ने कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड का गठन किया और देश के संस्थापक चेयरमैन रहे। नंदा जी ने कुरुक्षेत्र की 48 कोस की भूमि में प्राचीन तीर्थों का जीर्णोद्धार करने का बीड़ा उठाया और उन्ही सोच के अनुरूप आज ब्रह्मसरोवर और अन्य तीर्थों का स्वरूप देखने को मिलता है। अरोड़ा ने कहा कि हरियाणा में जिस भी राजनीतिक दल की सरकार बनी। प्रत्येक सरकार ने कुरुक्षेत्र का विकास करवाया और नंदा जी के सपनों को साकार करने में सहयोग दिया। ऐसी महान विभूति नंदा जी के कुरुक्षेत्र के विकास मे दिए गए योगदान को कुरुक्षेत्रवासी कभी नही भुला सकते।

## पुलिस थानों में महिला अधिवक्ताओं की ड्यूटियां निर्धारित

**हांसी (अप्रस/दिनकर गावड़ी)।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार, अपराधों की पीड़िताओं को त्वरित व प्रभावी कानूनी सहायता उपलब्ध कराने हेतु उपमंडल विधिक सेवा समिति द्वारा 'आदर्श अभियोजन परामर्श योजना' के अंतर्गत महिला अधिवक्ताओं की ड्यूटी एक जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक पुलिस थानों में निर्धारित की गई है। इस योजना का उद्देश्य है कि संवेदनशील मामलों में पीड़ित महिलाओं व बच्चों को प्रारंभिक स्तर पर ही कानूनी सहायता प्राप्त हो सके। नियुक्त अधिवक्ता संबंधित पुलिस थानों में नियमित रूप से उपस्थित रहकर पीड़ितों को आवश्यक विधिक परामर्श देंगी। अधिवक्ता शाइना यादव को पुलिस थाना नारनौंद, अधिवक्ता अर्चना पांडे को पुलिस थाना हांसी, ममता मिगलानी पुलिस थाना सदर हांसी, अधिवक्ता बलजीत कौर को थाना शहर हांसी, भतेरी देवी को पुलिस थाना बास में एक जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक नियुक्त किया गया है।

## राष्ट्र चेतना के प्रवर्तक स्वामी विवेकानंद का रोम रोम राष्ट्रभक्ति एवं भारतीयता से परिपूर्ण था : डा. श्रीप्रकाश मिश्र

अर्थ प्रकाश/अमित

**कुरूक्षेत्र, 4 जुलाई।** स्वामी विवेकानंद उस वैदिक सनातन परंपरा के विचारक थे जो अपने अंदर कई विचारो और संस्कृतियों को समेटे हुई है और इसके बावजूद युगों युगों से निरंतर अग्रसर है। स्वामी विवेकानंद इसी परंपरा के आधुनिक उद्घोषक है। स्वामी विवेकानंद आज भी विश्व में सबसे सशक्त विचारक माने जाते है, जिन्होंने न सिर्फ वेदांत दर्शन को पूरी दुनिया में फैलाने का काम किया बल्कि पूरे विश्व को वो रास्ता दिखाया जिसपर चलकर व्यक्ति, समाज और राष्ट्र अपनी गौरवगाथा लिख सकता है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि के अवसर पर मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इस अवसर पर मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद का पेन्सिल चित्र भी बनाया एवं स्वामी जी के जीवन से सम्बन्धित प्रेरक प्रसंग भी प्रस्तुत किये।

मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा स्वामी विवेकानंद का जन्म एक ऐसे समय हुआ जब भारत देश औपनिवेशिक शासन के दमन के चक्र में पिसकर अपनी अस्मिता और आत्मसम्मान को खोता जा रहा था उस समय विवेकानंद ने न सिर्फ लोगों को आत्मसम्मान और स्वाभिमान की दीक्षा दी बल्कि धर्म, जाति, वर्ग और वर्ण की सीमाओं से उठकर एक होने की प्रेरणा दी। ये वो समय था जब देश सांस्कृतिक पुनर्जागरण के दौर से गुजर रहा था और स्वामी विवेकानंद इसके एक अग्रदूत थे।

## लोटस फिटनेस प्वाइंट के खिलाड़ियों ने फिर लहराया परचम, लगाई स्वर्ण पदकों की झड़ी



अर्थ प्रकाश/शंकर लाल

**लाडवा, 4 जुलाई।** कुरुक्षेत्र द्रोणाचार्य स्टेडियम में खेल विभाग की तरफ से आयोजित खेल महाकुंभ में लोटस फिटनेस प्वाइंट के ताइक्वांडो कोच करनजीत ने स्वर्ण पदक जीतकर लाडवा और पूरे कुरुक्षेत्र का नाम पूरे हरियाणा में रोशन किया और इसी के साथ लोटस फिटनेस प्वाइंट के ताइक्वांडो के खिलाड़ी और कोच करण जीत के मार्गदर्शन मे अभ्यास कर रहे अनिकेत ने स्वर्ण पदक, हर्षद ने स्वर्ण पदक, अनिकेत शर्मा ने स्वर्ण पदक, भविष्य ने स्वर्ण पदक पर कब्जा किया।

लोटस फिटनेस प्वाइंट के डायरेक्टर कमल किशोर ने बताया की यह खिलाड़ी दिन रात एकेडमी पर ताइक्वांडो की प्रैक्टिस करते हैं और इसी का परिणाम है कि यह समय-समय पर पदक जीतकर अपना और अपने मां-बाप का नाम रोशन करते है। ताइक्वांडो कोच करनजीत ने बताया कि वह की ताइक्वांडो गेम सिर्फ एक खेल का माध्यम नहीं बल्कि खेलो से जुड़ कर नशे से दूर रहा जा सकता है। खेल का नशा इन गंदे नशों से अच्छा है। नशे से परिवार के परिवार आज उजड़ने की कागार पर है और खेल से जुड़कर नए समाज का निर्माण होता है, युवा पीढ़ी इस दूदरता से बची रहेगी।

## 54 हजार पुलिस कर्मियों को नए आपराधिक कानूनों की ट्रेनिंग

### 37 हजार पुलिस कर्मी आई गोट कर्मयोगी प्लेटफ़ॉर्म पर आए

**ई-सम्मन और ई-साक्ष्य से बदली कार्यप्रणाली**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** हरियाणा पुलिस ने अपने 54 हजार कर्मचारियों को नए आपराधिक कानूनों की ट्रेनिंग प्रदान कर दी है। एक जुलाई 2024 से लागू हुए भारतीय न्याय संहिता,भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लागू करने के लिए हरियाणा पुलिस ने राज्य स्तर पर एक मिशन मोड में कार्य किया। जिसमें व्यापक प्रशिक्षण, डिजिटल निगरानी प्रणाली, फॉरेंसिक क्षमताओं का उन्नयन और कार्यप्रणाली का डिजिटलीकरण प्रमुख केंद्र रहे।

हरियाणा के डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने शुक्रवार को जारी जानकारी में बताया कि बल्कि टेक्नोलॉजी और ट्रेनिंग को न्याय प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा बनाकर पारदर्शिता, दक्षता और जन-केंद्रितता की नई दिशा तय की है। उन्होंने बताया कि हरियाणा पुलिस ने 54 हजार 329 पुलिसकर्मियों को नए आपराधिक कानूनों के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया है। इसके साथ ही 37 हजार 889 पुलिसकर्मियों को आई गोट कर्मयोगी प्लेटफ़ॉर्म पर जोड़ा गया है, जिससे वे स्व-अध्ययन के माध्यम से कानून की बेहतर समझ प्राप्त कर सकें।

डीजीपी ने बताया कि प्रशिक्षण का प्रभाव पुलिस की कार्यप्रणाली पर देखने को मिल रहा है। अब पुलिसकर्मी मामलों की जांच अधिक संवेदनशीलता और दक्षता से कर रहे हैं।

तलाशी और जब्ती की 100 प्रतिशत रिकॉर्डिंग अब डिजिटल रूप से हो रही है, जिससे मामलों में पारदर्शिता और साक्ष्य की विश्वसनीयता में बढ़ोतरी हुई है। 91.37 प्रतिशत समन इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजे जा रहे हैं, जिससे समय की बचत और प्रक्रिया में तेजी आई है। साथ ही 67.5 प्रतिशत गवाहों और शिकायतकर्ताओं के बयान ई-साक्ष्य एप पर रिकॉर्ड किए जा रहे हैं, जिससे न्याय प्रक्रिया अधिक संरक्षित और भरोसेमंद बनी है।

हर जिले में एक मोबाइल फोरेंसिक वैन तैनात की गई है और बड़े जिलों में दो-दो वैन सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। राज्य सरकार ने 208 नई नियुक्तियों को मंजूरी दी है और 186 रिक्तियों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी है। साइबर फॉरेंसिक के क्षेत्र में भी बड़ा निवेश हुआ है, जहां 68.70 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक उपकरणों की खरीद को स्वीकृति दी गई है।

▲ अधिकतम 33 डिग्री से.
डिग्री से. 28 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 5.25 बजे
सूर्यास्त 7.30 बजे

सोना 24 कैरेट : 98,880.00
सेंसेक्स : 83,432.89
अमेरिका : 85.44
कैनेडियन : 62.82
आस्ट्रेलिया : 55.97

# चंडीगढ़ में जगह-जगह धंसी सड़कें, बारिश ने खोली जल निकासी की पोल

जलभराव की समस्या पर कार्यकारी अभियंताओं से मांगी रिपोर्ट

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** चंडीगढ़ में भारी बारिश ने शहर की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी है। मध्य मार्ग, चंडीगढ़-पंचकूला रोड, और सेक्टर 35, 43, 44, 45, 22, 29, अटावा, पलसोरा, और बुड़ैल जैसे इलाकों में घुटने तक पानी भर गया। सेक्टर 16 में घरों में पानी घुस गया, जबकि कजहेड़ी गांव और सेक्टर 38 की दुकानों में भी जलभराव देखा गया। नगर निगम के पास 30,000 रोड गलियों को साफ करने के लिए केवल 100 कर्मचारी थे, जबकि सीवरेज और ड्रेनेज सिस्टम के रखरखाव के लिए प्रतिवर्ष 9 करोड़ रुपये आवंटित हैं। सेक्टर 40-सी के वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव सतीश खोसला ने शिकायत की कि आंतरिक सडक़ों की सफाई पर ध्यान नहीं दिया जाता, जिससे हर साल बाढ़ जैसी स्थिति बनती है। सेक्टर 22 और 32 में दो पेड़ उखड़ गए, और सेक्टर 22/23 डिवाइडिंग रोड पर एक पेड़ के गिरने से दीवार ढह गई। सौभाग्यवश, कोई हताहत नहीं हुआ। नगर निगम के मुख्य अभियंता संजय अरोड़ा ने बताया कि जलभराव की समस्याओं पर कार्यकारी अभियंताओं से रिपोर्ट मांगी गई है, जिसके आधार पर भविष्य की योजनाएं बनाई जाएंगी। मानसून के और तेज होने के साथ, चंडीगढ़ ट्राइसिटी के निवासियों को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द ही प्रभावी कदम उठाएगा ताकि भविष्य में ऐसी आपदा से बचा जा सके।

### चंडीगढ़ व ट्राइसिटी में 52 साल का रिकॉर्ड टूटा, जून में रिकार्ड बारिश वाला नया दिन

चंडीगढ़ में बीते रविवार को सुबह 8.30 बजे तक 119.5 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो 1974 के बाद जून का सबसे अधिक बारिश वाला दिन बन गया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 18 जून 1974 को 146.4 मिमी बारिश के साथ शहर का अब तक का सबसे अधिक बारिश वाला दिन था। इस भारी बारिश ने चंडीगढ़, मोहाली, और आसपास के इलाकों में भारी तबाही मचाई, जिसमें जलभराव, सडक़ों का धंसना, और पेड़ गिरने की घटनाएं शामिल हैं। सेक्टर 26 पुलिस लाइन्स के पास निर्माणाधीन सडक़ का एक हिस्सा रातों रात बारिश के कारण धंस गया। मौसम विभाग चंडीगढ़ के निदेशक सुरेंद्र पॉल ने बताया कि इस असामान्य बारिश का कारण मानसून प्रणाली का उत्तर की ओर बढऩा और हिमालय की तलहटी में इसका प्रभाव है। इसके साथ ही, एक पश्चिमी विक्षोभ ने भी बारिश को और तीव्र किया। सोमवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, और अगले दो दिनों तक भारी बारिश की संभावना जताई गई थी और बारिश हुई भी। बारिश ने तापमान को भी प्रभावित किया, जहां अधिकतम तापमान शनिवार के 33.9 डिग्री सेल्सियस से गिरकर रविवार को 30.2 डिग्री सेल्सियस (सामान्य से 6.1 डिग्री कम) और न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री से 23.6 डिग्री सेल्सियस (सामान्य से 3 डिग्री कम) हो गया।

### मोहाली में भी हालात रहे बदतर

मोहाली में स्थिति और भी गंभीर रही, जहां फेज 3बी 2, 4, 5, 7, 11, और सेक्टर 70 व 71 में जलभराव के कारण घरों में पानी घुस गया। औद्योगिक क्षेत्र की सडक़ों पर एक फुट से अधिक पानी जमा हो गया। जीरकपुर, खरड़, और नयागांव में भी सडक़ें डूब गईं, और नयागांव में घरों में पानी घुसने से निवासियों को भारी परेशानी हुई। मेयर अमरजीत सिंह सिद्धू ने स्वीकार किया कि खराब ड्रेनेज सिस्टम एक बड़ी समस्या है। उन्होंने बताया कि चार महीने पहले किए गए सर्वे में जल निकासी की खामियां उजागर हुई थीं, जिन्हें ठीक करने के लिए 200 करोड़ रुपये की जरूरत है, लेकिन स्थानीय निकाय विभाग ने अभी तक कोई जवाब नहीं दिया। डिप्टी मेयर कुलजीत सिंह बेदी ने बताया कि एयरपोर्ट रोड निर्माण के कारण पानी का प्राकृतिक बहाव रुक गया है, और इसे पटियाला की राव की ओर मोडऩे की योजना है।

### नागरिकों में जबरदस्त आक्रोश

एयरोसिटी में भी खाली प्लॉटों में जलभराव की समस्या देखी गई। एयरोसिटी वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष विनोद शर्मा ने जीएमएडीए पर नियमित रखरखाव न करने का आरोप लगाया। पूर्व शिरोमणि अकाली दल पार्षद सुरिंदर सिंह ने भी प्रशासन की तैयारियों पर सवाल उठाए, और कहा कि हर बारिश में लोग डर के साये में जीते हैं। निवासियों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप और दीर्घकालिक समाधान की मांग की है। जीरकपुर के लोगों का भी यही रोना है। विभिन्न कालोनियों के लोगों की दलील है कि हर साल सरकारों की मानसून व्यवस्था की पोल खुलती है लेकिन प्रशासन को कोई शर्म नहीं। सडक़ों पर बड़े-बड़े गड्ढ़े हैं, नालियों व रोड गलियों को साफ नहीं किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### चंडीगढ़ की रहने वाली युवती ने मंगनी से दो दिन पहले की आत्महत्या

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना 11 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत रहने वाली एक युवती ने घर में फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। युवती को फंदे से उतार कर सैक्टर 16 के अस्पताल में पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसकी पहचान पीयू कैंपस में बने घर में रहने वाली 26 वर्षीय एक युवती के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पता चला कि मृतक युवती अपने परिवार सहित रहती थी।और उसने फैशन डिजाइनर की पढ़ाई कर रखी थी। जिसकी 6 जुलाई को घर मंगनी थी। जिसको लेकर परिवार में जोर शोर से तैयारी चल रही थी। वीरवार रात को युवती सोने के लिए अपने रूम पहली मंजिल पर चलेगी। अगले दिन सुबह शुक्रवार को परिवार वालों ने देखा कि उनकी बेटी फंदे से झूल रही। जिसके चलते घर में हड़कप मच गया। आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही असली मौत के कारणों का पता चल पाएगा।मामले की जांच जारी है।

### बाइक सवार स्नैचर लड़की का मोबाइल छीन फरार

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** बी केयर फॉर यू और हाइटेक कहलाने वाली यूटी पुलिस को मोटर साइकिल पर सवार दो शातिर आरोपी चुनौती देते हुए और बेख़ौफ़ होकर लगातार आए दिन स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देकर आराम से फरार हो जाते है। लेकिन हरदम से मुस्तैद रहने वाली पुलिस पकड़ नहीं पा रही। स्नैचर्स इतने शातिर है कि मौका देख कर थाना 49 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत वारदात कर तेज रफ्तार से फरार हो जाते है। ऐसा ही एक और मामला प्रकाश में आया है। यहां सेक्टर 37 की रहने वाली पीड़िता लड़की ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार सहित रहती है।और मोहाली स्थित एक कंपनी में जॉब करती है। वीरवार को दोपहर करीब 3 बजे जा रही थी। जैसे ही वह सैक्टर 51 स्थित पैट्रोल पंप के पास पहुंची तो इसी दौरान मोटर साइकिल पर सवार दो शातिर आए।और उसका मोबाइल फोन छीन कर फरार हो गए। जिसके चलते हड़कंप मच गया। आसपास के लोग इकट्ठे हो गए।मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात बाइक सवार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दे कि अलग मामलो में इससे पहले भी अज्ञात बाइक पर सवार दो शातिर आरोपियो ने पुलिस को चुनौती देते हुए सुबह के समय सैर करने जाने वाले पीड़ित लोगों को अपना निशाना बनाया है।और उनके गले में पहनी गोल्ड चैन स्नैच कर फरार हो जाते है। लेकिन वह शातिर आरोपी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। यूटी पुलिस में कई महत्वपूर्ण विभाग/सैल है।उनके हाथ भी बाइक सवार शातिर नहीं आ रहे।

# सेक्टर-26 मंडी की आधारभूत संरचना को दुरुस्त करने के दिशा निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** चंडीगढ़ प्रशासन ने सेक्टर-26 मंडी की जर्जर आधारभूत संरचना और उससे जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। शुक्रवार को राज्य कृषि विपणन बोर्ड के सचिव हरि कालिकट की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें मंडी की समस्याओं पर गहन चर्चा हुई। उनके समाधान के लिए ठोस योजनाएं बनाई गईं। बैठक में यू.टी. चंडीगढ़ के मुख्य अभियंता सी.बी. ओझा, राज्य कृषि विपणन बोर्ड के संयुक्त सचिव, और अभियंता विभाग व विपणन बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। चर्चा का मुख्य केंद्र मंडी की खराब जल निकासी व्यवस्था और क्षतिग्रस्त सडक़ों पर रहा। कालिकट ने इन समस्याओं के त्वरित समाधान की आवश्यकता पर जोर देते हुए मुख्य अभियंता से अनुरोध किया कि वे सुधार कार्यों की व्यक्तिगत रूप से निगरानी करें, ताकि समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित हो। सचिव ने मंडी में टिकाऊ और जल-प्रतिरोधी सडक़ों की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने बताया कि मंडी में कृषि उपज, खासकर भूमिगत सब्जियों के कारण मिट्टी और कीचड़ का नियमित जमाव होता है, जिससे सडक़ों की स्थिति और खराब होती है। उपयुक्त डिजाइन वाली सडक़ों के साथ नियमित प्रेशर वॉशिंग से स्वच्छता बनाए रखी जा सकती है। बरसात के मौसम में जल निकासी की समस्या को गंभीर बताते हुए मुख्य अभियंता ने कहा कि कचरा और कीचड़ के कारण सडक़ गलियां और नालियां बार-बार जाम हो जाती हैं। इसके अलावा, भारी वाहनों की आवाजाही से गली कवर और अन्य ढांचे क्षतिग्रस्त हो रहे हैं, क्योंकि मौजूदा ढांचा ऐसे भार को सहन करने में सक्षम नहीं है। इन समस्याओं के समाधान के लिए सडक़ गलियों के चारों ओर आयरन हुक, टायर बस्टर या अन्य अवरोधक लगाने का प्रस्ताव रखा गया, ताकि अनधिकृत वाहन पार्किंग को रोका जा सके और ढांचे को होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। मुख्य अभियंता ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। मुख्य अभियंता सीबी ओझा ने जोर देकर कहा कि मंडी की विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एक गैर-पारंपरिक आधारभूत संरचना मॉडल विकसित करना आवश्यक है। इसके लिए यह निर्णय लिया गया कि अभियंता विभाग और विपणन बोर्ड की एक संयुक्त टीम दिल्ली की आजादपुर मंडी और इंदौर मंडी जैसे प्रमुख मंडियों का दौरा करेगी। इन दौरों के दौरान श्रेष्ठ प्रथाओं और नवीन अभियंता समाधानों का अध्ययन किया जाएगा, जिसके आधार पर सेक्टर-26 मंडी के ढांचे को उन्नत करने की योजना तैयार की जाएगी। कालीकट ने इन सुधार कार्यों को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पूरा करने का संकल्प लिया, ताकि मंडी का संचालन सुचारू रूप से हो सके और व्यापारियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें ।

# एमसी आयुक्त ने सिंगल-यूज प्लास्टिक प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों को दी सख्त चेतावनी

एमसीसी ने चंडीगढ़ में प्रवेश करने वाले प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग की आपूर्ति श्रृंखला का पता लगाने और उसे नष्ट करने के लिए विशेष टास्क फोर्स का गठन किया

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** चंडीगढ़ नगर निगम ने शहर में सिंगल-यूज प्लास्टिक प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले सभी व्यक्तियों, व्यापारियों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को सख्त चेतावनी जारी की है। चंडीगढ़ नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने प्रतिबंध के प्रवर्तन की समीक्षा करते हुए, चंडीगढ़ में प्रवेश करने वाले प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग की आपूर्ति श्रृंखला का पता लगाने और उसे नष्ट करने के लिए एमसीसी के संबंधित अधिकारियों को एक विशेष टास्क फोर्स के गठन का निर्देश दिया।

आयुक्त ने इस बात पर जोर दिया कि उल्लंघन करने वालों, विशेष रूप से बार-बार उल्लंघन करने वालों के प्रति शून्य सहनशीलता दिखाई जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें भारी जुर्माना, सामान जब्त करना और गंभीर मामलों में प्रतिष्ठान को अस्थायी या स्थायी रूप से बंद करना शामिल हो सकता है।

प्लास्टिक मुक्त चंडीगढ़ अभियान के तहत, 18 जून, 2025 को प्रतिबंध लागू होने के बाद से सख्त प्रवर्तन अभियान चलाए जा रहे हैं। अब तक 520 चालान जारी किए जा चुके हैं, 123 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग जब्त किए गए हैं और 423 किलोग्राम कंपोस्टेबल बैग बेचे गए हैं।

कमिश्नर ने कहा कि एमसीसी प्रवर्तन दल अपनी मंडियों, किराना दुकानों, रेहड़ी-पटरी वालों और बाजारों जैसे संवेदनशील क्षेत्रों का दैनिक आधार पर निरीक्षण कर रहे हैं।

कमिश्नर कुमार ने दोहराया कि बैग, स्ट्रॉ और डिस्पोजेबल कटलरी सहित एकल-उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं पर पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर उनके हानिकारक प्रभाव के कारण सख्त प्रतिबंध है। उन्होंने नागरिकों और व्यवसायों से कपड़े और कंपोस्टेबल बैग जैसे टिकाऊ विकल्प अपनाने का आग्रह किया।

कमिश्नर ने जनता से चंडीगढ़ को प्लास्टिक मुक्त बनाने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि एमसीसी शहर के पर्यावरण प्रयासों को कमजोर करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेगी

# उत्तर भारत की पहली अत्याधुनिक बाय-प्लेन न्यूरो कैथ लैब शुरू

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** न्यूरोलॉजिकल देखभाल में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए, फोर्टिस अस्पताल मोहाली ने क्षेत्र की पहली अत्याधुनिक बाय-प्लेन न्यूरो कैथ लैब का शुभारंभ किया है। यह अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा हाई-रिज़ॉल्यूशन इमेजिंग तकनीक से लैस है, जो न्यूरोवैस्कुलर रोगों के सटीक निदान और प्रभावी उपचार के लिए डिज़ाइन की गई है। इस पहल के साथ, फोर्टिस अस्पताल मोहाली दिल्ली-एनसीआर के उत्तर भारत क्षेत्र का पहला निजी अस्पताल बन गया है, जो न्यूरो-इंटरवेंशन प्रक्रियाओं के लिए इतनी उन्नत सुविधा प्रदान करता है।

यह कैथ लैब दो एक्स-रे सिस्टमों से सुसज्जित है, जो एक साथ दो अलग-अलग कोणों (फ्रंटल और लेटरल) से इमेजिंग की सुविधा देता है। यह तकनीक मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी की विस्तृत 3 डी छवियां प्रदान करती है, जिससे जटिल न्यूरोलॉजिकल समस्याओं का तेज़ी से निदान और उपचार संभव होता है। इस सुविधा की स्थापना फोर्टिस अस्पताल मोहाली में डॉ. प्रो. विवेक गुप्ता (एडिशनल डायरेक्टर, इंटरवेंशनल न्यूरोरेडियोलॉजी और डायरेक्टर, बाय-प्लेन न्यूरो कैथ लैब) की अगुवाई में की गई है। बाय-प्लेन न्यूरो कैथ लैब का उद्घाटन पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने किया। इस अवसर पर फोर्टिस हेल्थकेयर लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव वाइस-प्रेसिडेंट आशीष भाटिया, एसबीयू हेड अभिजीत सिंह, डॉ. विवेक गुप्ता, और न्यूरोलॉजी, न्यूरो-सर्जरी, और एनेस्थीसिया विभाग के अन्य विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित थे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि फोर्टिस अस्पताल अपनी अत्याधुनिक तकनीक और प्रशिक्षित स्टाफ के लिए जाना जाता है। बाय-प्लेन न्यूरो कैथ लैब की शुरुआत से न केवल बेहतर इलाज में मदद मिलेगी, बल्कि मरीजों की अस्पताल में भर्ती अवधि भी कम होगी, जिससे उनका खर्च भी घटेगा। डॉ. विवेक गुप्ता ने कैथ लैब की तकनीकी विशेषताओं के बारे में बताते हुए कहा कि पारंपरिक कैथ लैब्स में एक समय में केवल एक इमेजिंग प्लेन उपलब्ध होता था, जिसके कारण स्ट्रोक जैसे आपात मामलों में निदान और उपचार में देरी हो सकती थी। लेकिन बाय-प्लेन न्यूरो कैथ लैब में दो इमेजिंग प्लेन हैं, जो एक साथ सामने और साइड से हाई-रिज़ॉल्यूशन इमेजिंग प्रदान करते हैं।

इसके एडवांस्ड सॉफ्टवेयर की मदद से इमरजेंसी विभाग से स्ट्रोक मरीजों को सीधे कैथ लैब में स्थानांतरित कर तुरंत उपचार शुरू किया जा सकता है। यह तकनीक मिनिमल इनवेसिव प्रक्रियाओं के माध्यम से एन्यूरिज़्म, स्ट्रोक और अन्य जटिल न्यूरोलॉजिकल समस्याओं के लिए तेज़ और प्रभावी उपचार सुनिश्चित करती है।

# कैब यूनियन ने एग्रीगेटर गाइडलाइंस 2025 पर उठाई आपत्तियां, परिवहन मंत्रालय को भेजा विस्तृत पत्र

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** ट्राइसिटी कैब ड्राइवर यूनियन ने केंद्र सरकार की प्रस्तावित एग्रीगेटर गाइडलाइंस 2025 पर गंभीर आपत्तियां जताते हुए सडक़ परिवहन मंत्रालय को विस्तृत पत्र भेजा है। यूनियन ने ड्राफ्ट के कई प्रावधानों को ड्राइवरों के हितों के खिलाफ बताया और सुधारात्मक सुझाव दिए।

यूनियन का कहना है कि ड्राफ्ट में ड्राइवर की कमाई, बेस फेयर कटौती, डेड माइलेज मुआवजा, मेडिकल जांच, ट्रेनिंग लागत जैसे कई मुद्दों पर स्पष्टता नहीं है और इससे ड्राइवरों की आजीविका पर बुरा असर पड़ेगा। कैब यूनियन की प्रमुख मांगों में शामिल है कि कुल किराए का 80 फीसदी हिस्सा ड्राइवर को मिलना चाहिए, बाकी सभी कटौतियां बचे हुए 20 प्रतिशत में होनी चाहिए जिसमें एग्रीगेटर्स कमीशन, जीएसटी आदि शामिल हैं। 50 फीसदी डिस्काउंट का बोझ ड्राइवर पर न पड़े। इसका भार एग्रीगेटर्स को उठाना होगा पिकअप दूरी 3 किमी से ज्यादा होने पर ड्राइवर को मुआवजा मिले। ट्रेनिंग व मेडिकल खर्च एग्रीगेटर उठाएं।

निजी बाइक से पैसेंजर राइड पर रोक लगे, केवल परमिटधारी बाइक टैक्सी को इजाजत मिले। यूनियन ने यह भी बताया कि बाइक टैक्सी मॉडल से सुरक्षा, बीमा, टैक्स, और युवा वर्ग के शोषण जैसी कई समस्याएं बढ़ेंगी। साथ ही ड्राइवरों को कैंसिलेशन चार्ज भी दूरी और समय के आधार पर मिलना चाहिए। कैब यूनियन अध्यक्ष अमनदीप सिंह ने मंत्रालय से बैठक की मांग की है।

संयोजक सुमित छाबड़ा ने कहा कि हालांकि चंडीगढ़ में पहले ही एग्रीगेटर नियम लंबी बातचीत और संघर्ष के बाद अधिसूचित हो चुके हैं और जो कुछ कमियां रह गई हैं उन पर संशोधन के लिए भी वार्ता चल रही है लिहाजा केंद्र के नए ड्राफ्ट गाइडलाइंस सीधे तौर पर चंडीगढ़ में प्रभावी नहीं होंगे। लेकिन साथ लगते मोहाली और पंचकूला समेत पूरे देश में यही गाइडलाइंस लागू होकर एग्रीगेटर कंपनियां ड्राइवरों का शोषण करेंगी। इससे कैब ड्राइवरों में एक बार फिर भय और अनिश्चितता का माहौल बन गया है।

# चंडीगढ़ पुलिस की प्रेम विवाह करने वाले जोड़ों की सुरक्षा के लिए एसओपी जारी

प्राप्ति से लेकर प्रारंभिक निर्णय तक की पूरी प्रक्रिया तीन दिनों के भीतर पूरी होनी चाहिए

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** यूटी पुलिस ने प्रेम विवाह करने वाले जोड़ो की सुरक्षा के लिए एसओपी जारी की है।आदेशों के अनुसार प्राप्ति से लेकर प्रारंभिक निर्णय तक की पूरी प्रक्रिया तीन दिनों के भीतर पूरी होनी चाहिए।यह एसओपी पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा कमल प्रीत कौर बनाम हरियाणा राज्य मामले में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में तैयार की गई है।इसका उद्देश्य ऐसे जोड़ों को सुरक्षा, कानूनी सहायता और आश्चर्य प्रदान करना है। जो अपने जीवन और स्वतंत्रता को लेकर खतरे का सामना कर रहे है।इस एसपीओ को यूटी पुलिस के महानिदेशक के निर्देश पर तैयार किया गया है।और इसकी जिम्मेवारी यूटी पुलिस के एसपी सिटी को सौंपी गई है।जो राज्य नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किए गए हैं। नए नियमों के अनुसार जैसे ही किसी जोड़े की और से सुरक्षा की अपील प्राप्त होती है। संबंधित अधिकारी उसे नोडल अधिकारी को अग्रेषित करेगा।जो उसे स्थानीय थाना प्रभारी को जांच के लिए भेजेगा। यह प्रक्रिया तीन दिनों के भीतर पूरी करनी होगी। थाना प्रभारी एक महिला अधिकारी की उपस्थिति में दोनों पक्षों की सुनकर जांच करेगा। अगर कोई जान माल की धमकी सामने आती है तो तुरंत सुरक्षा मुहैया करवाई जाएगी। जोड़े की सुरक्षा के लिए जांच के आधार पर थाना प्रभारी उन्हें सैक्टर 19 स्थित प्रोटेक्शन होम/सेफ हाउस में ठहराने का निर्णय ले सकता है। यदि लड़की नाबालिंग है तो उसे सैक्टर 15 स्थित आशियाने में रखा जाएगा। यदि किसी निर्णय पर आपत्ति है तो एसडीपीओ/डीएसपी क्षेत्रीय अपील प्राधिकारी होगे।जो 7 दिनों के भीतर अपना निर्णय देंगे। यह निर्णय पीड़ित पक्ष को मुफ्त में उपलब्ध करवाए जाएंगे।

सैक्टर 17 स्थित होम गार्ड बिल्डिंग में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के अंतर्गत एक विशेष सैल भी स्थापित किया गया। यहां से इन मामलों की निगरानी और कारवाई की जाएगी। जरूरतमद जोड़े यूटी पुलिस की वेबसाइट पर जाकर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं या फिर आपात स्थिति में डायल 112 पर कॉल कर सकते है।

# घरों को निशाना बनाने वाला शातिर आरोपी व चोरी का समान खरीदने वाले दो काबू

आरोपियो के कब्जे से चोरी की गई ज्वैलरी का सामान मोबाइल फोन बरामद

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** यूटी क्राइम पुलिस ने घरों में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक शातिर आरोपी और कीमती समान खरीदने वाले दो आरोपियो को भी गिरफ्तार किया है।घर में की गई चोरी के मामले में पकड़े गए आरोपी की पहचान स्मॉल फॉल्ट्स धनास के रहने वाले 20 वर्षीय राजेश उर्फ कांचा,जिसके खिलाफ पहले भी थाना 11 में दो और एक मामला थाना 26 में दर्ज पाया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो मोबाइल फोन और एक जोड़ी पायल बरामद की।

चोरी का समान खरीदने वाले दो आरोपियों की पहचान 26 वर्षीय रोहित जिसके खिलाफ थाना सारंगपुर में पहले दो एनडीपीएस एक्ट के मामले दर्ज हैं। जिसके कब्जे से खरीदा गया समान सोने/चांदी के आभूषण यानी 01 सोने का माथे का टीका, 01 जोड़ी सोने के टॉप्स, 01 जोड़ी सोने की बाली, 04 सोने के मंगलसूत्र के लॉकेट, 01 सोने का लॉकेट (?) मार्का, 03 सोने की नोज पिन, 01 सोने के रंग की टाइटन घड़ी, 02 चांदी के कड़े, 04 जोड़ी चांदी की पायल, 01 हाथ का चांदी का आभूषण, 15 पैर की अंगूठियां, 03 लैपटॉप और 10 मोबाइल फोन और तीसरे आरोपी की पहचान 18 वर्षीय लल्लू के रूप में हुई है। जिसके कब्जे से चांदी के आभूषण यानी 01 हाथ चांदी का आभूषण, 01 कमर चांदी का आभूषण बरामद किया। पकड़े गए तीनों आरोपी स्मॉल फॉल्ट्स धनास के रहने वाले हैं।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता पीड़िता महिला ने पुलिस को बताया था कि वह बीते दिन अपने घर में बच्चों के साथ सो रही थी। कोई अज्ञात घर में घुस कर ज्वैलरी का कीमती सामान और 20 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ले गया था। जब वह अगले दिन सुबह उठी तो देखा कि उसकी अलमीरा खुली है।और सारा सामान बिखरा हुआ ही।घर से कीमती सामान ज्वैलरी, मोबाइल फोन गायब है। मामले की शिकायत थाना सारंगपुर पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था।

**कार्यप्रणाली:** पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपी राजेश उर्फ कांचा नशे का आदी है। वह नशे की लत को पूरा करने के लिए घरों में चोरी करता था। चोरी का सामान अपने जानकारों को पैसे के बदले में बेच देता था। पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों को जिला अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### धनास के घर में हुई थी 2 लाख रुपए नकदी और तीन गोल्ड रिंग चोरी, मामला अभी तक नहीं सुलझा

जानकारी के अनुसार धनास के रहने वाले शिकायतकर्ता इकबाल सिंह ने पुलिस को बताया था कि वह 15 जून को सोहाना स्थित गुरुद्वारा साहिब में माथा टेकने के लिए गए थे।जब वह दोपहर करीब ढाई बजे वापिस आए तो घर दो लाख रुपए की नकदी और तीन गोल्ड रिंग गायब थी। मामले की शिकायत थाना सारंगपुर पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ एफआईआर नंबर 44 धारा 305( ए) 331 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया था।क्या पुलिस उक्त मामले को भी सुलझा लेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अवध शिल्पग्राम में उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2025 का किया शुभारंभ, कहा-

# उत्तर प्रदेश के आम किसानों को मिलेगा वैश्विक बाजार

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2025 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को धरातल पर उतारकर किसानों की आमदनी को कई गुना बढ़ाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का हिस्सा है। डबल इंजन सरकार द्वारा प्रदेश के आम निर्यात को बढ़ावा देकर अन्नदाता किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। यह आम महोत्सव अन्नदाता किसानों के लिए आमों की विभिन्न प्रजातियों के उत्पादन, बाजार व निर्यात की उत्तम व्यवस्था, औद्यानिक फसलों तथा तकनीक के विषय में जागरूकता उत्पन्न करने का माध्यम बनता जा रहा है।

मुख्यमंत्री आज यहां अवध शिल्पग्राम में 04 से 06 जुलाई, 2025 तक चलने वाले तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2025 का शुभारम्भ करने के पश्चात अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने लंदन तथा दुबई के लिए आम निर्यात हेतु कन्टेनर को झण्डी दिखाकर रवाना किया। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की आम महोत्सव-2025 पर आधारित स्मारिका का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के प्रगतिशील किसानों, बागवानों तथा निर्यातकों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बागवानों को सुविधा प्रदान करने के लिए प्रदेश में लखनऊ, अमरोहा, सहारनपुर तथा वाराणसी में पैक हाउस सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। इन पैक हाउसों में औद्यानिक फसलों से जुड़े किसानों को प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्हें निर्यात के लिए आम की गुणवत्ता तथा अन्य जानकारियां भी दी जाती हैं। आम के निर्यात में पालन की जाने वाली प्रक्रियाओं के अनुरूप समस्त तैयारियां करायी जाती हैं। प्रदेश के किसान व बागवान विपरीत मौसम व ग्लोबल वॉर्मिंग की चुनौतियों के बावजूद अपनी मेहनत तथा उन्नत तकनीक का प्रयोग कर इस दिशा में लगातार बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के किसान नवाचार व कृषि आधुनिकीकरण का प्रयोग कर कई गुना मुनाफा कमा रहे हैं। आम महोत्सव व प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों की मेहनत को भलीभांति देखा जा सकता है। किसानों द्वारा विभिन्न देशों में आमों का निर्यात किया जा रहा है। इसके लिए किसानों को सब्सिडी भी दी जाती है। निर्यात के माध्यम से प्रदेश के किसानों को आमों व अन्य उत्पादों की अच्छी कीमत प्राप्त होती है। प्रदेश के किसान विकास प्रक्रिया से जुड़कर विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में लगातार योगदान दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि उत्पादन बढ़ने से प्रदेश व किसान दोनों को लाभ होता है तथा देश व प्रदेश के



विकास में भी सहायता मिलती है। उन्हें विकसित कृषि संकल्प अभियान के अन्तर्गत प्रदेश के विभिन्न जनपदों में जाकर कृषि से सम्बन्धित विभिन्न उत्पादों को देखने का अवसर प्राप्त हुआ। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसान कृषि कार्यों में आधुनिक तकनीक का प्रयोग कर अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य व पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा बुन्देलखण्ड में परिस्थितियां अलग हैं। बुन्देलखण्ड क्षेत्र में कृषि को नये आयाम प्रदान करने और सिंचाई की समस्या से निजात दिलाने हेतु अर्जुन सहायक नहर परियोजना कारगर सिद्ध हुई है। इसी प्रकार बाण सागर परियोजना के माध्यम से विन्ध्य क्षेत्रां में तथा सरयू नहर परियोजना के माध्यम से पूर्वी उत्तर प्रदेश के किसानों को जल की समस्या से निजात मिली है। इन क्षेत्रों में किसान अब बहुफसली व सहफसली खेती कर लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरदोई तथा कानपुर आदि जनपदों के भ्रमण के दौरान किसानों से संवाद कर उन्हें पता चला कि कृषि क्षेत्रों में हुए नवाचार तथा आधुनिकीकरण से किसानों की आय बढ़ी है। किसान एक एकड़ क्षेत्रफल में मक्के की खेती कर लगभग 01 लाख रुपये तक का शुद्ध लाभ प्राप्त कर रहे हैं। कृषि क्षेत्रों में विकासात्मक एवं सुधारात्मक कार्यों के अन्तर्गत विभिन्न जनपदों में सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कृषि विज्ञान केंद्र नये तरीके से कार्य कर रहे हैं। इन्हीं तरीको को आगे बढ़ाने के लिए उद्यान विभाग, वन विभाग और अन्य निजी क्षेत्र की सहभागिता से प्रदेश में फलदार, इमारती लकड़ी, छायादार, पर्यावरण अनुकूल व औषधीय वृक्ष के लिए वर्ष 2017 में व्यापक वृक्षारोपण अभियान आगे बढ़ाया गया था। इस बार हम सभी 'एक पेड़ माँ के नाम' महाअभियान के साथ वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम से जुड़ने वाले हैं। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु 50 करोड़ पौधे रोपण के लिए तैयार किये गये हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि आगामी 09 जुलाई को प्रत्येक व्यक्ति 'एक पेड़ माँ के नाम' अवश्य लगाए।

श्री योगी ने कहा कि किसानों के आने-जाने तथा रहने की व्यवस्था की जानी चाहिए। वहां बायर-सेलर्स मीट तथा वैज्ञानिकों की गोष्ठी भी होनी चाहिए। वाराणसी में लंगड़ा, गोरखपुर में गौरजीत, बस्ती में आम्रपाली, लखनऊ में दशहरी, मेरठ-बागपत में रटौल सहित अमरोहा-सहारनपुर आदि जनपदों में भी आम की अनेक प्रजातियाँ उत्पादित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेती के माध्यम से आमदनी में कई गुना वृद्धि करने में औद्यानिक फसल एक बड़ी भूमिका का निर्वहन कर सकती है। हमें वैल्यू एडीशन के लिए फूड प्रोसेसिंग के साथ जुड़ना पड़ेगा। प्रदेश में फूड प्रोसेसिंग की अनेक इकाईयाँ स्थापित हो रही हैं। कौन सी ऐसी फसलें हो सकती हैं, जो बागवानी के साथ-साथ की जा सके, इस पर हमें अभी से कार्य करना होगा। अदरक, हल्दी जैसी फसलें अतिरिक्त आमदनी कमाने का एक माध्यम हो सकती हैं।

# अन्त्योदय संबल पखवाड़े से अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ :भजनलाल

अर्थ प्रकाश/मनोहर लाल



**खैरथल-तिजारा।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दावा करते हुए कहा है कि राज्य सरकार गरीब को गणेश मानकर वंचित वर्ग, किसान, युवा और महिला के साथ ही हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर आमजन से किए हर वादे को पूरा कर रही हैं।

श्री शर्मा शुक्रवार को खैरथल-तिजारा के असलीमपुर गांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक इन योजनाओं को पहुंचाने के संकल्प के साथ राज्य सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत प्रदेशभर में शिविरों का आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि पखवाड़े के माध्यम से ग्राम स्तर पर ही किसानों को वर्षों से लंबित राजस्व के विभिन्न प्रकरणों में तुरंत राहत मिल रही है। गांवों में इन शिविरों के माध्यम से पानी, बिजली, स्वच्छता से जुड़े विभिन्न कार्य प्रमुखता से किए जा रहे हैं वहीं हर पात्र परिवार तक आयुष्मान कार्ड का वितरण एवं पशुओं का टीकाकरण भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल गरीबी मुक्त गांव योजना के तहत बीपीएल परिवारों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 के बाद गरीब कल्याण की परिभाषा बदलकर उसका जीवन स्तर बेहतर बनाने का काम किया है। उनके नेतृत्व में हमारी सरकार युवा, महिला, किसान, मजदूर के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि विकसित राजस्थान बनाने के लिए राज्य सरकार ने राम जल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, देवास परियोजना जैसी विभिन्न योजनाओं तथा इंदिरा गांधी नहर एवं गंगनहर के माध्यम से किसान और उद्योगों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की है।

श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश को बिजली के क्षेत्र में मजबूत बनाकर वर्ष 2027 तक किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में पेपरलीक की घटनाओं से युवा निराश हो गया था लेकिन हमारी सरकार ने रोजगार के सपने को साकार करते हुए 69 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं वहीं पांच वर्ष में चार लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने के वादे को भी पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ रुपये के हुए एमओयू में चार लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू धरातल पर उतर चुके हैं। उद्योग की दृष्टि से भिवाड़ी और तिजारा समृद्ध क्षेत्र हैं। इसलिए हमारी सरकार ढाई हजार करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य खैरथल-तिजारा जिले में करवा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पखवाड़े में नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। अब तक सीमाज्ञान के करीब 28 हजार, नामांतरण के 66 हजार, सहमति विभाजन के 13 हजार से अधिक और रास्तों के 14 हजार प्रकरणों का निस्तारण किया गया है। इसी तरह इन शिविरों में राजस्व संबंधित प्रकरणों में अब तक चार हजार से अधिक लंबित पत्थरगढ़ी प्रकरणों का निस्तारण किया गया है।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया नवनिर्मित बापू टावर का उद्घाटन, दीर्घाओं व सुविधाओं का किया निरीक्षण



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को तल पर नवनिर्मित प्रशासनिक कार्यालय का फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर उसका विधिवत उद्घाटन किया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने बापू टावर का भ्रमण किया और विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी ली। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बापू टावर के भूतल, तीसरे एवं पांचवें तल पर बनी दीर्घाओं का अवलोकन किया, जहां महात्मा गांधी के जीवन, विचारों और आदर्शों से संबंधित प्रदर्श लगाये गये हैं। भूतल पर बने ओरियेंटेशन हॉल का भी मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को गांधी जी के जीवन से जुड़े म्यूरल, कटआउट, स्क्रीन प्रोजेक्टर और अन्य आधुनिक तकनीकों के माध्यम से प्रस्तुत प्रदर्शनों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने प्रेक्षागृह, प्रतीक्षा कक्ष, लाउंज, अनुसंधान केंद्र, आगंतुक सुविधाओं और पांच रैम्पों सहित अन्य संरचनाओं का भी जायजा लिया। बापू टावर की भव्यता की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह टावर आमजन और विशेषकर नई पीढ़ी को बापू के जीवन, विचारों और स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका को समझने का एक सशक्त माध्यम प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यहां बापू के बिहार से जुड़े संबंधों को भी बेहतर ढंग से प्रस्तुत किया गया है। परिसर को हरा-भरा और व्यवस्थित बनाए रखने का निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने टावर भ्रमण पर आये स्कूली बच्चों से मुलाकात की और उनका उत्साहवर्द्धन किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि बापू टावर में आकर गांधी जी की जीवनी से जुड़ी जानकारियां जरूर प्राप्त करें और उनके आदर्शों को जीवन में अपनाएं। निरीक्षण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, सचिव सह भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम., वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड को देश का सर्वोत्तम राज्य बनाने का है संकल्प : मुख्यमंत्री धामी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



हरिद्वार/देहरादून। उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार के चार साल पूरा हो गए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपनी सरकार के चार साल पूरे होने पर मां गंगा का पूजन किया और ऋषिकुल मैदान में एक जनसभा को संबोधित किया। साथ ही उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान भी अपनी सरकार के चार साल के कार्यकाल के दौरान की उपलब्धियां गिनाई।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य के विकास के लिए हर क्षेत्र में काम किया गया। नकल विहीन कानून और यूसीसी लागू किया गया, युवाओं को बड़ी संख्या में नौकरी मिली। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को देश का सर्वोत्तम राज्य बनाने का संकल्प है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता को केंद्रीय नेतृत्व ने बड़ी जिम्मेदारी दी, तब उत्तराखंड विषम परिस्थिति से गुजर रहा था। को?विड काल की आपदा थी, उद्योग अपनी रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा था। हमने एक हजार करोड़ के पैकेज की व्यवस्था कर उसे गति देने का काम किया।

सीएम धामी ने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन से राज्य में नकल विहीन कानून और यूसीसी लागू किया गया, इसके साथ ही युवाओं को बड़ी संख्या में नौकरी मिली। उन्होंने कहा, उनका संकल्प उत्तराखंड को देश का सर्वोत्तम राज्य बनाने का संकल्प है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा, ÷मैं प्रदेश के सभी लोगों का आभार व्यक्त करता हूं और उन्हें धन्यवाद देता हूं, क्योंकि उनके आशीर्वाद से और हमारे दूरदर्शी प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में, हम अपने राज्य को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। इन वर्षों में हमने जो भी उपलब्धियां हासिल की हैं, उनसे उत्तराखंड को आगे बढ़ने में मदद मिली है। हमने कई नए कानून भी पेश किए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू की अध्यक्षता में शुक्रवार को देहरादून, उत्तराखंड में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण बैठक थी, जिसमें इस बात पर ध्यान केंद्रित किया गया कि इन क्षेत्रों में हवाई सेवाओं का और अधिक विस्तार कैसे किया जा सकता है, सुविधाओं को कैसे बेहतर बनाया जा सकता है, नए हवाई अड्डों को कैसे विकसित किया जा सकता है और यात्रियों को कैसे बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा सकती हैं। सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हवाई यात्रा आम आदमी की यात्रा बन चुकी है। प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई उड़ान योजना कारगर साबित हुई। सस्ती दरों पर आम आदमी को हवाई यात्रा उपलब्ध कराई जा रही है।

# हेमंत खंडेलवाल मध्यप्रदेश भाजपा के नए अध्यक्ष घोषित

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

भोपाल। मध्यप्रदेश के बैतूल से भारतीय जनता पार्टी विधायक और पूर्व सांसद हेमंत खंडेलवाल को प्रदेश इकाई का नया अध्यक्ष घोषित किया गया है। मध्यप्रदेश के लिए भाजपा के निर्वाचन अधिकारी केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने यहां प्रदेश कार्यालय में आयोजित समारोह में उनके नाम की घोषणा की। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा भी मंच पर उपस्थित रहे। इसके पहले कल प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नामांकन जमा किए जाने के लिए नियत दिन पर सिर्फ श्री खंडेलवाल का ही नामांकन आने के साथ उनका इस पद पर चुना जाना तय हो गया था। पेशे से व्यवसायी श्री खंडेलवाल वर्तमान में आदिवासी क्षेत्र बैतूल से विधायक हैं। वे इसके पहले 2007 से 2008 तक लोकसभा सांसद और 2010 से 2013 तक भाजपा बैतूल जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। लगभग 60 वर्षीय श्री खंडेलवाल 2013 में चौदहवीं विधानसभा के सदस्य चुने गए। इसके बाद 2014 से 2018 तक वे भाजपा की प्रदेश इकाई के कोषाध्यक्ष रहे। वर्ष 2023 में वे दूसरी बार विधायक चुने गए। वे श्री कुशाभाउ ठाकरे ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं। श्री खंडेलवाल की पारिवारिक पृष्ठभूमि भाजपा की ही है। उनके पिता विजय खंडेलवाल भी लगातार चार बार बैतूल से पार्टी के सांसद रहे। श्री खंडेलवाल बैतूल से ताल्लुक रखते हैं, जो आदिवासी क्षेत्र है। इस आदिवासी क्षेत्र में भाजपा और आरएसएस के कई सेवा प्रकल्प संचालित होते हैं, जिनसे श्री खंडेलवाल जुड़े हैं।

# चंडीगढ़ समर कार्निवल में स्नो वर्ल्ड ने मचाई धूम

लेह लद्दाख थीम पर किया ठंडा बर्फीला एरिया तैयार

अर्थ प्रकाश/सुशील सहगल



चंडीगढ़। सिटी ब्यूटीफुल मे चल रहे समर कार्निवल मे अब स्नो वर्ल्ड का भरपूर आनंद लिया जा सकेगा। जी हां, आयोजको ने आगुंतको के लिए कार्निवल मे एक ऐसी जगह तैयार की जहां बर्फीले क्षेत्र और सर्दियों का अनुभव बिना बर्फ के मौसम में लिया जा रहा है।

अर्थ प्रकाश से जानकारी सांझा करते हुए जिंदल इवेंट्स के सह संचालक सुरेश कपिला ने बताया कि लेह लद्दाख की थीम पर एक इनडोर स्नो पार्क तैयार किया गया है। कार्निवल मे बर्फीले क्षेत्र का अनुभव लेने के साथ साथ बर्फीले क्षेत्र के जानवरों की झलक का आनंद लिया जा सकेगा। स्नो वर्ल्ड में बर्फीले क्षेत्र के पंक्षियों और भालू, पेंगुइन, टाइगर, हिरण, मोर और खरगोश जैसे जानवरों की अद्भुत मूर्तियां निश्चित तौर पर दर्शकों को अपनी आकर्षित कर रही है। लोगबाग सेल्फी लेने के लिए उत्सुक दिखाई दे रहे हैं।

सुरेश कपिला ने बताया कि बिना मौसम की चिंता किए स्नो वर्ल्ड में सर्दियों का अनुभव लेने के लिए कोई अन्य शुल्क नही है। ज्ञात रहे कि स्नो वर्ल्ड मे परिवार के साथ मज़ेदार समय बिताकर एक अद्वितीय अनुभव का अहसास मिलेगा जो सदैव आपके ज़हन मे रहेगा।

# मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने वॉटर वुमन शिप्रा पाठक का किया सम्मान

अर्थ प्रकाश/अखिलेश कुमार



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 'वॉटर वुमन' के नाम से विख्यात शिप्रा पाठक ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने शिप्रा पाठक के पर्यावरण संरक्षण और विशेष रूप से सिंदूर पौधरोपण को जन-जन तक पहुंचाने में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। उन्होंने शिप्रा पाठक को शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि शिप्रा पाठक ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए किए गए कार्यों के लिए व्यापक स्तर पर पहचान प्राप्त की है। उनके नेतृत्व में पौधरोपण अभियान ने न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया है, बल्कि आम लोगों को पेड़ लगाने और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित भी किया है।इस अवसर पर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के प्रोफेसर हरिशंकर सिंह भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शिप्रा पाठक के पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए गए कार्य समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि छत्तीसगढ़ सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है और ऐसे प्रयासों को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

# भावनात्मक दृश्यों से पहले ध्यान और संगीत से खुद को केंद्रित रखती हैं अनुजा साठे

चंडीगढ़। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का ऐतिहासिक मेगा शो 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' अपने गहन कथानक और दमदार अभिनय से दर्शकों को लगातार मंत्रमुग्ध कर रहा है। एक ऐसे बालक की यात्रा को दर्शाते हुए जो राजा बनने के लिए नियत है, यह शो विरासत, नेतृत्व और वीरता की प्रेरक कहानी पेश करता है। इस शो में एक अहम भूमिका निभा रहीं अभिनेत्री अनुजा साठे अपनी प्रभावशाली और भावनात्मक रूप से समृद्ध अदाकारी के लिए खूब सराहना बटोर रही हैं। कम ही लोग जानते हैं कि अनुजा खुद को संतुलित और केंद्रित बनाए रखने के लिए एक विशेष मानसिक अभ्यास अपनाती हैं – विशेष रूप से उन दृश्यों के दौरान जो भावनात्मक रूप से भारी होते हैं। भावनात्मक गहराई वाले दृश्यों को निभाना न केवल चुनौतीपूर्ण होता है बल्कि मानसिक रूप से थकाने वाला भी हो सकता है। अनुजा के लिए मानसिक रूप से तैयार रहना ही प्रभावी प्रदर्शन की कुंजी है। अपने अभिनय में जमीन से जुड़ी और सच्ची उपस्थिति के लिए जानी जाने वाली अनुजा ने एक ऐसी दिनचर्या विकसित की है जो उन्हें शांत, एकाग्र और भावनात्मक रूप से उपस्थित रहने में मदद करती है। मुश्किल शूटिंग शेड्यूल और भावनात्मक रूप से मांग वाले दृश्यों के बीच सहजता बनाए रखने के लिए अनुजा अपने दिन की शुरुआत कुछ मिनटों के ध्यान (मेडिटेशन) से करती हैं। शॉट्स के बीच वे शांतिदायक भाषण और मधुर वाद्य संगीत सुनती हैं ताकि मन शांत रहे। ये छोटे लेकिन ध्यानपूर्ण अभ्यास उन्हें अपने किरदार में सहजता से प्रवेश करने और लंबे, व्यस्त शूटिंग दिनों में स्थिर बने रहने में मदद करते हैं। अपनी प्रक्रिया साझा करते हुए अनुजा ने कहा, ÷ऐसे युग की भूमिका निभाना, जिसमें भावनात्मक गहराई और गरिमा हो, पूरी तरह से उस किरदार में डूबने की मांग करता है। इसके लिए मुझे एक ऐसी प्रक्रिया विकसित करनी पड़ी जो मुझे शूटिंग के शोरगुल के बीच भी केंद्रित बनाए रखे। मैंने समय के साथ जाना कि ध्यान और शांत संगीत मेरे लिए एंकर का काम करते हैं।

टीएचडीसीआईएल ने टिहरी पीएसपी की दूसरी यूनिट के सीओडी की सफल शुरुआत की

# भारत की जलविद्युत क्षमता को मिली नई ऊंचाई

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

ऋषिकेश। भारत की नवीकरणीय ऊर्जा के बुनियादी ढांचे की महत्वपूर्ण प्रगति में, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम ने उत्तराखंड के टिहरी में 1000 मेगावाट के वैरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज प्लांट (पीएसपी) की दूसरी यूनिट(250 मेगावाट) के लिए सीओडी प्रक्रिया की सफल शुरुआत की घोषणा की।

टिहरी पीएसपी का यह विकास भारत की जलविद्युत क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है क्योंकि टिहरी पंप स्टोरेज प्लांट न केवल देश की पहली वैरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज सुविधा है, बल्कि किसी भी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम द्वारा कार्यान्वित अपनी तरह की सबसे बड़ी सुविधा भी है। प्रथम यूनिट जून, 2025 से पहले से ही सफलतापूर्वक प्रचालित हो रही है, दूसरी इकाई की सीओडी प्रक्रिया का प्रारंभ, एक तकनीकी रूप से उन्नत एवं ग्रिड- संतुलन हेतु स्वच्छ ऊर्जा के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ता प्रदान करने में टीएचडीसीआईएल के नेतृत्व को और महत्वपूर्ण बनाता है।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल (आईएएस) उपस्थित थे, जिन्होंने विद्युत मंत्रालय के अपर सचिव आकाश त्रिपाठी (आईएएस), विद्युत मंत्रालय के संयुक्त सचिव मोहम्मद अफजल, एनटीपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह, टीएचडीसीआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आर. के. विश्नोई, निदेशक (कार्मिक) शैलेन्द्र सिंह, निदेशक(तकनीकी) भूपेन्द्र गुप्ता एवं निदेशक (वित्त) सिपन कुमार गर्ग की विशिष्ट उपस्थिति में वर्चुअल मोड के माध्यम से दूसरी इकाई के प्रचालन की आधिकारिक शुरुआत की।

विद्युत मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल (आईएएस) ने समारोह को संबोधित करते हुए दूसरी



यूनिट की वाणिज्यिक संचालन तिथि प्रक्रिया के शुभारंभ की सराहना की । उन्होंने माननीय विद्युत तथा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल की ओर से टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ परियोजना से जुड़ी अनुबंध एजेंसियों को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्युत मंत्रालय को इस उपलब्धि पर गर्व है, जो पूरी टीम की प्रतिबद्धता और तकनीकी उत्कृष्टता को दर्शाता है। अग्रवाल ने इस बात की भी सराहना की कि टीएचडीसीआईएल ने न केवल भारत में उन्नत पम्प स्टोरेज तकनीक विकसित की है, बल्कि कठिन परिस्थितियों में पूरे प्रोजेक्ट को निष्पादित करने की चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी भी निभाई है। एनटीपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, गुरदीप सिंह ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए टीएचडीसीआईएल की टीम को बधाई दी और इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि 4 जून को पहली यूनिट के सफल सीओडी संचालन के बाद 4 जुलाई को दूसरी यूनिट का संचालन, टीएचडीसीआईएल टीम की सतत प्रगति और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने टीम से इस गति को बनाए रखने का आग्रह किया और आशा व्यक्त की कि सतत प्रयासों सें अल्प समय में एक और मील का पत्थर भी हासिल कर लिया जाएगा।

टीएचडीसीआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आर. के. विश्नोई ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि को हासिल करने के लिए किए गए अथक प्रयासों के लिए पूरी टीएचडीसीआईएल टीम और कार्यान्वयन एजेंसियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं। श्री विश्नोई ने कहा कि टिहरी पीएसपी में दूसरी यूनिट की सीओडी प्रक्रिया का प्रारंभ न केवल टीएचडीसीआईएल द्वारा एक अत्याधुनिक तकनीकी सफलता का प्रतीक है, बल्कि भारत की ऊर्जा स्वतंत्रता की दिशा में एक दृढ़ कदम का भी संकेत देता है। 250 मेगावाट की चार रिवर्सिबल यूनिटों के साथ, टिहरी पीएसपी 1000 मेगावाट स्वच्छ पीकिंग विद्युत का उत्पादन करने का अनूठा लाभ प्रदान करता है, जो विद्युत प्रणाली की विश्वसनीयता और ग्रिड स्थिरीकरण की महत्वपूर्ण आवश्यकता को पूरा करता है। श्री विश्नोई ने कहा कि टिहरी पीएसपी की सभी चार यूनिटों के कमीशन होने पर, टिहरी हाइड्रो पावर कॉम्प्लेक्स 2400 मेगावाट विद्युत का उत्पादन करेगा, जो भारत का सबसे बड़ा जल विद्युत काम्पलैक्स बन जाएगा। शैलेंद्र सिंह, निदेशक (कार्मिक) ने टीम पीएसपी, टिहरी के अटूट समर्पण और सहयोग की सराहना की और इस उपलब्धि का श्रेय टीएचडीसीआईएल की मानव शक्ति के सामूहिक प्रयास को दिया। श्री सिंह ने कहा कि टिहरी पीएसपी आंतरायिक नवीकरणीय ऊर्जा को संतुलित करने और जीवाश्म ईंधन आधारित पीकिंग पावर पर निर्भरता को कम करने के लिए एक स्मार्ट समाधान प्रदान करता है।

# देवशयनी एकादशी कल: चार महीने तक योगनिद्रा में रहेंगे भगवान विष्णु

## भक्तों के लिए साधना का प्रारंभ, शुभ कार्य जैसे विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश आदि रहेंगे वर्जित



हिंदू पंचांग के अनुसार, आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवशयनी एकादशी कहा जाता है। इसे हरिशयनी एकादशी, पद्मा एकादशी, या आषाढ़ी एकादशी भी कहा जाता है। इस दिन से भगवान विष्णु चार महीनों के लिए योगनिद्रा में चले जाते हैं और चातुर्मास की शुरुआत होती है। यह पर्व धार्मिक आस्था, तपस्या और संयम का प्रतीक माना जाता है।

वैदिक पंचांग के अनुसार, आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि की शुरुआत 05 जुलाई को शाम 06 बजकर 58 मिनट पर होगी। वहीं, 06 जुलाई को रात 09 बजकर 14 मिनट पर एकादशी तिथि का समापन होगा। सनातन धर्म में सूर्योदय से तिथि की गणना की जाती है। इसके लिए 06 जुलाई को देवशयनी एकादशी मनाई जाएगी।

साधक देवशयनी एकादशी का व्रत 06 जुलाई के दिन रखेंगे। वहीं, 07 जुलाई को पारण सुबह 05 बजकर 29 मिनट से लेकर 08 बजकर 16 मिनट के मध्य किया जाएगा। इस दौरान स्नान-ध्यान और पूजा के बाद अन्न और धन का दान कर व्रत खोलें।

देवशयनी एकादशी का दिन भक्तों के लिए विशेष होता है क्योंकि यह दिन धर्म, भक्ति और साधना का आरंभ है। इस दिन से शुभ कार्य जैसे विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश आदि वर्जित हो जाते हैं और भगवान विष्णु कार्तिक शुक्ल एकादशी (प्रबोधिनी एकादशी) तक विश्राम करते हैं।

यह व्रत मोक्षदायक माना जाता है। मान्यता है कि जो व्यक्ति इस दिन विधिपूर्वक व्रत करता है, उसे समस्त पापों से मुक्ति मिलती है और वैकुंठ धाम की प्राप्ति होती है।

**पौराणिक कथा:** पद्म पुराण के अनुसार एक बार युधिष्ठिर ने श्रीकृष्ण से इस व्रत का महत्व पूछा। तब श्रीकृष्ण ने कहा कि यह एकादशी तीनों लोकों में पुण्य देने वाली है। एक बार बलि नामक दैत्यराज ने स्वर्ग पर अधिकार कर लिया था। तब भगवान विष्णु ने वामन अवतार लेकर बलि से तीन पग भूमि मांगी और तीनों लोक नाप लिए। बलि को पाताल लोक भेजकर विष्णु ने वहीं निवास किया। तब से देवशयनी एकादशी पर भगवान विष्णु पाताल में शयन करते हैं और चार माह तक निद्रा में रहते हैं।

**चातुर्मास का महत्व:** देवशयनी एकादशी से चातुर्मास प्रारंभ होता है, जो चार मास- आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद और आश्विन- तक चलता है। यह समय वैराग्य, साधना, ब्रह्मचर्य और उपासना के लिए श्रेष्ठ माना गया है। इस दौरान साधु-संत एक स्थान पर रहकर ध्यान, सत्संग और तपस्या करते हैं।

**पूजन विधि:** प्रातः स्नान करके व्रत का संकल्प लें। भगवान विष्णु की प्रतिमा या चित्र पर पीले वस्त्र अर्पित करें। तुलसी के पत्तों, पीले पुष्पों, फल और पंचामृत से पूजन करें। विष्णु सहस्त्रनाम, भगवद गीता या विष्णु पुराण का पाठ करें। रात्रि जागरण करें और हरि नाम का कीर्तन करें। अगले दिन द्वादशी को व्रत का पारण करें और ब्राह्मणों को अन्न, वस्त्र, दक्षिणा आदि का दान करें।

**व्रत के नियम:** इस दिन अन्न का सेवन नहीं करना चाहिए। केवल फलाहार या एक समय सात्विक भोजन (वह भी सूर्यास्त से पहले) करना उचित है। व्रत में झूठ, क्रोध, तामसिक भोजन, नशा, वाद-विवाद से बचना चाहिए। मन, वचन और कर्म से शुद्ध रहना चाहिए।

**देवशयनी एकादशी पर विशेष कार्य:** तुलसी पूजनः इस दिन तुलसी को जल देना और दीपक जलाना विशेष पुण्यदायक होता है।

**दान-पुण्य:** वस्त्र, अन्न, जल पात्र, छाता, पंखा आदि का दान करना बहुत शुभ होता है।

**संकल्प आरंभ:** चातुर्मास के लिए कोई विशेष व्रत या संकल्प इस दिन से लिया जाता है जैसे- प्याज-लहसुन त्याग, नमक त्याग, ब्रह्मचर्य पालन, एक समय भोजन इत्यादि।

### श्री हरि स्तोत्रम् ॥

जगज्जालपालं चलत्कण्ठमालंशरच्चन्द्रभालं
महादैत्यकालं
नभोनीलकायं दुरावारमायंसुपद्मासहायम्
भजेऽहं भजेऽहं ॥1 ॥
सदाम्भोधिवासं गलत्पुष्पहासंजगत्सन्निवासं
शतादित्यभासं
गदाचक्रशस्त्रं लसत्पीतवस्त्रंहसच्चारुवक्त्रं
भजेऽहं भजेऽहं ॥2 ॥
रमाकण्ठहारं श्रुतिव्रातसारंजलान्तर्विहारं
धराभारहारं
चिदानन्दरूपं मनोज्ञस्वरूपंध्रुतानेकरूपं
भजेऽहं भजेऽहं ॥3 ॥
जराजन्महीनं परानन्दपीनंसमाधानलीनं
सदैवानवीनं
जगज्जन्महेतुं सुरानीककेतुंत्रिलोकैकसेतुं
भजेऽहं भजेऽहं ॥4 ॥
कृताम्नायगानं खगाधीशयानंविमुक्तेर्निदानं
हरारातिमानं
स्वभक्तानुकूलं जगद्वृक्षमूलंनिरस्तार्तशूलं
भजेऽहं भजेऽहं ॥5 ॥
समस्तामरेशं द्विरेफाभकेशंजगद्बिम्बलेशं
हृरुदाकाशदेशं
सदा दिव्यदेहं विमुक्ताखिलेहंसुवैकुण्ठगेहं
भजेऽहं भजेऽहं ॥6 ॥
सुरालिबलिष्ठं त्रिलोकीवरिष्ठंगुरूणां गरिष्ठं
स्वरूपैकनिष्ठं
सदा युद्धधीरं महावीरवीरंमहाम्भोधितीरं
भजेऽहं भजेऽहं ॥7 ॥
रमावामभागं तलानग्रनागंकृताधीनयागं
गतारागरागं
मुनीन्द्रैः सुगीतं सुरैः संपरीतंगुणौधैरतीतं
भजेऽहं भजेऽहं ॥8 ॥

### देवशयनी एकादशी पर किए जाने वाले ज्योतिषीय उपाय



ज्योतिष, अमन राजन

**1. ग्रहों की शांति के लिए उपाय:** शनि, राहु, केतु और चंद्र दोष निवारण के लिए भगवान विष्णु को नीले फूल और काले तिल अर्पित करें। 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' का कम से कम 108 बार जाप करें। काले कंबल, लोहे का बर्तन, या तिल का दान करें। शनि और राहु की शांति के लिए पीपल के वृक्ष पर जल चढ़ाएं (यदि यह दिन शनिवार को पड़े तो विशेष प्रभावी)।

**2. धन और नौकरी संबंधी बाधाओं के लिए उपाय:** इस दिन श्रीसूक्त, विष्णु सहस्रनाम, या कुबेर स्तोत्र का पाठ करें। पीले वस्त्र में चावल और हल्दी बांधकर विष्णु जी के चरणों में अर्पित करें। पीली कौड़ी, गोमती चक्र और हल्दी की गांठ को लाल कपड़े में लपेटकर धन स्थान (तिजोरी) में रखें। 'ॐ श्रीं श्रीये नमः' मंत्र का 108 बार जाप करें।

**3. विवाह और संतान में देरी दूर करने के लिए उपाय:** भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की एक साथ पूजा करें। तुलसी के पौधे को जल अर्पित कर 'ॐ विष्णवे नमः' का जाप करें। ब्राह्मण को केले, पीले वस्त्र और घी का दान करें। कन्या को भोजन करवा कर आशीर्वाद लें।

**4. पितृ दोष व कुल दोष निवारण:** देवशयनी एकादशी पर पीपल वृक्ष के नीचे दीपक जलाएं। अपने पितरों के नाम से जल और तिल अर्पित कर पिंडदान करें (यदि घर में करें तो तुलसी या गंगाजल से)। गरीब, वृद्ध या अनाथों को भोजन कराना और वस्त्र दान करना लाभकारी होता है।

**5. मानसिक शांति और नकारात्मक ऊर्जा निवारण:** घर के मुख्य द्वार पर हल्दी और चंदन से 'ॐ' या 'श्री' लिखें। संध्या काल में घर में शंख बजाएं और दीपक जलाएं। तुलसी के पास शाम को घी का दीपक जलाकर विष्णु गायत्री मंत्र का जाप करें- 'ॐ नारायणाय विद्महे वासुदेवाय धीमहि तन्नो विष्णुः प्रचोदयात्।'

**6. विशेष संकल्प / व्रत उपाय (चातुर्मास आरंभ हेतु):** कोई एक व्रत संकल्प लें जैसे ङ्क नमक का त्याग, ब्रह्मचर्य, फलाहार, एक समय भोजन आदि। घर में तुलसी का पौधा स्थापित करें और प्रतिदिन जल अर्पण करें। 'हरि नाम संकीर्तन' का नियम बनाएं ङ्क यह काल श्रीहरि के स्मरण हेतु सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। महामंत्र जाप (108 बार) ॐ नमो भगवते वासुदेवाय, विष्णवे नमः ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः, ॐ केशवाय नमः -केतु पीड़ा शांति हेतु

देवशयनी एकादशी पर किए गए उपाय दूध, तिल, तुलसी, चावल और पीले फूलों से करें। इस दिन मांस, मदिरा, प्याज, लहसुन का पूर्णतः त्याग करें। व्रत के दिन सच्चाई, संयम और सेवा भाव अपनाना ही सबसे बड़ा उपाय है।

# प्रशासन के सहयोग से संपन्न होगा पानीपत को हरा भरा बनाने का सपना

समाजसेवियों ने की प्रशासन के साथ बैठक

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत।** जिले में एक लाख पौधा रोपण मुहिम को लेकर की गई पहल को लेकर प्रशासन एवं समाजसेवियों की समन्वय बैठक स्थानीय एमजेआर संस्थान में शुक्रवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स और डीएसपी सिटी राजबीर सिंह ने की। डीएसपी सतीश वत्स ने कहा,हरियाली केवल सुंदरता ही नहीं, जीवन की सुरक्षा भी है। इस अभियान से जुड़कर हमें आने वाली पीढ़ी के लिए एक स्वच्छ वातावरण देना है। डीएसपी सिटी राजबीर ने कहा, प्रदूषण पर नियंत्रण तभी संभव है जब हम सब मिलकर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। इसे एक जनआंदोलन बनना की आवश्यकता है।

कार्यक्रम के संयोजक संदीप जिंदल एडवोकेट ने कहा, शिक्षा संस्थानों को इस मुहिम से जोड़ना बेहद ज़रूरी है ताकि छात्र बचपन से ही पर्यावरण प्रेमी बने,यह सिर्फ एक अभियान नहीं, आने वाले समय की ज़रूरत है। हम सभी को मिलकर इस अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। पाइट संस्थान से हरिओम तायल ने कहा, हरियाली में ही खुशहाली है। जिले को हरा-भरा बनाने के लिए हम पूर्ण रूप से समर्पित हैं। गीता यूनिवर्सिटी से अंकुश बंसल ने कहा की प्रशाशन के द्वारा यह संकल्प बहोत ही सहरानीय है और वो अपनी यूनिवर्सिटी के बच्चों और बॉटनी विभाग की टीम को जोड़कर इसे और अच्छा करने की कोशिश करेंगे। समाजसेवी श्री मुकेश ने कहा, हमें चाहिए कि हर आयोजन या जन्मदिन पर एक पौधा जरूर लगाया जाए। यही सच्ची सेवा है।

रविंद्र सैनी ने कहा, ÷हमने पानीपत को तेज़ी से बदलते देखा है, अब समय है कि हम इसे हरियाली की ओर मोड़ें। पानीपत बोले - हरियाली ज़रूरी है!÷ अब केवल एक स्लोगन नहीं, बल्कि पूरे जिले की आवाज़ बनाने की जरूरत है।

रोटरी से सुधीर छाब?ा ने आस्वासन दिया कि रोटरी क्लब इस अभियान को सबसे पहले पुलिस थाना से शुरुआत करेगा।

# भक्त व महापुरुष कभी भी अपनी मर्जी नहीं चलाते



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

भक्त ने सदा सब कुछ इस दातार, इस प्रभु-परमात्मा को ही माना है कि हे दातार, तेरी ही सब वस्तुएं हैं । तू ही दाता है, तू ही देने वाला है।मेरा तो है ही क्या जो मैं इन चीजों का असर ग्रहण करूँ।यह तो तेरी ही वस्तुएं हैं, तू ही मालिक है।इसलिए भक्त बेफ्क्रि हो जाता हे और कोई बोझा अपनेपर कभी नहीं लेता-

चिन्ता तो सतनाम की, ओर न चितवे दास। जो कुछ चितवे नाम बिन, सोई काल की फांस।

इस नाम के बगैर भक्त को और चिन्ता नहीं होती।अगर भक्त नाम को छोड़ कर और चीजों की चिन्ता करता है तो वह काल की फांस की तरह उसके गले को जकड़े रहती है, उससे उसके सांस सूखते रहते हें।इसलिए कहा है कि-

एकला चिन्ता।भक्त इस एक प्रभु की चिन्ता (सोच-विचार) करते हैं, किसी ओर की चिन्ता नहीं रखते।इस ईश्वर प्रभु-परमात्मा, इस निराकार को ही कर्ता मानकर, सब कुछ इसी को ही मानकर, जिस-जिस ने भी जीवन व्यतीत किया है, वही सुखी हो गया है, वही आनन्दित हो गया है।

जिनको कछु न चाहिए सोई शहनशाह। जिसके मन में कोई लालसा नहीं, वही सबसे बड़ा शहनशाह हुआ करता है, वही भरपूर हुआ करता है, वही अपने आपको संतुष्ट मानते हैं।निरलेप जीवन जीने वालों की यही अवस्था हुआ करती है।

लोग अपने पद, विद्याओं और जातियों के अभिमान के कारण भी भक्ति नहीं कर पाते। जितने भी महापुरुष हुए हैं, क्या उन्होंने अपनी जाति का अभिमान किया? किसी ने भी जाति का अभिमान नहीं किया। किसी ने अपने आप को विद्वान नहीं माना कि मैं बड़ा विद्वान हूँ, मैं तो कविताओं की रचना करता हूँ, मैं तो सुन्दर शब्दों का प्रयोग करता हूँ।दूसरे इन्सान तो ऐसा कर ही नहीं पाते।कभी भी किसी महापुरुष ने ऐसा अभिमान नहीं किया।उन्होंने हमेशा इस दातार की कृपा ही मानी है।

## पंचांग

शनिवार, 5 जुलाई, 2025, सूर्योदयः 05:28 ए एम, सूर्यास्तः 07:23 पी एम, चन्द्रोदयः 02:42 पी एम, चन्द्रास्तः 01:30 ए एम, जुलाई 06, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः आषाढ़, पूर्णिमान्त महीनाः आषाढ़, वारः शनिवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः दशमी - 06:58 पी एम तक, नक्षत्रः स्वाती - 07:51 पी एम तक, योगः सिद्ध - 08:36 पी एम तक, करणः तैतिल - 05:45 ए एम तक, द्वितीय करणः गर - 06:58 पी एम तक, सूर्य राशिः मिथुन, चन्द्र राशिः तुला, राहुकालः 08:57 ए एम से 10:41 ए एम, गुलिक कालः 05:28 ए एम से 07:13 ए एम, यमगण्डः 02:10 पी एम से 03:54 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:58 ए एम से 12:54 पी एम, दुर्मुहूर्तः 05:28 ए एम से 06:24 ए एम, दुर्मुहूर्तः 06:24 ए एम से 07:20 ए एम, अमृत कालः 09:57 ए एम से 11:45 ए एम, वर्ज्यः 02:07 ए एम, जुलाई 06 से 03:54 ए एम, जुलाई 06

## भविष्य फल



**मेषः** आपको अपना अतिरिक्त समय अपने शौक पूरे करने या उन कामों को करने में लगाना चाहिए, जिन्हें करने में आपको सबसे ज्यादा मजा आता है। रियल एस्टेट सम्बन्धी निवेश आपको अच्छा-खासा मुनाफा देंगे।

**वृषः** कई योजनाएं समय से पूरी हो जायेंगी। परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ी सफलता मिलेगी।

**मिथुनः** जीवनसाथी से आपका भावनात्मक लगाव बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा व बेरोजगारों को नौकरी के अच्छे अवसर मिलेंगे।

**कर्कः** खुद को ज्यादा आशावादी बनने के लिए प्रेरित करें। आर्थिक तौर पर सुधार तय है। संपत्ति को लेकर विवाद खड़े हो सकते हैं।

**सिंहः** सभी काम मन-मुताबिक पूरे हो सकते हैं। आज आपको थोड़ी बेचैनी हो सकती है। एक तरफा सोच आपको परेशानी में डाल सकती है।

**कन्याः** आज पारिवारिक स्तर पर खुशियों में बढ़ोत्तरी होगी। मनोरंजन हेतु आप परिवार के साथ लंबी दूरी की यात्रा पर भी जा सकते हैं।

**तुलाः** कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आप ऐसे स्रोत से धन अर्जित कर सकते हैं, जिसके बारे में आपने पहले सोचा तक न हो।

**वृश्चिकः** अधूरे काम पूरे हो जायेंगे। खुद को सही साबित करने का अच्छा दिन है। कुछ नए मौके आपको मिल सकते हैं।

**धनुः** आपकी बौद्धिक क्षमता में वृद्धि होगी। आप जो चाहते हैं उसके बारे में स्पष्ट रहें। किसी और को अपना भाग्य निर्धारित करने के बजाए नियंत्रण लें।

**मकरः** ध्यान और योग न केवल आध्यात्मिक तौर पर, बल्कि शारीरिक तौर पर भी आपके लिए फायदेमन्द साबित होंगे।

**कुंभः** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज आपका स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। दाम्पत्य संबंध मधुर होंगे।

**मीन :** यदि आपने किसी को पैसा उधार दिया है, तो वह पैसा आज आपको वापस मिल सकता है। आपके लव पार्टनर आपसे नाखुश रहेंगे और आपस में बहस भी हो सकती हैं ।

# मुख्य कारखाना अभियंता कर्मचारियों की समस्याओं पर दिया आश्वासन



अर्थ प्रकाश/जग्गी

कालका। नई दिल्ली बड़ौदा हाउस से आए एस.के. रावत सी.डब्लू.ई. (एन.डी.एल.एस.) मुख्य कारखाना अभियंता शैलेंद्र कुमार रावत जी को ओबीसी संगठन उत्तर रेलवे ने कारखाना कालका के कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के संबंध में ज्ञापन सौंपा। कारखाना कालका आगमन पर ओबीसी संगठन के सहायक महामंत्री संजीव कुमार जी ने मुख्य अभियंता श्री रावत का सिरोपा पहनाकर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष शशांक, उपाध्यक्ष घनश्याम यादव एवं कोषाध्यक्ष तेजबीर सिंह जी डिप्टी महोदय श्याम बाबू एवं निर्माण प्रबंधन हरदेव सिंह जी भी उपस्थित रहे।

ज्ञापन में कर्मचारियों से संबंधित अनेक समस्याएं मुख्य अभियंता के समक्ष रखी गई, जिनमें रेलवे अस्पताल में सुविधाओं की कमी, कारखाने में हेल्पर और क्लर्कों की कमी, बारिश के मौसम में रेलवे आवासों की खराब हालत, तथा आई.ओ.डब्लू. कालका में स्टाफ की कमी प्रमुख हैं। विशेष रूप से आई.ओ.डब्लू. कालका में सेवानिवृत्त हुए या शीघ्र सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की जगह जल्द भरने की मांग की गई, ताकि रेलवे आवासों की समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

मुख्य कारखाना अभियंता श्री रावत ने सभी समस्याओं को ध्यान से सुना और आश्वासन दिया कि वे शीघ्र ही सभी समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई करेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कर्मचारियों की महत्वपूर्ण मांग के अनुसार जल्द ही हेल्पर पदों की भर्ती भी सुनिश्चित की जाएगी। इस प्रकार कर्मचारियों को राहत देने हेतु आश्वस्त करते हुए श्री रावत ने कारखाना कालका के विकास एवं कर्मचारियों की भलाई के लिए सहयोग का भरोसा दिलाया।

# वित्तीय योजनाओं के लिए संतृप्ति अभियान 30 सितंबर तक चलाया जाएगा: सुशील सारवान

अभियान के दौरान केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उठाया जा सकेगा

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** जिला उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि वित्तीय योजनाओं के लिए संतृप्ति अभियान 30 सितंबर तक चलाया जाएगा। जिसके अंतर्गत गांव में कैंप लगाकर ई केवाईसी द्वारा खातों को अपडेट किया जाएगा। जिसके अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के खातों को दोबारा चालू करके सरकारी योजनाओं से जुड़ने के लिए जागृत किया जाएगा। अग्रणी जिला प्रबंधक गांवो में कैंप की व्यवस्था को सुव्यवस्थित रूप से सफल बनाने के दायित्व का निर्वाह करेंगे। इसके अंतर्गत केंद्र व राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं के बारे में आम जन को जागृत किया जाएगा। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसवाई) प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजबीवाई) अटल पेंशन योजना (एपीवाई)। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई)-यह योजना वर्ष 2015 में सभी को बीमा पॉलिसी के साथ-साथ वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए शुरू की गई थी। 18 से 70 वर्ष की आयु के लोगों को कवर किया गया हैं। इस योजना में हर साल 20 रुपये जमा करने होंगें। खाताधारक की दुर्घटनावश मृत्यु होने पर नामिती को 2 लाख रुपये मिलेंगे।

सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसवाइ)- 22 जनवरी 2015 को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सुकन्या समृद्धि योजना की शुरुआत की । यह योजना बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत शुरू की गई थी। प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाइ)-15 अगस्त 2014 को भारत सरकार ने प्रधानमंत्री जन धन योजना की शुरुआत की। यह योजना देश के सभी परिवारों को ज़रूरत के हिसाब से ऋण, धन प्रेषण, पेंशन, बीमा और बुनियादी बचत बैंक खातों जैसे वित्तीय समाधानों तक आसान पहुँच प्रदान करती है। अभियान के दौरान पीएमजेडीवाई योजना के दोबारा केवाईसी वेरीफिकेशन की जाएगी। इस योजना के बंद हुए खातों को दोबारा चालू किया जाएगा।

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई)- यह योजना 8 अप्रैल 2015 को भारत सरकार द्वारा गैर-कृषि और गैर-कॉर्पोरेट संस्थाओं को ऋण प्रदान करने के लिए शुरू की गई थी। इस योजना के तहत सूक्ष्म और लघु उद्यमों को 10 लाख रुपये से कम का असुरक्षित ऋ्रण प्रदान किया जाता है।

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) यह वित्तीय योजना 9 मई, 2015 को शुरू की गई थी। यह एक नवीकरणीय बीमा योजना है जो 2 लाख रुपये का जीवन बीमा कवरेज प्रदान करती है। अटल पेंशन योजना (एपीवाई) यह स्वैच्छिक वित्तीय योजना 2015 में असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को रिटायर होने के बाद नियमित आय प्राप्त करने में मदद करने के लिए शुरू की गई थी। पेंशन फंड विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) इस योजना के सभी संचालन को संभालता है।

इन योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए सभी सरकारी व प्राइवेट बैंकों के प्रबंधक, आरआरबी व नाबार्ड के अध्यक्ष, सभी प्राइवेट व सरकारी इंश्योरेंस कंपनी, सीईओ इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक, व अग्रणी जिला प्रबंधक आपसी सहयोग से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के प्रति आमजन को जागृत करने के लिए इस अभियान को सफल बनाएंगे।

### उद्योग पैडी स्ट्रॉ सप्लाई चैन स्थापित करने के लिए 15 तक करे आवेदन

उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत उद्योगों के लिए पैडी स्ट्रॉ सप्लाई चैन को स्थापित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक किसान 15 जुलाई तक विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सप्लाई चैन की स्थापना करने का मुख्य उद्देश्य एक्स-सीटू फसल अवशेषों का प्रबंधन करना है। इसके साथ ही बड़ी मात्रा में फसल अवशेषों को एकत्रित एवं भंडारण करने के लिए बुनियादी ढांचे की स्थापना, बेलिंग, परिवहन और हैंडलिंग के सभी आधुनिक उपकरण आदि इस योजना के अंतर्गत शामिल होंगे। धान के भूसे का उपयोग विभिन्न उद्योगों जैसे बायोमास, बिजली उत्पादन इकाइयां, थर्मल पावर प्लांट में बायोमास सह-फायरिंग, बायो-सीएनजी, जैव इथेनॉल, आदि में कर सकते है, इससे किसानों के लिए और ग्रामीण क्षेत्रो में रोजगार के अवसर बढेंगे। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ पवन शर्मा ने बताया कि सोनीपत जिले में मौजूद उद्योग 25 किलोमीटर के दायरे में किसान/किसानों के समूह/ग्रामीण उद्यमियों/किसानों की सहकारी समितियों/एफपीओ और पंचायत को एग्रीगेटर के रूप में या फिर नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा आवंटित क्लस्टर की पहचान करेगा। उद्योग व एग्री गेटर दोनों द्विपक्षीय सहमति से परियोजना का बकाया 35 प्रतिशत (25 प्रतिशत उद्योग+10 प्रतिशतएग्री गेटर) योगदान करके पोर्टल पर आवेदन कर सकता है। इसके अतिरिक्त केवल एग्रीगेटर भी 65 प्रतिशत अनुदान से अतिरिक्त बकाया 35 प्रतिशत अकेला लगाकर भी आवेदन कर सकता है और इस स्कीम में आवेदन कर्ता को दोनों विकल्पों में बैंक लोन लेना अनिवार्य है ।

# लंबित जनशिकायतों के समाधान में लाएं तेजी: डीसी विक्रम सिंह




अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार के मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ समाधान शिविर, सीएम विंडो, जन-संवाद तथा एसएमजीटी पोर्टल पर लंबित शिकायतों की स्थिति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी जिला उपायुक्त अपने-अपने जिलों में समाधान शिविरों, सीएम विंडो, जन-संवाद तथा एसएमजीटी पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों का शीघ्र, पारदर्शी व संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करें। अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि सभी विभागों के प्रतिनिधि समाधान शिविरों में दर्ज शिकायतों की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करें तथा उनकी वर्तमान स्थिति से संबंधित जानकारी समयबद्ध रूप से साझा करें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उपरांत उपायुक्त (डीसी) विक्रम सिंह ने अधिकारियों की बैठक में समाधान शिविर, सीएम विंडो, जनसंवाद और एसएमजीटी पोर्टल की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी सप्ताह तक लंबे समय से लंबित शिकायतों का संतोषजनक समाधान नहीं किया गया, तो जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिए संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनहित नायब सरकार की प्राथमिकता है। ऐसे में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा शिकायतों की नियमित समीक्षा भी की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन शिकायतों के शीघ्र निस्तारण में ढिलाई किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी। डीसी ने कहा कि सही तरीके से दर्ज और निस्तारित शिकायतें न केवल पारदर्शिता को बढ़ावा देंगी, बल्कि बार-बार एक ही शिकायत के खुलने की समस्या भी कम होगी। बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए डीसी ने कहा कि बिना पूर्व सूचना के गैरहाजिर रहने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक उत्तरदायी, संवेदनशील और पारदर्शी बनाने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें तथा इस दायित्व को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

# जूनियर रेडक्रॉस/यूथ रेडक्रॉस यूनिट्स, युवा पीढ़ी को मानव सेवा से जोड़ने का प्रयास : उपायुक्त

उपायुक्त ने रेडक्रॉस के माध्यम से युवा पीढ़ी को मानव सेवा से जोड़ने के प्रयासों की सराहना की



अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू, 4 जुलाई।** उपायुक्त कुल्लू, तोरुल एस. रवीश की अध्यक्षता में शुक्रवार को जूनियर रेडक्रॉस/यूथ रेडक्रॉस सब-कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने रेडक्रॉस के माध्यम से युवा पीढ़ी को मानव सेवा से जोड़ने के प्रयासों की सराहना की। उपायुक्त ने कहा कि जिले के सभी शिक्षण संस्थानों में जूनियर रेडक्रॉस एवं यूथ रेडक्रॉस यूनिट्स का गठन किया जाना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक बच्चों और युवाओं को इससे जोड़ा जा सके। इससे न केवल उनमें सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित होती है, बल्कि वे आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा और मानवीय सहायता जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति भी जागरूक होते हैं।

उन्होंने कहा कि जूनियर रेडक्रॉस/यूथ रेडक्रॉस यूनिटों का गठन प्रकिया को अधिक प्रभावी रूप से करने की आवश्यकता है और इसके लिये सामूहिक प्रयास करने की जरूरत है। उपायुक्त ने जूनियर रेडक्रॉस/यूथ रेडक्रॉस सब-कमेटी का एक पोर्टल बनाने का सुझाव दिया, जिससे इसकी सारी गतिविधियों को शामिल किया जा सके।

बैठक में ज़िला स्तर पर बुक बैंक और जूनियर रेडक्रॉस/यूथ रेडक्रॉस यूनिटों यूनिट की रैंकिंग के आधार पर पुरस्कार प्रणाली लागू करने पर भी चर्चा की गई। बैठक के दौरान यह जानकारी दी गई कि वर्तमान में जिला कुल्लू में कुल 47 जूनियर रेडक्रॉस/यूथ रेडक्रॉस यूनिट्स कार्यरत हैं, जो विद्यालयों और महाविद्यालयों में सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं।

उपायुक्त कुल्लू, तोरुल एस. रवीश की अध्यक्षता में शुक्रवार को जूनियर रेडक्रॉस/यूथ रेडक्रॉस सब-कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।

### बैठक में जिला के अन्य 60 विद्यालयों व 4 महाविद्यालयों में भी जूनियर रेडक्रॉस/यूथ रेड क्रॉस यूनिट बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया

बैठक में जिला के अन्य 60 विद्यालयों और 4 महाविद्यालयों में भी जूनियर रेड क्रॉस/यूथ रेड क्रॉस यूनिट बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। बैठक में प्रस्तावित वार्षिक कार्य योजना पर भी चर्चा की गई जिसमें यूनिट गठन इनके लिए ऑरिएंटेशन कार्यक्रम में परामर्शदाताओं के लिए रेडक्रॉस के सिद्धांत, दिशा-निर्देशों का पालन, वित्तीय प्रबंधन, रिपोर्टिंग, व फीडबैक पर आधारित सत्र आयोजित किए जाएंगे। सेंट जॉन एम्बुलेंस के सहयोग से प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण और जिला स्तरीय रेडक्रॉस/यूथ रेडक्रॉस यूनिट कैंप के आयोजन पर चर्चा की गयी। बैठक में जूनियर रेडक्रॉस/यूथ रेडक्रॉस यूनिट्स के लिए वार्षिक कार्यक्रमों में रेड क्रॉस की बुनियादी जानकारी देना, रेड क्रॉस दिवस मनाना, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर जागरूकता, नशा निवारण पर जागरूकता, सड़क सुरक्षा एवं शिष्टाचार पर जागरूकता, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम, स्वास्थ्य जांच शिविर और आपदा प्रबंधन एवं रोकथाम तय किये गए।

# कसौली इंटरनेशनल स्कूल के तीन निशानेबाजों का राष्ट्रीय ओपन शूटिंग चैंपियनशिप के लिए चयन

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 4 जुलाई।** कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, सनवारा के तीन विद्यार्थियों ने देहरादून में आयोजित इंडिया ओपन एनआर इवेंट्स शूटिंग प्रतियोगिता में अपनी लक्ष्य साधने की असाधारण क्षमता, मानसिक संतुलन और आत्मविश्वास का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय तथा समूचे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। तीनों विद्यार्थियों ने अपने शानदार स्कोर के दम पर राष्ट्रीय स्तर की ओपन ऑल इंडिया शूटिंग चैंपियनशिप में प्रवेश सुनिश्चित किया है।

कक्षा ग्यारह के छात्र अंश कौशल ने दस मीटर एयर राइफल युवा पुरुष वर्ग में अद्वितीय प्रदर्शन करते हुए 378/400 अंक अर्जित किए। उनका संयम, मज़बूत फोकस और बेजोड़ निशाना इस बात का प्रमाण है कि वे भविष्य के एक उभरते हुए अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज़ हैं।

कक्षा सात के छात्र लक्ष्य कौशल ने उपयुवा पुरुष वर्ग में 376/400 अंक प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया कि उम्र प्रतिभा की सीमा नहीं होती। इतनी कम आयु में इतना सधा हुआ प्रदर्शन उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और आत्मनियंत्रण का प्रतिफल है।

कक्षा दस की छात्रा प्रियांशी अरोड़ा ने महिला वर्ग में 378/400 अंक अर्जित कर उत्कृष्टता का परिचय दिया। उनकी लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता और मानसिक दृढ़ता उन्हें भविष्य की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी बनने की दिशा में अग्रसर कर रही है। प्रबंध निदेशक हीरा ठाकुर, प्रधानाचार्य राजीव गुलेरिया तथा उपप्रधानाचार्या पूनम ठाकुर ने इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि, इन बच्चों ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो, मार्गदर्शन सशक्त हो और मन में जीतने की ललक हो – तो सफलता सिर झुकाकर आपका स्वागत करती है।

# उपभोक्ता विद्युत बकाया बिलों का शीघ्र करें भुगतान

## स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को ऑनलाइन मिलेगी बिल

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 4 जुलाई।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड ने सोलन के विद्युत उपमण्डल नम्बर 01 के उन उपभोक्ताओं से अपने विद्युत बकाया बिलों का शीघ्र भुगतान करने का आग्रह किया है जिन्होंने अभी तक अपने बिल जमा नहीं करवाए हैं। यह जानकारी सोलन विद्युत उपमण्डल नम्बर 01 के सहायक अभियंता ने दी।

उन्होंने कहा कि ऐसे उपभोक्ताओं को नोटिस जारी कर दिए गए हैं जिन्होंने अभी तक अपने विद्युत बिल जमा नहीं करवाए हैं। उन्होंने कहा कि भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति काट दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लग गए हैं, को बिलिंग कर्मचारी द्वारा प्रिंटेड बिल नहीं दिया जाएगा। ऐसे उपभोक्ताओं को अपना बिल HPSEB bill payment app के माध्यम से देखकर डाउनलोड कर भुगतान करना होगा। यह ऐप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है।

उन्होंने कहा कि बिल का भुगतान HPSEB bill payment app विद्युत बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट, जी पे, भीम एप और पेटीएम के माध्यम से किया जा सकता है।

सहायक अभियंता ने कहा कि अधिक जानकारी के लिए विद्युत बोर्ड के सर्कुलर रोड स्थित कार्यालय में तथा कार्यालय नम्बर 01792-223611 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# सोलन को टी.बी. मुक्त बनाने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक : उपायुक्त

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 4 जुलाई।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि ज़िला सोलन को टी.बी. मुक्त बनाने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। मनमोहन शर्मा गत दिवस स्वास्थ्य अधिकारियों व उद्योग संघों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मनमोहन शर्मा ने कहा कि ज़िला सोलन को टी.बी. मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों व उद्योगों का आपसी समन्वय के साथ कार्य करना आवश्यक है ताकि अधिक से अधिक लोगों को टी.बी. रोग के बारे में जागरूक किया जा सका। उपायुक्त ने कहा कि उद्योगों को निक्षय मित्र के रूप में पंजीकरण करवाना चाहिए ताकि टीबी रोगियों को पोषण, निदान व व्यावसायिक सहायता मिल सके। उन्होंने कहा कि उद्योगों के कर्मचारियों की टी.बी. जांच करवाना तथा शीघ्र रोग का पता चलने से सही समय पर उपचार आरम्भ किया जा सकता है। इससे जहां टी.बी. रोग की रोकथाम में सहायता मिलेगी वहीं कार्यस्थल का वातावरण सौहार्द भी बनेगा।

उन्होंने अधिकारियों को टी.बी. जागरूकता और रोकथाम का समर्थन करने के लिए सीएसआर के माध्यम से सामुदायिक पहुंच बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में टी.बी. रोग के लक्षणों, जांच व उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर ज़िला टी.बी. अधिकारी डॉ. गगनदीप राज हंस, केन्द्रीय टी.बी. डिवीजन टीम की डॉ. भवानी सिंह कुशवाह, निक्षय मित्र अभियान के राष्ट्रीय सलाहकार डॉ. धर्मा राव सहित ज़िला के प्रमुख उद्योगों और औद्योगिक संघ उपस्थित थे।

# एचपीएसईबी के नवनियुक्त अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से भेंट की



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 4 जुलाई।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के नव नियुक्त अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने आज यहां मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री का उन्हें यह महत्त्वपूर्ण दायित्व सौंपने के लिए आभार व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि वे मुख्यमंत्री और प्रदेश के लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे।

मुख्यमंत्री ने उन्हें इस जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान, विधायक संजय अवस्थी, और पूर्व विधायक सोहन लाल ठाकुर भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# सरकार ने हिमकेयर कार्ड की पंजीकरण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया, त्रैमासिक आधार पर कार्ड बनाए जाएंगे

5.80 लाख से अधिक लाभार्थियों को हिमकेयर लाभ प्रदान किए गए

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 4 जुलाई।** राज्य सरकार ने दिसंबर, 2022 में सत्ता में आने के बाद से हिमकेयर योजना के तहत हिमाचल प्रदेश के 5.80 लाख से अधिक लाभार्थियों को लगभग 810 करोड़ रुपये का लाभ प्रदान किया है। हिमकेयर योजना को अधिक सशक्त बनाने तथा हिमकेयर कार्ड बनाने की प्रक्रिया को सरल और सुव्यवस्थित करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, राज्य सरकार ने यह कार्ड प्रत्येक वर्ष तिमाही आधार पर बनाने का निर्णय लिया है। इन कार्डों की वैधता एक वर्ष होगी और कार्ड के लिए आवेदन करने के लिए पोर्टल हर तीन महीने बाद खोला जाएगा। पोर्टल प्रत्येक वर्ष मार्च, जून, सितंबर और दिसंबर में एक-एक महीने के लिए खुला रहेगा।

स्वास्थ्य विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा कि नई व्यवस्था जुलाई, 2025 के पश्चात लागू होगी तथा जुलाई माह के दौरान यह पोर्टल पंजीकरण के लिए खुला है। जुलाई के बाद मार्च, जून, सितंबर और दिसंबर की पहली तारीख को पोर्टल खुलेगा और पूरे माह खुला रहेगा। हालांकि हिमकेयर कार्ड धारक पूरे वर्ष में कभी भी नवीनीकरण करवा सकेंगे। यदि लाभार्थी समय पर कार्ड का नवीनीकरण करवाने में विफल रहता है और उसका कार्ड समाप्त हो जाता है, तो नई नीति के तहत समाप्त हो चुके कार्ड का नवीनीकरण तिमाही आधार पर मार्च, जून, सितंबर और दिसंबर में किया जाएगा।

प्रवक्ता ने कहा कि इस निर्णय का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों के चयन को सुनिश्चित करने और लोगों को निर्बाध, मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्रदान करना है।

हिमकेयर कार्ड बीपीएल, मनरेगा, रेहड़ी-फड़ी वालों, अनाथ और जेल कैदियों सहित विभिन्न वर्गों के लिए मुफ्त बनाए जाते हैं। इस कार्ड के लिए एकल महिलाओं, अनुबंध और आउटसोर्स कर्मचारियों, 40 प्रतिशत और इससे अधिक दिव्यांगजनों, मिड डे मील वर्करों, अंशकालिक श्रमिकों और दैनिक वेतन भोगियों से 365 रुपये का मामूली शुल्क लिया जाता है। शेष पात्र वर्गों से 1,000 रुपये का शुल्क लिया जाता है।

प्रदेश में 5.26 लाख हिमकेयर कार्ड धारक परिवार हैं और इस कार्ड के अंतर्गत एक परिवार के अधिकतम पांच सदस्यों को शामिल किया जाता है। हिमकेयर योजना के तहत कुल 3,227 बीमारियों का मुफ्त इलाज किया जाता है। प्रदेश सरकार के 136 स्वास्थ्य संस्थानों के साथ-साथ पीजीआई चंडीगढ़, सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल चंडीगढ़ और होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर (टाटा मेमोरियल सेंटर) चंडीगढ़ में हिमकेयर लाभार्थियों को मुफ्त इलाज उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, राज्य में कार्यरत सभी निजी संस्थानों में हिमकेयर योजना के तहत डायलिसिस सेवाएं निःशुल्क दी जा रही हैं।

# सेना के शौर्य पर सवाल उठाकर मंत्री जगत नेगी ने की राष्ट्रविरोध की हदें पार : राकेश जम्वाल

## क्या मंत्री महोदय भूल गए कि वे भारत सरकार के अंतर्गत एक राज्य सरकार में मंत्री हैं, न कि पाकिस्तान के प्रचार मंत्री

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 4 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने कांग्रेस सरकार के मंत्री जगत नेगी द्वारा भारतीय सेना और प्रधानमंत्री मोदी व केंद्र सरकार के खिलाफ दिए गए बयान की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि मंत्री जगत नेगी अपने मानसिक संतुलन खो चुके हैं और उन्हें जल्द से जल्द किसी अच्छे मनोवैज्ञानिक से परामर्श लेना चाहिए। उनका बयान न केवल देश विरोधी है, बल्कि सेना का घोर अपमान भी है।

जगत नेगी ने कहा है कि मोदी सरकार 'ऑपरेशन सिन्दूर' को भारत की जीत बताकर जनता को गुमराह कर रही है, जबकि पाकिस्तान ने मात्र दो दिन में भारत की सीमाएं तोड़ दीं, और लोगों को मार दिया और हमारे जहाजों को गिरा दिया। राकेश जमवाल ने इस बयान को पाकिस्तान की भाषा बताते हुए कहा कि यह फर्जी, भ्रामक और तथ्यहीन है।

उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिन्दूर' भारत की रणनीतिक और सैन्य विजय का प्रतीक है। यह भारत की सेना के पराक्रम, संकल्प और संप्रभुता की रक्षा में असाधारण साहस का परिचायक है। लेकिन कांग्रेस के मंत्री को न तो देश के शौर्य की परवाह है और न ही सत्य की कद्र। जब भी जगत नेगी जैसे नेता बोलते हैं, उनके शब्दों में या तो मोदी सरकार के प्रति घृणा झलकती है या देश की सुरक्षा को कमतर दिखाने की कोशिश।

राकेश जमवाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश जैसी वीरभूमि, जहां का हर घर सेना से जुड़ा है, वहां का एक मंत्री सेना पर सवाल उठा रहा है – यह पूरे प्रदेश का अपमान है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू इस बयान से सहमत हैं? अगर नहीं, तो जगत नेगी को तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाए। यदि मुख्यमंत्री मौन रहते हैं, तो यह माना जाएगा कि वे भी सेना विरोधी मानसिकता से सहमत हैं।

राकेश जमवाल ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सेना ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने पराक्रम का लोहा मनवाया है। सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और अब ऑपरेशन सिन्दूर ने यह सिद्ध किया है कि भारत अब सिर्फ प्रतिक्रिया नहीं देता, बल्कि जवाब देना जानता है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के डीएनए में ही राष्ट्रविरोध घुसा हुआ है – पहले राहुल गांधी विदेशों में जाकर भारत को बदनाम करते हैं, अब उनके नेता देश के अंदर सेना को ही नीचा दिखाने पर आमादा हैं। राकेश जमवाल ने कहा कि हिमाचल की जनता ऐसे मंत्री को माफ नहीं करेगी। या तो मुख्यमंत्री सुकखु मंत्री जगत नेगी को हटाये या वो इस राष्ट्रविरोधी सोच व ब्यान के लिए सेना से माफी मांगे।

# सेब उत्पादकों के लिए राहत की खबर, मोदी सरकार का ऐतिहासिक निर्णय!

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 4 जुलाई।** हिमाचल प्रदेश समेत देशभर के सेब उत्पादकों के लिए केंद्र सरकार की ओर से एक बड़ी राहत की घोषणा की गई है। मोदी सरकार ने बागवानों के हित में ऐतिहासिक और निर्णायक कदम उठाते हुए सेब आयात पर न्यूनतम आयात मूल्य (एमआईपी) 50 से बढ़ाकर 80 रुपये प्रति किलो कर दिया है। यह निर्णय 3 जून 2025 को केंद्रीय कृषि मंत्री की मंजूरी के पश्चात लागू हुआ है।

यह जानकारी भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता चेतन सिंह बरागटा ने आज शिमला में आयोजित एक प्रैस वार्ता में दी। उन्होंने इसे मोदी सरकार की किसान-बागवान हितैषी सोच और मजबूत इच्छाशक्ति का परिचायक बताया।

बरागटा ने कहा कि इस निर्णय से न केवल विदेशी सेबों की अंधाधुंध घुसपैठ पर रोक लगेगी, बल्कि स्थानीय सेब उत्पादकों को उचित मूल्य मिलने का मार्ग भी प्रशस्त होगा। उन्होंने इसे एक दूरदर्शी और साहसिक फैसला करार दिया, जो देश के बागवानों के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

उन्होंने याद दिलाया कि 2023 में मोदी सरकार ने पहली बार सेब के लिए एमआईपी 50 रुपये प्रति किलो निर्धारित किया था, जो कि अपने आप में एक ऐतिहासिक पहल थी। इससे पहले किसी भी सरकार ने इस तरह की नीति नहीं अपनाई थी।

चेतन बरागटा ने गर्व के साथ बताया कि वर्ष 2018 से अब तक चीन से एक भी किलो सेब का आयात भारत में नहीं हुआ है। यह मोदी सरकार की स्पष्ट और सख्त नीतियों का परिणाम है, जिसने आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता देते हुए स्थानीय बागवानी को मजबूती प्रदान की है।

उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा कि जब केंद्र सरकार किसानों के लिए इतने बड़े निर्णय ले रही है, तो हिमाचल प्रदेश की सरकार ने अब तक बागवानों के लिए क्या ठोस कदम उठाए हैं?

# नगर परिषद घुमारवीं, नैना देवी व नगर पंचायत तलाई के वार्डों का अंतिम परिसीमन आदेश जारी : डीसी

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा



**शाहतलाई, 4 जुलाई।** हिमाचल प्रदेश नगरपालिका निर्वाचन नियम, 2015 के तहत नगर परिषद घुमारवीं, नगर परिषद नैना देवी तथा नगर पंचायत तलाई के वार्डों का अंतिम परिसीमन आदेश जारी कर दिया गया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने बताया कि राज्य चुनाव आयुक्त, हिमाचल प्रदेश के निर्देशों के अनुपालन में, नियम 6(1) के अंतर्गत अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 2 जून, 2025 को एक नोटिस (फॉर्म-1) जारी किया गया था, जिसके माध्यम से इन तीनों नगरीय निकायों के वार्डों के परिसीमन के संबंध में आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित किए गए थे।

उपायुक्त ने बताया कि उक्त नोटिस के अनुसार नागरिकों को सात दिन का समय प्रदान किया गया था ताकि वे परिसीमन प्रस्ताव पर अपनी आपत्तियां अथवा सुझाव प्रस्तुत कर सकें। निर्धारित अवधि के दौरान इस कार्यालय में एक सुझाव प्राप्त हुआ था, जिसे कार्यालय आदेश संख्या बीएलएस-एलएफए-9(8)/2025 दिनांक 16 जून, 2025 के माध्यम से निपटा दिया गया है। इसके अतिरिक्त, नगर परिषद श्री नैना देवी जी और नगर पंचायत तलाई से कोई अन्य आपत्ति या सुझाव प्राप्त नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि प्राप्त सुझावों पर विधिवत विचार करने के पश्चात तथा हिमाचल प्रदेश नगरपालिका निर्वाचन नियम, 2015 के नियम 8 में निहित प्रावधानों के अनुरूप इन तीनों नगरीय निकायों के वार्डों का अंतिम परिसीमन आदेश पारित किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार नगर परिषद घुमारवीं में अब कुल 9 वार्ड होंगे, जिनके नाम हैं–बडडु (वार्ड-1), इन्दिरा (वार्ड-2), अम्बेदकर (वार्ड-3), कल्याणा (वार्ड-4), हारकुकार (वार्ड-5), जगदम्बा (वार्ड-6), बजोहा (वार्ड-7), टिक्करी (वार्ड-8) तथा दकड़ी (वार्ड-9)। इसी प्रकार, नगर परिषद श्री नैना देवी जी में 7 वार्ड अधिसूचित किए गए हैं, जिनके नाम हैं–देवी वार्ड (वार्ड-1), तारा वार्ड (वार्ड-2), कालिका वार्ड (वार्ड-3), दुर्गा वार्ड (वार्ड-4), शीतला वार्ड (वार्ड-5), शक्ति वार्ड (वार्ड-6) तथा अम्बिका वार्ड (वार्ड-7)।

वहीं, नगर पंचायत तलाई में कुल 7 वार्ड अधिसूचित किए गए हैं, जिनके नाम हैं–घटी वाली सथ (वार्ड-1), ऊपर वाली सथ (वार्ड-2), निचली सथ (वार्ड-3), तलाई बाजार (वार्ड-4), बडयाह (वार्ड-5), गरनाझाड़ी (वार्ड-6) तथा सेऊ (वार्ड-7)।

उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि यह परिसीमन आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

### रामपुर बैली ब्रिज 6 से 9 जुलाई तक रहेगा बंद, यातायात चंद्र लोक कॉलोनी से ऊना ब्रिज तक डायवर्ट

**ऊना, 4 जुलाई (अप्रस)।** ऊना-संतोषगढ़ रोड पर स्थित रामपुर अस्थायी बैली ब्रिज (आरडी 1/760) मरम्मत कार्य के चलते 6 से 9 जुलाई (चार दिनों) तक यातायात की आवाजाही के लिए बंद रहेगा।

लोक निर्माण विभाग ऊना के अधिशाषी अभियंता कुलदीप सिंह ने बताया कि ब्रिज की मरम्मत हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग ऊना और विभाग के मैकेनिकल सब-डिवीजन ऊना के संयुक्त समन्वय से की जाएगी।

कुलदीप सिंह ने बताया कि मरम्मत कार्य के दौरान यातायात को चंद्र लोक कॉलोनी से ऊना ब्रिज तक वैकल्पिक मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा ताकि लोगों को असुविधा न हो।

# सराज कोर्ट परिसर में भरा मलबा, बार रूम क्षतिग्रस्त, वकीलों को लाखों का नुकसान





अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा

**गोहर 4 जुलाई।** गत 30 जून को आई जल प्रलय ने थुनाग बाजार के साथ साथ कोर्ट परिसर में भी भारी मचाई है। बाढ़ के मलबे ने सराज कोर्ट परिसर को छह फीट कीचड़ और रेतीली गाद से पाट दिया, जिससे जज चैंबर और बार एसोसिएशन सराज का बार रूम पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मलबे के साथ बहकर आई लकड़ियों ने बार रूम की दीवारों को तोड़ डाला, जिससे लाइब्रेरी की किताबें, फर्नीचर, टीवी और महत्वपूर्ण रिकॉर्ड सैलाब में बह गए। अधिवक्ता हुकुम सिंह ठाकुर, कुलदीप ठाकुर, दिव्यांशु ठाकुर, मोनिका ठाकुर, नरेश ठाकुर, यादवेन्द्र ठाकुर, ललित ठाकुर, महेंद्र कुमार, मुरारी लाल और हेम सिंह ठाकुर के निजी कार्यालय भी पूरी तरह नष्ट हो गए। उनकी फाइलें और रिकॉर्ड बहने से वकीलों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हेम सिंह ठाकुर ने बताया कि बार रूम, लाइब्रेरी और फर्नीचर समेत करीब छह से सात लाख रुपये की क्षति हुई है। वकीलों के नुकसान का आकलन जारी है। परिसर के समीप टाइपिस्ट विशन देव उर्फ़ विंट्स के कंप्यूटर और फोटोस्टेट मशीनें भी बह गई हैं।

### सितंबर तक स्थगित हुआ सर्किट कोर्ट

मिली पुख्ता जानकारी के अनुसार आपदा के बाद थुनाग में प्रत्येक माह के तीसरे सप्ताह लगने वाला सर्किट कोर्ट दो महीने के लिए स्थगित होने की संभावना है। मानसून के दौरान जुलाई और अगस्त में सर्किट कोर्ट नहीं लगेगा। थुनाग के आवश्यक मामले सितंबर तक गोहर कोर्ट में दायर किए जा सकेंगे।

# अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों में महिला चौपाल बनाई जाएगी: अनिल विज

- नारायणगढ़ रोड पर स्थित अम्बाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों को अम्बाला छावनी फीडर से बिजली आपूर्ति होगी
- गांव गरनाला में निर्धारित बिजली शिकायत केंद्र जल्द ही संचालित किया जाएगा
- श्री विज ने जनसमस्याओं को सुन अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों में महिला चौपाल बनाई जाएगी। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि नारायणगढ़ रोड पर स्थित अम्बाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों को अम्बाला छावनी फीडर से बिजली आपूर्ति होगी, जोकि अब अम्बाला छावनी के बब्याल सब स्टेशन से जुड़ेंगे। बिजली शिकायत से संबंधित लोगों की सुविधा हेतु गांव गरनाला में पहले से ही निर्धारित बिजली शिकायत केंद्र जल्द ही संचालित किया जाएगा।

श्री विज आज अंबाला छावनी में जनसमस्याएं सुनने के दौरान पंजोखरा साहिब व अन्य गांव से आए लोगों को यह जानकारी दे रहे थे।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि लोगों को बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नारायणगढ़ रोड पर अम्बाला छावनी विधानसभा के सभी गांवों में बिजली आपूर्ति अम्बाला छावनी सब स्टेशन से की जाएगी। उन्होंने बताया कि लोगों की बिजली की समस्याओं के निवारण के लिए गांव गरनाला में नया शिकायत केंद्र स्थापित किया जा रहा है, जहां लोग अपनी शिकायतें दर्ज करवा सकेंगे तथा यह शिकायत केंद्र जल्द ही संचालित होगा।

इस दौरान पंजोखरा साहिब व अन्य गांवों से आए लोगों ने ऊर्जा मंत्री अनिल विज को बिजली से जुड़ी समस्या से अवगत कराया जिसे हल करने के निर्देश मंत्री अनिल विज ने मौके पर मौजूद बिजली अधिकारियों को दिए।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि अम्बाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों में महिला चौपाल बनाई जाएगी जहां महिलाएं एक साथ बैठ गतिविधियां कर सकेंगी। उन्होंने बताया कि महिला चौपाल एक प्रकार से महिला सांस्कृतिक केंद्र होगा जहां वह बैठकर भजन, कीर्तन व अन्य कार्य महिलाएं कर पाएंगी। इसके लिए हर चौपाल में हारमोनियम, ढोलक व अन्य सामग्री भी उपलब्ध कराई जाएगी।

श्री विज ने आज अंबाला में अपने आवास पर अम्बाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए। हिम्मतपुरा व अन्य स्थानों से आए लोगों ने शिकायत दी कि उन्हें एक स्थान पर विशेष धर्म की फिल्म दिखाकर धर्म परिवर्तन की कोशिश की गई। श्री विज ने इस मामले में पड़ाव थाना पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी तरह, गणेश विहार से आई महिला ने बिजली कर्मियों व अन्य लोगों द्वारा उसे अपशब्द कहे जाने की शिकायत दी जिस पर मंत्री अनिल विज ने महेशनगर थाना पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए।

इसी प्रकार, मच्छौंडा निवासियों ने ट्रांसफार्मर की क्षमता ब?ाने की मांग कि जिस पर मंत्री अनिल विज ने मौके पर ही मौजूद बिजली अधिकारियों को तुरंत इस कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, अन्य शिकायतों पर भी मंत्री अनिल विज ने संबंधित विभाग के कार्रवाई को निर्देश दिए।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज के आवास पर आज नवगठित सैनी सभा अम्बाला छावनी के पदधिकारियों ने उनसे मुलाकात करते हुए उन्हें सम्मानित किया। सभा पदाधिकारियों ने बताया कि सभा का कुछ दिन पहले ही पंजीकरण हुआ है। सभा सदस्यों ने मंत्री विज से आर्शीवाद लिया। इस अवसर पर सभा से फकीरचंद सैनी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सिविल अस्पताल में सफाई के लिए आई नई इलेक्ट्रिक मशीनें

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी के सिविल अस्पताल में सफाई के लिए नई इलेक्ट्रिक मशीनें आ चुकी है जिनसे अस्पताल में दिन में तीन से चार बार सफाई की जाएगी। इसके अलावा, आपरेशन थेयटर में सफाई के लिए अलग से एक नई मशीन लाई जा रही है जोकि आने वाले एक-दो दिन में उपलब्ध हो जाएगी। वहीं, अस्पताल की लैब को अपग्रेड करने के लिए स्वास्थ्य मंत्री को उनके द्वारा पत्र लिखा गया है ताकि हर मरीज का टेस्ट सुनिश्चित हो सकें। श्री विज आज मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे। नई इलेक्ट्रिक मशीनों के आने के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह बहुत ही खूबसूरत बात है कि अब सिविल अस्पताल में इलैक्ट्रिक र्स्कब मशीनों के साथ सफाई की जाएगी। इस संबंध में उनके द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि इन मशीनों के माध्यम से दिन में तीन से चार बार सफाई होनी चाहिए। उन्होंने स्मरण करवाते हुए कहा कि जब मैं स्वास्थ्य मंत्री बना था तो उस समय ओपीडी 300 से कम थी, जो अब बढकर 3000 से ज्यादा हो गई है। इसके अलावा, यहां पर रोजाना 1500 टैस्ट अस्पताल की लैब में किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां की लैब को अपग्रेड करने के लिए उनके द्वारा स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखा गया है ताकि प्रत्येक मरीज के टेस्ट की रिपोर्ट रोजाना उपलब्ध हो सकें।

## कावड़ यात्रा के लिए पुलिस इत्यादि के किए गए पुख्ता प्रबंध

- लोग काफी श्रद्धा भावना के साथ कावड यात्रा में शामिल होते हैं- अनिल विज
- अंबाला से मुलाना तक महिलाओं के लिए अलग से बस चलाने के निर्देश दिए- विज




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ, 4 जुलाई।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि कावड यात्रा के संबंध में हमारी सरकार ने पूरा ध्यान रखा हुआ है और इसके लिए पुलिस इत्यादि का प्रबंध किया गया है ताकि कावंडी सकुशल अपने गंतव्य तक पहुंचे।

श्री विज आज मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे।

कावड यात्रा व कांवडियों के लिए परिवहन विभाग की ओर से किए जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि लोग काफी श्रद्धा भावना के साथ कावड यात्रा में शामिल होते हैं क्योंकि यह हमारी धार्मिक प्रक्रियाओं का साधन है और लोगों की आस्था भी है।

उन्होंने कहा कि हिन्दूस्तान भावना प्रधान देश है और इसमें लोगों की भावना है, इसलिए इस देश में किसी का कोई भी धर्म हो, उसमें कोई भी विघन न हो, इसके लिए हर सरकार का दायित्व है।

अंबाला से मुलाना तक चलाई जाने वाली महिलाओं के लिए बस के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अंबाला से मुलाना काफी संख्या में लोगों का आवागमन रहता है और इनमें महिलाओं की संख्या बहुत ही ज्यादा होती है। इसलिए महिलाओं के लिए एक अलग से बस चलाने की मांग हो रही थी जिसके लिए उनके द्वारा आदेश दिए गए हैं कि इस बस का शुरू कर दिया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत विकास परिषद ने किया पौधारोपण



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** भारत विकास परिषद कैथल शाखा द्वारा हुडा सेक्टर 20 स्थित रोटरी क्लब पार्क में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम उठाते हुए पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण को हरा भरा बनाए रखने एवं समाज में हरियाली के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। सतपाल भारद्वाज सचिव भारत विकास परिषद कैथल ने बताया कि यह कार्यक्रम सिर्फ पौधे लगाने का नहीं बल्कि आने वाली पीढि?ों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण देने का संकल्प है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजकुमार मित्तल, हरीश चावला, डॉक्टर रमेश, नरेश गुप्ता, संजय गोयल, सतपाल धीमान, डॉक्टर रामेश्वर धीमान, रवि दत्त शर्मा, महावीर गर्ग, राजकुमार जिंदल, ईशा गोयल एवं अर्चना भारती, साहिल गोयल उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक राजकुमार जिंदल ने किया और डॉक्टर रमेश पापनेजा का विशेष सहयोग रहा। सभी सदस्यों ने मिलकर विभिन्न प्रकार के छायादार व औषधीय पौधों का रोपण किया और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना की और भविष्य में ऐसे आयोजनों में सक्रिय रूप से भाग लेने की इच्छा जताई।

### गायों को गुड़ व चारा खिलाकर मनाया वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र का जन्मदिन

**करनाल (शैलेंद्र जैन)।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र के जन्मदिन को कार्यकर्ताओं ने गौ सेवा के रूप में मनाया। उनको जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित करने के लिए कार्यकर्ताओ ने श्री कृष्ण गौशाला में गायो को गुड़ व हरा चारा खिलाकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। भाजपा नेता सतीश कश्यप के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गौशाला में केक काटकर उनके कार्यकाल में चलाये सफल स्वच्छता अभियान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इससे पहले गौशाला में पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। मिशन उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र ने कार्यकर्ताओं के साथ गायों को केला व गुड़ खिलाकर गौ सेवा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गाय में 33 करोड़ देवी देवता निवास करते हैं। उनकी सेवा से हमें लाखों यज्ञों का पुण्य मिलता है। उन्होंने लोगों को गौ सेवा से जुडऩे के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गौ सेवा हर सेवा से बढ?र है । संपूर्ण पृथ्वी का धर्म व संस्कृति गौ सेवा पर आधारित मानी गई है।

## देरी से एएनसी रजिस्ट्रेशन करवाने वाली करीब 150 गर्भवती महिलाओं को नोटिस जारी

- एडीसी ने जिला स्तरीय सलाहकार समिति की ली बैठक, लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए ठोस कदम उठाने के दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 4 जुलाई।** एडीसी सोनू भट्ट ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या एक जघन्य अपराध है। इस अपराध में संलिप्त लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा न जाए, दोषी को सजा अवश्य मिले। इसके लिए अधिकारियों को कहा कि पैरवी बेहतरीन तरीके से की जाए। एडीसी लघु सचिवालय के सभागार में प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण अधिनियम (पीएनडीटी एक्ट)के तहत गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक में बोल रहे थे। एडीसी ने कहा कि लिंग परीक्षण करवाना और करना दोनों कानूनी तौर पर अपराध हैं, ऐसे व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखें और सख्त कार्रवाई करें। कन्या भ्रूण हत्या एक सामाजिक बुराई है और इसे जड़ से खत्म करने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिए कि लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं और अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर रेड बढ़ाएं तथा औचक निरीक्षण कर उनके रिकॉर्ड की जांच करें। उन्होंने कहा कि गांवों के सरपंचों और ग्राम सचिवों से तालमेल करके समय-समय पर बैठक करें। बैठक में सीएमओ डॉ पूनम चौधरी ने बताया कि पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रावधानों और नियमों के उल्लंघन करने पर 5 वर्ष तक की सजा एवं 10 हजार रुपये तक का जुर्माने का प्रावधान है तथा नियमों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ गुप्त सूचना देने वाले को एक लाख रुपये तक का इनाम देने का भी एक्ट में प्रावधान किया गया है। सीएमओ ने बताया कि आशा वर्कर्स के माध्यम से ऐसी गर्भवती महिलाओं पर विशेष नजर रखी जाती है जिनके पास पहले से एक या दो बेटियां हैं। उन्होंने बताया कि जिला करनाल की पीएनडीटी टीम द्वारा 46 रेड की गई तथा जिला में देरी से एएनसी रजिस्ट्रेशन करवाने वाली करीब 150 गर्भवती महिलाओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इस अवसर पर जिला न्यायवादी डॉ पंकज, सिविल सर्जन डॉ पूनम चौधरी, पीसीपीएनडीटी एक्ट की नोडल अधिकारी डॉ शीनू चौधरी, सीडीपीओ डॉ राजबाला मोर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सहायक प्रवेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जलभराव की समस्या से निपटने के लिए बराड़ा नगर पालिका चेयरमैन रजत मलिक ने एसटीपी प्लांट को 24 घंटे

अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा



**अम्बाला/बराड़ा।** जलभराव की गंभीर चुनौती को देखते हुए, बराड़ा नगर पालिका के गतिशील चेयरमैन रजत मलिक ने आज एक व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर की जल निकासी और सीवरेज प्रबंधन प्रणाली की जमीनी हकीकत का आकलन करना था। इस दौरान, उन्होंने विशेष रूप से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) को 24 घंटे लगातार संचालित करने के तत्काल और कड़े निर्देश दिए, क्योंकि बारिश होने के कारण ऊपर से खेतों के रस्ते बराड़ा में बारिश का पानी लगातार आ रहा है। सीटीपी प्लांट का 24 घंटे चलना शहर को जलभराव से मुक्ति दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

गौरतलब है कि रजत मलिक ने पहले ही नालों की सफाई का टेंडर कर सभी वार्डों में नालों की सफाई करवा दी थी।

आज के निरीक्षण दौरे की शुरुआत श्री मलिक ने बराड़ा के मुख्य नालों और सीवरेज लाइनों के गहन अवलोकन से की। इस महत्वपूर्ण दौरे में उनके साथ वार्ड नंबर 1 के पार्षद श्री पवन कुमार और वार्ड नंबर 16 के पार्षद श्री गुरजिंदर भी उपस्थित रहे, जो स्थानीय समस्याओं के समाधान के प्रति नगर पालिका के सामूहिक संकल्प को दर्शाता है।

निरीक्षण के दौरान, चेयरमैन मलिक ने मुख्य नाले का व्यक्तिगत रूप से मुआयना किया, जहां उन्होंने तत्काल प्रभाव से जेसीबी मशीनें लगाकर नालों की सफाई का कार्य शुरू करवाया। यह त्वरित कार्रवाई जल निकासी मार्गों को अवरोधों से मुक्त करने और पानी के सुगम प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए नगर पालिका की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

इसके उपरांत रजत मलिक नगर पालिका स्टाफ और पार्षदों के साथ सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) पहुंचे। एसटीपी में उन्होंने सीवरेज के गंदे पानी को किस प्रकार वैज्ञानिक तरीके से प्रोसेस करके आगे भेजा जाता है, इस पूरी प्रक्रिया को बारीकी से समझा और उसका निरीक्षण किया।

## नशीली दवाओं के दुरुपयोग के विरुद्ध केंद्र सरकार की नई पहल: 'मानस-1933' हेल्पलाइन नंबर शुरू

- डीसी विक्रम सिंह ने की अपील: नशा रोकने के लिए आगे आएं, 1933 पर दें जानकारी

अर्थ प्रकाश/दयराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद, 4 जुलाई।** उपायुक्त (डीसी) विक्रम सिंह ने बताया कि 'नशा मुक्त भारत 2047' अभियान के तहत केंद्र सरकार द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग और नार्कोटिक्स तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण हेतु एक अहम कदम उठाया गया है। इस दिशा में गृह मंत्रालय द्वारा नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन ङ्क मानस (ख्रंह्रस्) ङ्क 1933 की शुरुआत की गई है। यह हेल्पलाइन नंबर 24×7 सक्रिय रहेगा और नागरिकों को किसी भी समय नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों की जानकारी साझा करने की सुविधा देगा।

डीसी ने बताया कि विशेष बात यह है कि सूचना देने वाले व्यक्तियों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी, जिससे लोग बिना किसी डर या संकोच के नशीली दवाओं के अवैध व्यापार से जुड़ी जानकारी साझा कर सकें। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल समाज में व्याप्त नशे की प्रवृत्ति को नियंत्रित करने में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि इससे युवाओं को भी इस बुराई से बचाने में बल मिलेगा। केंद्र सरकार का उद्देश्य वर्ष 2047 तक भारत को पूरी तरह से नशा मुक्त बनाना है और इस दिशा में जन-सहयोग को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**नशा रोकने के लिए आगे आएं, 1933 पर दें जानकारी:** डीसी विक्रम सिंह ने सभी नागरिकों से अपील की है कि यदि उन्हें किसी प्रकार की नशीली दवाओं के व्यापार, तस्करी या दुरुपयोग की जानकारी हो, तो वे हेल्पलाइन नंबर 1933 पर तुरंत सूचित करें।

## अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला में लगाए जा रहे है ऑक्सीजन के पौधे

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** मौसम के अनुसार पौधारोपण तो कई जगह किया जाता है लेकिन समय के अनुसार ऐसे पौधे लगाने चाहिए जिन से अधिक ऑक्सीजन मिले। जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में सभी बरामदों के आगे, कमरों के आगे और खुले मैदान में 125 पौधे सहित गमले लगाए गए हैं। इस संबंध में संस्था के प्रधान डा. कृष्ण श्योकंद ने बताया कि ऑक्सीजन मानव जीवन का आधार है। जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र ने इस विषय में भी अपना योगदान देते हुए 125 औषधीय पौधे, फूलों वाले पौधे और वास्तु शास्त्र के अनुसार पौधे रखवाए गए हैं। जिससे वातावरण को शुद्ध रखा जा सके। संस्था समय-समय पर जिला प्रशासन कुरुक्षेत्र, जिला रेड क्रॉस सोसाइटी कुरुक्षेत्र, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड व अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर जनहित कार्य करती आ रही है।

## दलितों को जोड़ने के लिए यमुनानगर में भाजपा करेगी हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान समारोह

- केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के मीडिया सलाहकार 12 जिलों में कर चुके सम्मेलन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल के मुख्य मीडिया सलाहकार सुदेश कटारिया ने राज्य के 12 जिलों में दलित सम्मेलन करने के बाद अब समाज के प्रमुख वर्ग और तबकों के साथ संवाद कार्यक्रम आरंभ कर दिए हैं। इसकी शुरुआत शनिवार को नंबरदारों के मिलन समारोह से होगी। सुदेश कटारिया यमुनानगर जिले के बिलासपुर खंड के गांव सबीलपुर में शनिवार को नंबरदारों के साथ संवाद करेंगे। राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन तथा उन्हें जनता के बीच पहुंचाने में नंबरदारों की अहम भूमिका होती है।

हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के तहत सुदेश कटारिया ने राज्य के 12 जिलों में दलित सम्मेलनों का आयोजन कर लिया है। राज्य के बाकी बचे 10 जिलों में भी यह सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों की पूरी रिपोर्ट केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को प्रेषित की जा रही है। राज्य में करीब 22 प्रतिशत दलित मतदाता हैं। उन्हें पार्टी के साथ जोड़ने में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित दलित सम्मेलन कारगर होने का दावा किया जा रहा है। सबीलपुर में नंबरदारों के सम्मेलन के बाद अगले दिन छह जुलाई रविवार को कपालमोचन में दलित समाज के मेधावी बच्चों का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

कपाल मोचन के गुरु रविदास मंदिर स्थित डेरा बाबा लालदास में दलित समाज के छात्र सम्मान समारोह के दौरान सत्संग कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें समाज के लोग संत रविदास की सेवाओं और कृपा को याद करेंगे। सुदेश कटारिया ने बताया कि यह आयोजन दलित समाज का गौरव बढ़ाने के साथ केंद्र व राज्य की भाजपा सरकारों द्वारा दलित कल्याण के लिए किए गए कार्यो की जानकारी देने में उपयोगी बन रहे हैं।

## ग्रामीण युवाओं को सशक्त बनाने के लिए ग्राम पंचायत छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद, 4 जुलाई।** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के तहत संचालित समुदाय कौशल विकास कॉलेज (सीसीएसडी) द्वारा 2025-26 सत्र के लिए 'ग्राम पंचायत छात्रवृत्ति योजना' की शुरुआत की गई है। यह योजना ग्रामीण युवाओं को कौशल-आधारित शिक्षा के बराबर अवसर देकर सशक्त करने के लक्ष्य से शुरू की गई है।

इस छात्र-केंद्रित योजना के तहत, कालेज द्वारा चलाये जा रहे बी.वोक, डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले युवाओं को प्रत्येक कोर्स के लिए अधिकतम पांच छात्र तक शत प्रतिशत ट्यूशन फीस माफी दी जाएगी, जिसके लिए संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच की सिफारिश आवश्यक होगी।


विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे ग्रामीण युवाओं को कौशल विकास के ज्यादा अवसर प्राप्त होंगे और उनकी रोजगार योग्यता बढ़ेगी। कम्युनिटी कालेज के प्रिंसिपल प्रो. संजीव गोयल ने बताया कि यह योजना समावेशी शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो ग्रामीण युवाओं को उज्जवल भविष्य के लिए तैयार करेगी। यह योजना मुख्यतः आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए है, जिसमें पात्र छात्रों के पास वैध ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र एवं परिवार पहचान पत्र होना चाहिए और उसकी वार्षिक आय 6 लाख रुपये से कम होनी चाहिए। इच्छुक युवा दस्तावेजों और सरपंच की सिफारिश के साथ विश्वविद्यालय के कम्युनिटी कालेज में अपना आवेदन जमा करवा सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नम्बर 9729158922 पर संपर्क किया जा सकता है।

## जन सहयोग संस्था जरूरतमंदों के सहयोग में सदा मार्गदर्शन करती है: रमेश अरोड़ा

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अमित)।** जन सहयोग संस्था जरूरतमंदों के सहयोग में सदा मार्गदर्शन करती है। यही कारण है कि बड़ी संख्या में लोग जन सहयोग संस्था से जुड़ रहे हैं। एलएनजेपी सरकारी अस्पताल कुरुक्षेत्र में अपने पिता जी स्मृति में सेवा करने पहुंचे रमेश अरोड़ा ने कहा कि नगर की सुप्रसिद्ध जन सहयोग संस्था सेवा के क्षेत्र में रक्त उपलब्ध करवाने के साथ साथ दिन प्रतिदिन नए-नए आयाम छू रही है। जन-जन को जन सेवा के लिए जागृत कर रही है। इसी कड़ी में रमेश अरोड़ा ने पिता जी की स्मृति में अस्पताल में दाखिल मरीजों और उनके सहायकों के लिए जूस की सेवा दी। जन सहयोग कुरुक्षेत्र संस्था के संस्थापक मास्टर जितेंद्र जीतू ने कहा कि सक्षम लोगों को सेवा के लिए संस्था ने एक प्लेटफार्म दिया है।

## अब फैसला करेगी आरोपियों की किस्मत का रिपोर्ट

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 4 जुलाई।** करनाल के कुंजपुरा स्थित खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के सरकारी गोदाम में 40 क्विंटल गेहूं की गड़बड़ी सामने आई है। डीएफएससी की टीम द्वारा की गई जांच में यह स्टॉक कम पाया गया है। टीम ने मंगलवार को रिपोर्ट तैयार कर ली है जिसे आज चंडीगढ़ हेडक्वार्टर भेजा जाएगा। वहां से आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। बता दें कि इस गोदाम को लेकर लंबे समय से अनियमितताओं की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद विभाग ने जांच शुरू की थी। मंत्री के दौरे के बाद जांच में आई तेजी बीते शुक्रवार को हरियाणा के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने इस गोदाम का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के समय गोदाम की चाबी मौके पर नहीं थी, जिससे मंत्री नाराज हो गए थे और एक बार लौट गए थे। हालांकि कुछ समय बाद वे दोबारा गोदाम पर पहुंचे और खुद मौजूद रहकर कट्टों की गिनती व वजन जांच के आदेश दिए। वीडियोग्राफी अनिवार्य करने के निर्देश दिए थे और गोदाम इंचार्ज अशोक शर्मा को मौके पर ही सस्पेंड कर दिया था।पूर्व में भी घोटालों से जुड़ा रहा है गोदाम कुंजपुरा का यह गोदाम पहले भी विवादों में रह चुका है। शिकायतकर्ता विकास शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी शिकायत में गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था कि गोदाम में हजारों गेहूं के कट्टे अधूरे हैं, सिलाई ठीक नहीं है, वजन मानकों से कम है और अनुमानित 4400 कट्टे कम निकल सकते हैं। उन्होंने इस घोटाले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की थी। जिस अशाक रामा का इस बार सस्पड किया गया ह, उन पर पहले भी रिश्वतखोरी के आरोप लग चुके हैं। वह करीब दो महीने जेल भी जा चुके हैं। बावजूद इसके, उन्हें फिर से उसी गोदाम पर तैनात कर दिया गया था। अब एक बार फिर उनके खिलाफ गेहूं स्टॉक में गड़बड़ी के आरोप सामने आए हैं। डीएफएससी ने दी जानकारी जांच टीम के प्रभारी और डीएफएससी अनिल कुमार ने बताया कि कुंजपुरा गोदाम में स्टॉक की चेकिंग पहले से चल रही थी। मंत्री राजेश नागर की विजिट के समय तक एक स्टैग की जांच हो चुकी थी। मंत्री जी के निर्देशों के बाद दो अन्य स्टैग की जांच की गई, जिसमें 40 क्विंटल गेहूं कम पाया गया। इसकी पूरी रिपोर्ट बनाकर टीम ने जमा कर दी है जिसे अब चंडीगढ़ मुख्यालय भेजा जाएगा। वहीं से अगला एक्शन तय होगा। अब निगाहें हेडक्वार्टर की कार्रवाई पर जांच की रिपोर्ट बनकर तैयार है और चंडीगढ़ हैडक्वार्टर भेजी जा चुकी है। अब निगाहें हेडक्वार्टर से होने वाली कार्रवाई पर टिकी हैं। मंत्री के आदेश के बाद अब इस मामले में कई और नामों की जांच की जा सकती है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि अगला कदम अब उच्च स्तर से ही लिया जाएगा।

# पंचकूला में तैयार हो रहा इको सेंसटिव जोन का मास्टर प्लान

## वन और वन्यजीव विभाग खोल रायतन, बीर शिकारगाह और हरियाणा की ओर सुखना वन्यजीव अभयारण्य के आसपास का हिस्सा होगा इको सेंसटिव जोन

विभाग ने जीपीएस मॉनिटरिंग के लिए एजेंसी हायर की

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला, 4 जुलाई।** वन और वन्यजीव विभाग पंचकूला खोल रायतन वन्यजीव अभयारण्य, बीर शिकारगाह वन्यजीव अभयारण्य और हरियाणा की ओर सुखना वन्यजीव अभयारण्य के आसपास का हिस्सा इको सेंसटिव जोन (ईएसजेड) बनाने के लिए मास्टर प्लान तैयार कर रहा है। योजना के तहत, जीपीएस मॉनिटरिंग के आधार पर ईएसजेड सीमा की मैपिंग होगी। इसके लिए भूमि उपयोग, वन क्षेत्र, जल निकायों, कृषि प्रथाओं, पर्यटन बुनियादी ढांचे और बस्तियों का आधारभूत सर्वेक्षण भी किया जाएगा। बिगड़े क्षेत्रों की बहाली, जल संसाधनों और जैव विविधता, जल संरक्षण, इकोटूरिज्म को बढ़ावा देने, टिकाऊ आजीविका विकल्प, निर्माण और औद्योगिक गतिविधियों के विनियमन, प्रदूषण नियंत्रण और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। इसके अलावा, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और राज्य के दिशा-निर्देशों के अनुरूप क्षेत्रीय उप-योजनाओं जैसे, पर्यटन, अपशिष्ट, परिवहन, वन की तैयारी भी शामिल की जाएगी। वन्यजीव विभाग इस काम के लिए एक एजेंसी को नियुक्त कर रहा है।

### एमओईएफसीसी ने 2016 से शुरू किया क्षेत्रों को अधिसूचित

वन्यजीव विभाग, पंचकूला संभाग के अनुसार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) ने 24 अक्टूबर, 2016 को खोल रायतन वन्यजीव अभ्यारण्य के आसपास ईएसजेड को अधिसूचित किया था। यह अभ्यारण्य शिवालिक पहाड़ियों के अंतर्गत आता है। अभ्यारण्य की सीमा के आसपास ईएसजेड शून्य से 925 मीटर तक है, जिसमें लगभग 1320 हेक्टेयर क्षेत्र शामिल है। मंत्रालय ने 23 नवंबर, 2016 को पंचकूला के बीर शिकारगाह वन्यजीव अभ्यारण्य के आसपास ईएसजेड को अधिसूचित किया। यह अभ्यारण्य पंचकूला में समुद्र तल से लगभग 400 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। उक्त वन्यजीव अभ्यारण्य शिवालिक पहाड़ियों के अंतर्गत आता है। यह घग्गर नदी के जलग्रहण क्षेत्र का हिस्सा है, जो कुछ गांवों और वन क्षेत्रों से घिरा हुआ है। यहां मौसमी नदी कौशल्या हिमालय क्षेत्र से निकलती है और अभयारण्य से होकर गुजरती है, तथा उक्त वन्यजीव अभयारण्य का पूरा क्षेत्र मिट्टी और खाद के संचय से बना है। बीर शिकारगाह वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के आसपास पारिस्थितिकी संवेदनशील क्षेत्र शून्य से 2310 मीटर तक भिन्न है, तथा ईएसजेड के अंतर्गत आने वाला कुल क्षेत्र लगभग 1131 हेक्टेयर है।

### 1.0 किलोमीटर तक फैला सुखना वन्यजीव अभयारण्य

पारिस्थितिकी संवेदनशील क्षेत्र आम तौर पर हरियाणा की ओर सुखना वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से 1.0 किमी तक फैला हुआ है। इसे उत्तरी तरफ आरक्षित वन में 2.0 किलोमीटर तक बढ़ाया गया है। पूर्वी तरफ, पारिस्थितिकी संवेदनशील क्षेत्र की सीमा ज्यादातर 1.0 किलोमीटर है, जो आरक्षित वन की सीमा के साथ चलती है; इसे आरक्षित वन की सीमा के साथ सह–सीमा बनाने के लिए दक्षिण–पूर्वी तरफ बढ़ाया गया है, और पारिस्थितिकी संवेदनशील क्षेत्र का कुल क्षेत्रफल 24.60 वर्ग किलोमीटर है। राज्य सरकार को विभिन्न विभागों और स्थानीय हितधारकों के परामर्श से ईएसजेड के लिए एक जेडएमपी तैयार करने का अधिकार है।

### दस गांव पहले ही इको सेंसटिव जोन अधिसूचित

मंत्रालय ने 11 नवंबर, 2024 को हरियाणा राज्य में सुखना वन्यजीव अभयारण्य (हरियाणा की ओर) के आसपास ईएसजेड को भी अधिसूचित किया। प्रेमपुरा, सोखोमाजरी, दमाला, लोहगढ़, मानकपुर ठाकरदास, सूरजपुर, चंडीमंदिर कोटला, दर्रा खरौनी, रामपुर, सकेतरी और महादेवपुर नाम के दस गांव प्रस्तावित ईएसजेड के भीतर आते हैं। प्रस्तावित कुल क्षेत्रफल 6078.98 एकड़ (2460.07 हेक्टेयर) होगा। प्रस्तावित इको–सेंसिटिव ज़ोन में आने वाले दस गाँवों में से दो गाँव, सकेत्री और प्रेमपुरा, सुखना वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से 700 मीटर के दायरे में आते हैं। जबकि सकेत्री गांव के घर सुखना वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के साथ स्थित हैं, वहीं प्रेमपुरा गांव की बस्ती सुखना वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से 300 मीटर से 700 मीटर की दूरी पर है।

# ईएसआई अस्पताल राम दरबार की चिकित्सा सुविधाओं में सुधार की मांग

**चंडीगढ़, 4 जुलाई (अप्रस)।** चंडीगढ़ के रामदरबार स्थित ईएसआई अस्पताल में चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर बनाने की मांग ने जोर पकड़ लिया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मेडिकल सेल के संयोजक प्रिंस भादुला ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर इस दिशा में तत्काल कदम उठाने की अपील की है। प्रिंस भादुला ने अपने पत्र में अस्पताल की बदहाल स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह अस्पताल औद्योगिक क्षेत्र के हजारों श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए एकमात्र सुलभ स्वास्थ्य केंद्र है लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी और आधुनिक सुविधाओं के अभाव के कारण मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि अस्पताल में एम.डी. मेडिसिन, ईएनटी, रेडियोलॉजिस्ट, स्त्री रोग विशेषज्ञ और मानसिक रोग विशेषज्ञ जैसे विशेषज्ञों की तत्काल नियुक्ति की जाए, ताकि मरीजों को समय पर उचित इलाज मिल सके। साथ ही कहा कि ईएसआई अस्पताल को मेडिकल कॉलेज में परिवर्तित किया जाए, जिससे क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो। अस्पताल को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के तहत शामिल किया जाए, ताकि गरीब और जरूरतमंद परिवारों को मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध हो सके। प्रिंस भादुला ने कहा कि राम दरबार का ईएसआई अस्पताल श्रमिकों के लिए जीवन रेखा है, लेकिन सुविधाओं की कमी इसे कमजोर बना रही है। हम चाहते हैं कि सरकार इस दिशा में त्वरित कदम उठाए, ताकि आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जो हमेशा से जनकल्याण को प्राथमिकता देते रहे हैं, इस मांग पर गंभीरता से विचार करेंगे और शीघ्र ही सकारात्मक कदम उठाएंगे।

# डीसी ने अधिकारियों व ठेकेदार को लगाई फटकार



एक अवैध निर्माण को दिए तोड़ने के आदेश, अवैध निर्माणकर्ताओं खिलाफ लिया जाएगा एक्शन

सुखना चो व विकार कार्यों में तेजी लाने के दिए आदेश

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 4 जुलाई।** शुक्रवार को डीसी मोहाली ने शहर का दौरा किया और चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। धीमी गति से चल रहे कामों को लेकर अधिकारियों व ठेकेदार को फटकार लगाते डीसी मोहाली ने कामों को जल्दी निपटाने के आदेश दिए। डीसी मोहाली द्वारा सबसे पहले वीआईपी रोड़ का दौरा किया गया और बरसाती पानी की निकासी के लिए डाली जा रही पाइप लाइन और इंटरलॉकिंग टाइल्स को लेकर ठेकेदार से बात करते हुए कहा की टाइल्स वर्क की क्वालिटी को लेकर किसी तरह का कोई समझौता नहीं किया जाएगा और यदि ऐसा हुआ तो ठेकेदार के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। इसके इलावा वीआईपी रोड़ पर सील की हुई बिल्डिंगों मालिकों को काम बंद रखने के आदेश दिए और एक बिल्डिंग में किए अवैध निर्माण को तोड़ने के आदेश दिए। इस दौरान डीसी मोहाली ने यह भी कहा के यदि निर्माणकर्ता आदेशों के अनुसार अपनी अवैध बिल्डिंग खुद नहीं तोड़ता तो नगर परिषद उसकी बिल्डिंग को तोड़ने की कार्रवाई करेगी। वहीं इस दौरान डीसी मोहाली कोमल मित्तल द्वारा शहर निवासियों से अपील की के वह नक्शे के उलट बिलकुल भी निर्माण कार्य ना करें और शहर को सुंदर बनाने में सहयोग करें। हैरानी की बात यह है के डीसी मोहाली के वीआईपी रोड़ पर पहुंचने से पहले ही कई अवैध निर्माणकर्ताओं ने काम बंद कर दिया था। जो की बिना किसी डर के धड़ल्ले से काम कर रहे थे। जबकि उनको डीसी मोहाली के आने की सुचना तक नहीं थी। जिस पर रोष जाहिर करते हुए स्थानीय लोगों ने सवाल उठाते हुए कहा की यह सब नगर परिषद के अधिकारियों की मिलीभगत का नतीजा है। जिस पर डीसी मोहाली को ध्यान देने की गुहार भी लगाई। क्योंकि वीआईपी रोड़ पर बन रहे अवैध निर्माण कई कई बार शिकयतें देने के बाद भी बंद नहीं होते थे, वह डीसी मोहाली के आने की सुचना मिलते ही बंद कर दिए गए, जिस तरफ डीसी मोहाली को ध्यान देने की स्थानीय निवासियों ने गुहार लगाई।

# 5 लाख रुपए की ग्रांट से बापूधाम में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों का सांसद मनीष तिवारी ने किया उद्घाटन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** बापू धाम कॉलोनी के निवासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, चंडीगढ़ के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी ने अपने संसदीय कोटे से जारी फंड से क्षेत्र में लगाए गए 51 सीसीटीवी कैमरों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर चंडीगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष एच.एस. लक्की और कई अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे। इस अवसर पर सांसद तिवारी ने कहा कि वह लोकसभा क्षेत्र के निवासियों की सुरक्षा और उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाने को सबसे महत्वपूर्ण मानते हैं इसलिए जरूरत के आधार पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे और अन्य विकास कार्यों के लिए फंड जारी किए जा रहे हैं। इसके तहत उन्होंने अपने संसदीय कोटे से यहां सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए 5 लाख रुपए की ग्रांट दी है, जिससे बापू धाम कॉलोनी के निवासियों की सुरक्षा में मदद मिलेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर के विकास के लिए फंड की कमी नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर एच.एस. लक्की ने शहर के विकास के लिए सांसद मनीष तिवारी द्वारा किए जा रहे प्रयासों के लिए का आभार जताया। उन्होंने कहा कि विकास केवल बातों से नहीं, बल्कि काम से होता है, जिसे सांसद तिवारी ने सिद्ध कर दिखाया है। इस दौरान अन्यों के अलावा, सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी, डिप्टी मेयर तरुणा मेहता, राजीव मोदगिल, हरमेल केसरी, कृष्ण प्रधान, कृष्णन कुमार लारा, राजदीप सिद्धू जिला कांग्रेस प्रधान, सुमन लता वैद, रानो देवी, मोहम्मद सुलेमान, अमृत लाल काला, येकी कालिया, दाऊद अहमद, हाजी यमस, आशु वैद, अजय शर्मा, वसीम मीर, मोहम्मद इमरान भी मौजूद थे।




अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)